स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

कानपुर, मंगलवार
22 अप्रैल, 2025
वैशाख मास कृष्ण पक्ष 9
सं. 2082 वि.
वर्ष 36, अंक -240 पृष्ठ 12
संस्करण : महानगर

मूल्य : 3 रुपये | epaper : epaper.swatantrabharat.net | web portal : swatantrabharat.net



अमेरिकी उपराष्ट्रपति वेंस गए दिल्ली के अक्षरधाम - पेज 12

# ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस नहीं रहे

## 88 साल की उम्र में वेटिकन में निधन | फेफड़ों और किडनी में था गंभीर संक्रमण | शोक में डूबे डेढ़ अरब कैथोलिक ईसाई



**वेटिकन।** कैथोलिक ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस का 88 साल की उम्र में निधन हो गया। वेटिकन के मुताबिक स्थानीय समयानुसार आज सुबह 7 बजकर 35 मिनट पर पोप ने आखिरी सांस ली। पोप फ्रांसिस इतिहास के पहले लैटिन अमेरिकी पोप थे। पिछले कई महीनों से वह स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे। उन्हें 14 फरवरी को रोम के जेमेली अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनका निमोनिया और एनीमिया का इलाज भी चल रहा था। वे 5 हफ्ते तक फेफड़ों में इन्फेक्शन के चलते अस्पताल में भर्ती थे।

इलाज के दौरान कैथलिक चर्च के हेडक्वॉर्टर वेटिकन ने बताया था कि पोप की ब्लड टेस्ट रिपोर्ट में किडनी फेल होने के लक्षण दिख रहे थे। हालांकि 14 मार्च को उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया था।

पोप फ्रांसिस 1300 साल में पहले गैर-यूरोपीय थे, जिन्हें पोप चुना गया था। पोप फ्रांसिस ने समलैंगिक व्यक्तियों के चर्च आने, सेम-सेक्स कपल्स को आशीर्वाद देने, पुनर्विवाह को धार्मिक मंजूरी देने जैसे बड़े फैसले लिए। उन्होंने चर्चों में बच्चों के यौन शोषण पर माफी भी मांगी थी। विशेष बात है कि ईस्टर संडे पर ही पोप फ्रांसिस ने लोगों को संबोधित किया था। उस दौरान उन्होंने विचारों की आजादी और सहिष्णुता पर बात की थी। पोप फ्रांसिस ने लोगों को ईस्टर की शुभकामनाएं देते हुए कहा था, भाइयो और बहनों, ईस्टर की शुभकामनाएं! उनकी आवाज पहले की तुलना में अधिक प्रभावशाली प्रतीत हो रही थी। पोप फ्रांसिस ने पियाजा में ईस्टर की प्रार्थना में हिस्सा नहीं लिया बल्कि इसे सेंट पीटर्स बेसिलिका के सेवानिवृत्त कार्डिनल एंजेलो कोमास्ट्री को सौंप दिया। लेकिन प्रार्थना समाप्त होने के बाद, फ्रांसिस बेसिलिका के प्रवेश द्वार के ऊपर स्थित लॉजिया बालकनी पर दिखाई दिए। नीचे मौजूद हजारों लोगों ने खुशी का इजहार किया, जब सैन्य बैंड ने होली सी और इतालवी राष्ट्रगान की धुन बजाई। फ्रांसिस ने बालकनी से हाथ हिलाया और फिर एक सहयोगी से अपना भाषण पढ़ने को कहा। पोप फ्रांसिस पहले लैटिन अमेरिकी धर्मगुरू थे, जो पोप के पद पर पहुंचे। उन्हें साल 2013 में पोप की उपाधि मिली थी। बतौर पोप अपने 12 साल के कार्यकाल में पोप फ्रांसिस ने वेटिकन सिटी में कई अहम प्रशासनिक बदलाव किए।

### पोप फ्रांसिस के बड़े फैसले

पोप फ्रांसिस ने चार ऐसे बड़े फैसले लिए थे जो वेटिकन के साथ ईसाई समुदाय के लोगों के लिए भी नई राह दिखाने वाले साबित हुए।

**समलैंगिक व्यक्तियों के चर्च आने पर :** पद संभालने के 4 महीने बाद ही पोप से समलैंगिकता के मुद्दे पर सवाल किया गया था। इस पर उन्होंने कहा, 'अगर कोई समलैंगिक व्यक्ति ईश्वर की खोज कर रहा है, तो मैं उसे जज करने वाला कौन होता हूं।'

**समलैंगिक जोड़ों को आशीर्वाद की अनुमति :** पोप फ्रांसिस ने 2023 में समलैंगिक जोड़ों को आशीर्वाद देने की अनुमति देने का फैसला किया। वेटिकन ने कहा कि यह आशीर्वाद ईश्वर की दया और प्रेम का प्रतीक होगा, लेकिन यह कैथोलिक चर्च के पारंपरिक विवाह सिद्धांतों को नहीं बदलेगा, जो अब भी पुरुष और महिला के बीच विवाह को मान्यता देता है।

**पुनर्विवाह को धामिक मंजूरी :** पोप ने तलाकशुदा और दोबारा शादी करने वाले कैथोलिक लोगों को चर्च में अधिक स्वीकृति देने का फैसला लिया। पोप फ्रांसिस ने कहा कि ऐसे लोगों को चर्च से अलग नहीं किया जाना चाहिए। इससे पहले तक कैथोलिक चर्च ऐसे लोगों को पवित्र संस्कारों से वंचित कर देता था।

**बच्चों के यौन शोषण पर माफी मांगी :** पोप फ्रांसिस ने अप्रैल 2014 में चर्च में बच्चों के यौन शोषण के मामलों पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगी। उन्होंने स्वीकार किया कि चर्च के कुछ पादरियों ने बच्चों का यौन शोषण किया। पोप ने कहा कि यह एक 'गंभीर पाप' और 'शर्मनाक अपराध' है, जिसके लिए चर्च न केवल माफी मांगेगा, बल्कि इन अपराधों को रोकने के लिए ठोस कदम भी उठाएगा।

### मोदी ने दुख जताया, याद कीं मुलाकातें



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पोप फ्रांसिस के निधन पर गहरा दुख जताया है और कहा है कि भारत के लोगों के प्रति उनका स्नेह हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने ट्वीट किया, पोप फ्रांसिस के निधन से बहुत दुखी हूं। दुख और स्मरण की इस घड़ी में, वैश्विक कैथोलिक समुदाय के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं। पोप फ्रांसिस को दुनिया भर के लाखों लोग हमेशा करुणा, विनम्रता और आध्यात्मिक साहस के प्रतीक के रूप में याद रखेंगे। छोटी उम्र से ही उन्होंने प्रभु ईसा मसीह के आदर्शों को साकार करने के लिए खुद को समर्पित कर दिया था। उन्होंने गरीबों और वंचितों की लगन से सेवा की। जो लोग पीड़ित थे, उनके लिए उन्होंने आशा की भावना जगाई। मैं उनके साथ अपनी मुलाकातों को याद करता हूं और समावेशी और सर्वांगीण विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता से बहुत प्रेरित हुआ हूं। भारत के लोगों के प्रति उनका स्नेह हमेशा याद रखा जाएगा। उनकी आत्मा को ईश्वर की गोद में शांति मिले।



### आज का मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | - $40^0$ |
| न्यूनतम तापमान | - $23^0$ |
| सूर्योदय | - 05:36 |
| सूर्यास्त | - 06:33 |

आसमान साफ रहेगा।

### संक्षिप्त समाचार

#### शरद और अजित पवार के फिर साथ आने की अटकलें

**मुंबई।** महाराष्ट्र में शरद पवार और अजित पवार के साथ आने की अटकलें एक बार फिर से तेज हो गई हैं। दरअसल, बीते कई दिनों में दोनां नेता कई बार एक मंच पर दिखाई दिए हैं। ताजा मामला सोमवार का है, जब राष्ट्रवादी कांग्रेस (एसपी) प्रमुख शरद पवार और उनके भतीजे, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने सोमवार को एक पखवाड़े में तीसरी बार मंच साझा किया। इस बार कृषि और चीनी उद्योग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उपयोग पर चर्चा के दौरान दोनों एक ही मंच पर दिखे।

#### 'एक राष्ट्र एक चुनाव' पर जेपीसी की बैठक आज

**नई दिल्ली।** 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की बैठक 22 अप्रैल को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। पहले सत्र में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस हेमंत गुप्ता के साथ बातचीत होगी। इसके बाद जम्मू-कश्मीर हाई कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस एसएन झा के साथ एक सत्र होगा। अगले सत्र में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश और भारत के 21वें विधि आयोग के अध्यक्ष डॉ. जस्टिस बीएस चौहान शामिल होंगे। अंतिम सत्र राज्यसभा सदस्य एवं वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. अभिषेक मनु सिंघवी के साथ होगा। इससे पहले, 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर जेपीसी की वेबसाइट के आगामी लॉन्च के बारे में बोलते हुए, संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के अध्यक्ष पीपी चौधरी ने बताया कि समिति ने दो प्रमुख बातों पर निर्णय लियाः विज्ञापन सभी भाषाओं में मुद्रित किया जाएगा।

#### शेयर बाजार में रही तूफानी तेजी

**मुंबई।** चौथी तिमाही के नतीजों के बाद बैंकिंग शेयरों में शानदार तेजी दिख रही है। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन जहां सेंसेक्स और निफ्टी में उछाल के साथ कारोबार होता दिखा, वहीं बैंक निफ्टी अपने पिछले रिकॉर्ड को तोड़ते हुए नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

## राहुल गांधी की नागरिकता पर हाई कोर्ट सख्त



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** कांग्रेस और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की नागरिकता को लेकर दायर याचिका पर हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सख्त रुख अपना लिया है। हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार को आदेश दिया है कि वह दस दिनों में इस सम्बन्ध में याची की ओर दाखिल प्रत्यावेदन को निस्तारित करें और नागरिकता को लेकर स्पष्ट रिपोर्ट दें। अगली सुनवाई के लिए 5 मई की तिथि नियत की गई है। यह आदेश

### केंद्र सरकार से दस दिन में स्पष्ट रिपोर्ट मांगी

न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति राजीव सिंह की खंडपीठ ने कर्नाटक के एस विग्नेश शिशिर द्वारा दाखिल जनहित याचिका पर पारित किया है। पिछली सुनवाई के दौरान डिप्टी सॉलिसिटर जनरल एसबी पांडे ने अदालत को बताया था कि याची के शिकायत पर कार्रवाई करते हुए, संबंधित मंत्रालय ने राहुल गांधी की कथित ब्रिटिश नागरिकता के बारे में विवरण मांगते हुए ब्रिटेन सरकार को पत्र लिखा है और इसलिए सरकार को शिकायत पर निर्णय लेने के लिए समय चाहिए।उल्लेखनीय है कि मामले में याची की ओर से दलील दी गई है कि उसके पास तमाम दस्तावेज और ब्रिटिश सरकार के कुछ ई-मेल हैं जिनसे यह सिद्ध होता है कि राहुल गांधी एक ब्रिटिश नागरिक हैं और इस कारण से वह चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य हैं। लोकसभा सदस्य का पद नहीं धारण कर सकते। इसी आधार पर याची ने राहुल गांधी की सांसद पद पर बने रहने के खिलाफ अधिकार पृच्छा रिट जारी करने का आदेश देने की भी मांग की है।

## शुरू हो गया गर्मी का कहर

### यूपी के कई जिलों में पारा 40 के पार



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में गर्मी का कहर शुरू हो गया है। सोमवार को बुंदेलखंड और दक्षिणी जिलों में गर्म हवा के थपेड़ों ने लोगों को परेशान किया। सोमवार को लखनऊ, हमीरपुर, प्रयागराज, आगरा, बांदा, उरई आदि में अधिकतम पारा 40 डिग्री

### चार-पांच दिनों तक जारी रहेगी गर्मी की मार

सेल्सियस के पार चला गया। लखनऊ में इस सीजन में पहली बार पारा 40 डिग्री के पार पहुंचा। शहर में दोपहर 2.30 बजे पारा 41 डिग्री सेल्सियस पर पहुच गया। वहीं, कई जिलों में सोमवार इस सीजन का सबसे गर्म दिन रहा और सीजन में पहली बार वहां पारा 40 डिग्री सेल्सियस के सूचकांक तक पहुंचा।

मौसम विभाग का कहना है अगले चार-पांच दिनों तक उत्तर प्रदेश में यूं ही गर्मी की मार जारी रहने वाली है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक अगले पांच दिनों में अधिकतम तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ने का अनुमान है। वहीं, बुंदेलखंड और दक्षिण के कुछ जिलों के लू की चपेट में आने के संकेत हैं। मंगलवार को झांसी व कुछ अन्य जिलों में तापमान के 45 डिग्री तक पहुंच जाने का अनुमान है। मौसम विभाग के मुताबिक 21 से 26 अप्रैल तक मौसम के शुष्क और साफ रहने की संभावना है। 22 से 24 अप्रैल तक कहीं-कहीं उष्ण लहर (लू) चलने का पूर्वानुमान है। आगरा में बढ़ते तापमान और हीट वेव को देखते हुए जिलाधिकारी के निर्देश पर कक्षा 8वीं तक के सभी स्कूलों का समय बदल कर सुबह 7 से दोपहर 12 बजे तक कर दिया गया है।

## नक्सलियों के खिलाफ जारी रहेगी मुहिम : शाह



**नई दिल्ली।** झारखंड में सुरक्षा बलों की तरफ से आठ नक्सलियों को मार गिराने के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि नक्सलवाद को खत्म करने के लिए उनकी सरकार की प्रतिबद्धता बरकरार है। बता दें कि, झारखंड के बोकारो जिले में सीआरपीएफ और पुलिस के कोबरा कमांडो के साथ मुठभेड़ में आठ नक्सली मारे गए,

### झारखंड में एक करोड़ के इनामी सहित आठ नक्सली ढेर

जिनमें एक करोड़ रुपये का इनामी नक्सली भी शामिल है। केंद्रीय गृह मंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- नक्सलवाद को खत्म करने के लिए हमारा अभियान निरंतर जारी है। आज सुरक्षा बलों को नक्सलवाद को जड़ से उखाड़ने के लिए चल रहे अभियान में एक और महत्वपूर्ण सफलता मिली। झारखंड के बोकारो में लुगु हिल्स में मुठभेड़ में आठ माओवादियों को ढेर कर दिया गया, जिसमें एक शीर्ष स्तर का नक्सली नेता विवेक, जिस पर एक करोड़ रुपये का इनाम था, और दो अन्य कुख्यात नक्सली शामिल हैं। अभियान जारी है। हमारे सुरक्षा बलों की सराहना करें। सुरक्षा बलों की इस कार्रवाई की जानकारी देते हुए अधिकारियों ने बताया कि 209 कमांडो बटालियन फॉर रेजोल्यूट एक्शन (कोबरा) के जवानों ने राज्य पुलिस के साथ मिलकर अभियान चलाया, जिसमें आठ नक्सली मारे गए और एक एके सीरीज राइफल, तीन इंसास राइफल, एक सेल्फ लोडिंग राइफल (एसएलआर), आठ देशी बंदूकें और एक पिस्तौल जब्त की गई।

## निशिकांत दुबे पर एसवाई कुरैशी का पलटवार



**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद निशिकांत दुबे अपने बयानों को लेकर इन दिनों लगातार चर्चा में हैं। जहां अब इस मामले में पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एसवाई कुरैशी ने

### बोले मैं भारत के विचार में यकीन रखता हूं, नफरत की राजनीति में नहीं

सोमवार को भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के बयान पर पलटवार किया है।कुरैशी ने कहा कि वे भारत के उस विचार में विश्वास रखते हैं जहां किसी इंसान को उसकी काबिलियत और काम से पहचाना जाता है, न कि धर्म से।

कुरैशी ने कहा कि मैंने पूरी निष्ठा के साथ चुनाव आयोग में काम किया है और मेरा आईएएस करियर भी काफी संतोषजनक रहा है। लेकिन कुछ लोग अपनी नफरत भरी राजनीति के लिए धर्म को आधार बनाते हैं।

बता दें कि एसवाई कुरैशी जुलाई 2010 से जून 2012 तक भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त रहे थे। इस पूरे विवाद ने राजनीतिक और सामाजिक हलकों में नई बहस को जन्म दिया है।

कुरैशी ने आगे कहा कि भारत हमेशा संविधान और उसके सिद्धांतों के साथ खड़ा रहा है और आगे भी खड़ा रहेगा। दिल्ली प्रशासन अधिकारी मंच के अध्यक्ष महेश और पूर्व राज्यपाल गोपालकृष्ण गांधी ने भी कुरैशी का समर्थन किया। महेश ने कहा कि कुरैशी ने अपने कार्यकाल में चुनाव आयोग में कई अहम सुधार किए, जैसे मतदाता शिक्षा और खर्च नियंत्रण की व्यवस्था की।

## पूजा खेडकर पुलिस के सामने उपस्थित रहें : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पूजा खेड़करला को जांच के लिए पुलिस के समक्ष उपस्थित रहने के अहम निर्देश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 21 मई तक उनके खिलाफ कोई दंडात्मक कदम नहीं उठाया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अब तक कोई ठोस जांच नहीं हुई है और पुलिस को जल्द जांच पूरी करने का निर्देश दिया। अगले 2 दिन में सुबह 10.30 बजे पूजा खेडकरला (पूजा खेडकर) को दिल्ली क्राइम ब्रांच के सामने पेश होने का निर्देश दिया गया है।

## बंगाल के गवर्नर अस्पताल में एडमिट

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस को सीने में दर्द की शिकायत के बाद सोमवार को यहां पूर्वी कमान अस्पताल में भर्ती कराया गया। राजभवन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्हें सुबह करीब 10 बजे वहां ले जाया गया। डॉक्टर फिलहाल उनकी स्थिति पर नजर रख रहे हैं और जरूरी जांच के बाद इलाज के अगले चरण पर फैसला लेंगे। पश्चिम मेदिनीपुर के सालबोनी में जेएसडब्ल्यू के 1,600 मेगावाट के बिजली संयंत्र के शिलान्यास समारोह में भाग लेने के लिए रवाना होने से पहले मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अस्पताल में बोस से मुलाकात की।

## दिल्ली में ट्रिपल इंजन सरकार!

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सोमवार को घोषणा की कि आगामी नगर निगम (एमसीडी) वार्षिक मेयर चुनाव के लिए भाजपा ने सरदार राजा इकबाल सिंह को मेयर और जय भगवान यादव को उप मेयर पद का उम्मीदवार चुना है। यह घोषणा ऐसे समय में आई है जब आप के नेता सौरभ भारद्वाज ने स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी इस बार मेयर का चुनाव नहीं लड़ेगी। सचदेवा ने कहा कि सरदार राजा इकबाल सिंह पूर्व में उत्तरी दिल्ली नगर निगम के मेयर रह चुके हैं और वर्तमान में एमसीडी में विपक्ष के नेता हैं। दिल्ली के विकास और निगम की कार्यप्रणाली को मजबूत करने के लिए सही विकल्प हैं।

## पत्नी ने की थी कर्नाटक के पूर्व डीजीपी की हत्या : पुलिस



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ओम प्रकाश की हत्या के मामले में आज सोमवार को नया खुलासा हुआ। एजेंसी ने पुलिस सूत्रों के हवाले से बताया कि

### खाना खाते वक्त चेहरे पर मिर्ची पाउडर फेंका, फिर चाकू से वार किए

पत्नी पल्लवी ओम प्रकाश की हत्या की प्रमुख संदिग्ध है। घटना के समय ओम प्रकाश खाना खा रहे थे। इस दौरान दोनों के बीच झगड़ा हुआ। यह इतना बढ़ गया कि पत्नी ने उनकी हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पल्लवी ने पहले ओम प्रकाश पर मिर्ची पाउडर फेंका, जब जलन से राहत पाने के पूर्व डीजीपी इधर-उधर भाग रहे थे तो पल्लवी ने उनकी गर्दन, पेट और छाती पर चाकू से 10-12 वार किए गए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पल्लवी ने गुनाह कबूल कर लिया है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इस वारदात के दौरान बेटी कृति भी वहीं मौजूद थी। शुरुआती जांच में सामने आया है कि हत्या के बाद एक अन्य आईपीएस ऑफिसर की पत्नी को मैसेज किया- एक राक्षस को खत्म कर दिया। बाद में पल्लवी ने उन्हें फोन कर बताया कि उसने ओम प्रकाश की हत्या कर दी है। इसके बाद आईपीएस ऑफिसर ने ही पुलिस को सूचना दी। बेटे कार्तिकेश की शिकायत पर पूर्व डीजीपी की पत्नी और बेटी कृति पर हत्या का मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है। कार्तिकेश ने आरोप लगाया है कि उसकी मां पल्लवी पिछले एक सप्ताह से पिता को जान से मारने की धमकी दे रही थी।

## बंगाल में राष्ट्रपति शासन की मांग



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर हुई है, जिसमें पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की गई है। वरिष्ठ वकील विष्णु शंकर जैन याचिकाकर्ता की तरफ से दलीलें रखेंगे। गौरतलब है कि

### सुप्रीम कोर्ट का तंज- हम पर संसदीय कार्यों में दखल का आरोप लग रहा

वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ पश्चिम बंगाल में हिंसा हुई है, जिसके चलते बड़ी संख्या में लोग विस्थापित हुए हैं। वकील विष्णु शंकर जैन ने जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ के समक्ष याचिका पेश की, जिसके बाद याचिका को कल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया गया। याचिका में ये भी मांग की गई है कि बंगाल में पैरामिलिट्री फोर्स की तैनाती की जाए और साथ ही रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में एक तीन सदस्यीय समिति बनाकर हिंसा की जांच की जाए। याचिका पर पीठ ने तंज कसते हुए कहा कि आप चाहते हैं कि हम राष्ट्रपति शासन लागू करने के लिए राष्ट्रपति को आदेश जारी करें? वैसे ही, हम पर कार्यपालिका (क्षेत्र) में अतिक्रमण करने का आरोप लग रहा है। गौरतलब है कि हाल ही भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने सुप्रीम कोर्ट पर कार्यपालिका के काम में दखल देने का आरोप लगाया है।

## उधार के पैसे मांगने गए व्यक्ति पर हमला

स्वतंत्र भारत संवाददाता उन्नावः गंगाघाट थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति पर चापड़ से हमला कर दिया गया। पीड़ित गुड्डू का लखापुर गांव की महिला रिजवाना से पैसों का लेन-देन था। रिजवाना ने पैसे देने के बहाने गुड्डू को अपने घर बुलवाया। मस्जिद के पास पहुंचते ही रिजवाना और उसके मित्र सोएब ने अन्य साथियों के साथ मिलकर गुड्डू पर चापड़ से हमला कर दिया। घायल गुड्डू को पहले स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर डाक्टरों ने उसे कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया। पीड़ित की पत्नी अर्चना सिंह की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। रिजवाना और सोएब को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। अन्य आरोपी फरार हैं। क्षेत्र में तनाव को देखते हुए पुलिस ने निगरानी बढ़ा दी है। उल्लेखनीय है कि रिजवाना का पति सऊदी अरब में काम करता है। सोएब कानपुर के जाजमऊ चुंगी का रहने वाला है।

## शुक्लागंज गंगापुल पर भीषण जाम

### 2 किमी लंबी वाहनों की कतार अतिक्रमण और अव्यवस्थित पार्किंग बनी वजह

उन्नावः शुक्लागंज नवीन गंगापुल पर सोमवार को यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई। सुबह साढ़े दस बजे से ही पुल के दोनों तरफ वाहनों का दबाव बढ़ने लगा। जल्द ही जाम की लंबाई 2 किलोमीटर तक पहुंच गई। गंगाघाट थाना की पुलिस के अनुसार पुल के दोनों तरफ अतिक्रमण और अव्यवस्थित पार्किंग जाम की मुख्य वजह है। भारी वाहनों के एक साथ पुल पर आने से स्थिति और बिगड़ गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात को नियंत्रित करने का प्रयास किया। सोमवार को 38 डिग्री तापमान में स्कूली बच्चे, कार्यालय जाने वाले लोग और बुजुर्ग सबसे अधिक प्रभावित हुए। कई लोगों को धूप से बचने के लिए सड़क के किनारे बैठना पड़ा। एंबुलेंस समेत आवश्यक सेवाओं के वाहन भी जाम में फंस गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह समस्या रोज की हो गई है। पुल पर रोज ट्रैफिक का दबाव बढ़ता जा रहा है। वैकल्पिक व्यवस्था के अभाव में यातायात प्रभावित होता है। व्यापारियों और नागरिकों ने प्रशासन से इस समस्या का स्थायी समाधान निकालने की मांग की है।

## संतोषी माता मंदिर का वार्षिकोत्सव आयोजित

स्वतंत्र भारत संवाददाता बांगरमऊ उन्नावः खत्रियाना मोहल्ला स्थित मां संतोषी माता मंदिर का वार्षिकोत्सव विगत दिवस धूमधाम से आयोजित किया गया। आचार्य ने वेदमंत्रों के साथ भक्तों से यज्ञ में आहुतियां दिलाई। इसके बाद कन्या पूजन और कन्या भोज भंडारा आयोजित हुआ। सायंकालीन बेला में महिलाओं ने भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण तथा माता रानी की महाआरती के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। जन्मोत्सव में मुख्य रूप से सपत्नी संजीव त्रिवेदी, सक्षम शुक्ल, प्रियंका अवस्थी, गीता सिंह, सुधीर कुमार मिश्र, अनमोल श्रीवास्तव,विनमोल श्रीवास्तव, रेखा अग्रवाल,स्नेहलता शुक्ला, संतोष गुप्ता,डा.प्रदीप रस्तोगी,चौधरी अनूप सिंह व ओमनारायण श्रीवास्तव आदि ने सहयोग प्रदान किया।

## एसडीएम ने अवैध कब्जे को जेसीबी से हटा कब्जा मुक्त किया

स्वतंत्र भारत संवाददाता पुरवा उन्नावः ग्रामीण की षिकायत पर एसडीएम उदित नारायण सेंगर के निर्देष पर लेखपालों की टीम में पहुंचकर चकरोड पर अवैध कब्जे को जेसीबी से हटाकर कब्जा मुक्त किया। तलहौरी गांव निवासी शंभू पुत्र लाला ने एसडीएम उदित नारायण सेंगर को शिकायती पत्र देकर बताया गांव की भूमि संख्या 40 जो राजस्व अभिलेखों में चकरोड दर्ज है किन्तु गांव के ही व्यक्ति ने उस पर जबरन अवैध निर्माण कर लिया जिससे लोगों को आवागमन में दिक्कत होती थी वहीं तहसीलदार कोर्ट द्वारा 14 मई को आदेशित कर कब्जा हटाने के निर्देश धिए गए थे किन्तु अब तक कब्जा नहीं हटाया गया जिस पर एसडीएम उदित नारायण सेंगर ने पुलसि बल के साथ लेखपाल प्रशांत पांडेय, वैक्रांत सिंह, व टीम भेजकर जांच के उपरांत जेसीबी से अवैध कब्जे को हटाकर भूमि को कब्जा मुक्त कराया।

## बाइक में दूसरी बाइक ने मारी टक्कर, घायल

स्वतंत्र भारत संवाददाता बांगरमऊ उन्नावः लखनऊ के मोहल्ला हुसैनगंज निवासी हासिम (17) विभिन्न अतिथि गृहों में वेटर का काम करता है विगत दिवस रविवार को अपने पिता अब्दुल कुर्बान के साथ बाइक से नगर के एक गेस्ट हाउस जा रहा था । तभी शाम को लखनऊ मार्ग चौराहे पर उसकी बाइक विपरीत दिशा से तेज गति से आ रही दूसरी बाइक से भिड़ गई। हादसे में पिता कुर्बान बाल बाल बच गया जब कि वेटर हासिम सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। पिता ने अपने घायल बेटे को यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां घायल का इलाज जारी है।

## बाल विवाह कानूनन अपराध, होंगे दंडित

स्वतंत्र भारत संवाददाता उन्नावः जिला प्रोबेषन अधिकारी क्षमानाथ राय ने बताया कि जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के निर्देषानुसार 18 वर्ष से पहले बालिका एवं 21 वर्ष से पहले बालक का विवाह बाल विवाह की श्रेणी में आता है। यदि किसी व्यक्ति को कोई भी बाल विवाह की जानकारी मिले तो चाइल्ड हेल्प लाइन टोल फ्री नंबर 1098 पर कार्यालय चाइल्ड हेल्प लाइन यूनिट कंट्रोल रूम उन्नाव संपर्क नं.7880811098 एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी उन्नाव के सीयूजी नं.7518024022 एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी के सीयूजी नंबर 7618024022 पर अथवा अपने नजदीकी थाने अथवा बाल कल्याण समिति उन्नाव या जिला बाल संरक्षण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय के कक्ष संख्या 35ए प्रथम तल कलेक्ट्रेट भवन में लिखित रूप से भी सूचना दे सकते हैं। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की धारा 3 में निहित प्राविधानों के आधार पर बाल विवाह का शून्यकरणनीय (अमानय) किया जा सकता है। अधिनियमानुसार बाल विवाह कराने में संलिप्त सहायक दोषी पाए जाने पर माता पिता, मौलवी, पुजारी, परिवारीजन,रिश्तेदार, संगठन, गेस्टहाउस अथवा टेंट हाउस मालिक को दो वर्ष के लिए कठोर कारावास या एक लाख रू.का जुर्माने का प्रावधान है।

## शहर में जाम की समस्या होगी खत्म



### बड़े चौराहे पर गाड़ियों की लेवल पार्किंग बनेगी

### डीएम ने किया भूमि पूजन

स्वतंत्र भारत संवाददाता उन्नावः शहर में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए एक बड़ा कदम उठाया गया है। बड़े चौराहे के पास ओवरब्रिज के निकट लेवल पार्किंग का निर्माण शुरू हो गया है। सोमवार को जिलाधिकारी गौरांग राठी ने भूमि पूजन किया।बड़ाचौराहा शहर के सबसे व्यस्ततम इलाका है। यहां दिनभर यातायात का दबाव रहता है। ओवरब्रिज के पास अवैध पार्किंग से अक्सर जाम लग जाता है। नई पार्किंग से व्यापारियों और वाहन चालकों को राहत मिलेगी। डीएम गौरांग राठी ने निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। इस पार्किंग में 100 से अधिक चार पहिया वाहन खड़े हो सकेंगे। पार्किंग का डिजाइन ऐसा है कि बारिश में भी यह सुविधा चालू रहेगी। यूएसडीए सचिव नवीन चंद्र ने बताया कि पार्किंग का निर्माण दो महीने में पूरा हो जाएगा। निर्माण के दौरान सुरक्षा मानकों का पूरा ध्यान रखा जाएगा। व्यापारियों और नागरिकों को कोई असुविधा न हो इसका खास ख्याल रखा जाएगा। ओवरब्रिज के पास लेविल पार्किंग निर्माण कार्य का शुभारंभ विधायक सदर पंकज गुप्ता एवं जिलाधिकारी गौरांग राठी ने भूमि पूजन कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर की मौजूदगी में निर्धारित पार्किंग स्थल व आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। साथ ही अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विकास कुमार सिंह को पार्किंग स्थल के आसपास के क्षेत्र में अवैध कब्जे हटवाने तथा आवश्यकतानुसार सार्वजनिक शौचालय व पेयजल इत्यादि की व्यवस्थाएं कराने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण कार्य कराने वाली फर्म के कांट्रेक्टर को सख्त निर्देश दिए कि समस्त निर्माण कार्य निर्धारित समय निर्धारित मैप एवं मानकों के अनुसार कराना सुनिश्चित केरं। इस मौके पर जिलाधिकारी ने बताया कि इस जगह को री कन्स्ट्रक्ट करके एक बेहतर स्पाट के रूप में विकसित किया जाएगा ताकि पार्किंग के साथ साथ आम जनमानस को घूमने-फिरने खाने-पीने आदि की सुविधाएं मिल सकें। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट प्रथम आनन्द कुमार नायक, जिला सूचना अधिकारी सतीश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## कानपुर से लौट रही कार खाई में गिरी

### दवा लेकर आ रहे तीन लोगों को मामूली चोटें, अस्पताल से घर भेजा

स्वतंत्र भारत संवाददाता उन्नावः सफीपुर थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर को एक वैगनआर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। कार सफीपुर-परियर मार्ग पर बाबा कुटी के पास सड़क से फिसलकर खाई में जा गिरी। कार में सफीपुर के मोहल्ला कजियाना के निवासी नयाब (पुत्र कमाल) इलियास (पुत्र अख्तर) और तफ्सीर बानो (पत्नी इलियास) सवार थे। तीनों कानपुर से दवा लेकर सफीपुर लौट रहे थे। राहगीरों ने तत्काल मदद करते हुए तीनों को कार से बाहर निकाला। घायलों को नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को घर भेज दिया गया। दुर्घटना में तीनों को मामूली चोटें आई हैं।

## दहेज की मांग पूरी न करने पर मारपीट कर कमरे में किया बंद

स्वतंत्र भारत संवाददाता बांगरमऊ उन्नावः दहेज की मांग पूरी न होने से नाराज ससुरालीजनों ने विवाहिता की लातघूसों से पिटाई कर दी और गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की। बाद में उसे एक कमरे में बंद कर दिया। सूचना पाते ही मौके पर पहुंचे भाइयों ने उसे कमरे से बाहर निकाला। मोहल्ला घूरेटोला निवासी कैलाश सिंह की पुत्री संध्या ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि उसके पित ने बीते 24 अप्रैल 24 को करीब 10 लाख रुपये कीमत का सामान , जेवर, नकदी आदि दान दहेज देकर उसकी शादी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नेवल जगटापुर निवासी रजत पुत्र सुशील कुमार के साथ की थी। शादी के बाद से ही ससुर सुशील कुमार,सास तपेश्वरी, जेठ रोशन, जेठानी मोना तथा पति रजत कम दहेज को लेकर ताना मारते और मारपीट करते थे और मायकेसे पांच लाख रुपये का दहेज लाने का दबाव बनाने लगे। आरोप है कि बीते रविवार की शाम विवाहिता अपनी सहेली की शादी में शामिल होने के लिए अपने पिता द्वारा दहेज में दिए गए जेवर मांगने लगी तो ससुरालीजनों ने उसकी लात घूसों से पिटाई कर दी तथा जान से मारने की नीयत से उसके गले में दुपट्टा कस दिया। चीखने-चिल्लाने पर पड़ोसियों ने उसे बचाया। तब ससुरालीजनों ने रात के समय उसे एक कमरे में बंद कर दिया। सोमवार को सुबह सूचना पाते ही मौके पर पहुंचे भाई ने किसी तरह विवाहिता को घायलावस्था में कमरे से बाहर निकालकर यहां के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। शिकायती पत्र में पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से घटना की रिपोर्ट करने और ससुरालीजनों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के लिए कोतवाली बांगरमऊ को निर्देश देने की मांग की।

## तेज रफ्तार वाहन ने बाइक को मारी टक्कर

बांगरमऊ उन्नावः जिले के बांगरमऊ में हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई जब कि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा लखनऊ मार्ग पर ग्राम तकिया और अतरधनी के बीच हुआ। मृतक की पहचान ब्रजेश राजपूत (24) पुत्र रमेश के रूप में हुई है। वह ग्राम मुस्तफाबाद का रहने वाला था। बृजेश अपने दो दोस्तों नीरज (25) पुत्र रामपाल और कौशल (20) पुत्र शिवकुमार के साथ थाना बेहटा मुजावर के तकिया चौराहे से कपड़े खरीदकर लौट रहा था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइन को टक्कर मार दी। हादसे में तीनों युवक सड़क पर गिर गए। परिजन उन्हें बांगरमऊ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां डाक्टरों ने बृजेश को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया। नीरज और कौशल को गंभीर हालत में बागरमऊ सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। बृजेश हरियाणा के सोनीपत में मजदूरी करता था वह कमाई करके कुछ दिन पहले ही घर लौटा था। वह चार भाइयों में सबसे छोटा और अविवाहित था।बेटे की मौत की खबर मां सावित्री देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। घायल कौशल की बहन की शादी 18 अप्रैल को थी। आज ही चौथी में बहन को घर लेकर आया है। फतेहपुर चौरासी पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजनों की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश कर रही है। घटना के बाद अज्ञात वाहन फरार है।



चित्र परिचयः जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में वाहनों की सघन तलाशी एवं जांच करते पुलिस अधीक्षक। छायाः स्वतंत्र भारत।

## एसपी के निर्देश पर जिले में नाकाबंदी स्कीम के तहत हुई सघन चेकिंग

स्वतंत्र भारत संवाददाता उन्नावः पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देश पर चल रही नाकाबंदी स्कीम के तहत सोमवार को जिले की सभी सीमाओं की नाकेबंदी करके 12.30 बजे से 14 बजे तक सभी सीमाओं की नाकेबंदी की गई तथा सभी थाना क्षेत्रों में संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग की सघन अभियान चलाया गया तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई की गई।

## गर्मी में ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को मिली राहत

### एसपी ने जवानों को बांटे छाते और पानी की बोतलें, अधिकारियों ने बढ़ाया हौसला

स्वतंत्र भारत संवाददाता उन्नावः पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के लिए एक अनूठी पहल की है। तेज धूप में ड्यूटी कर रहे जवानों को गर्मी से राहत देने के लिए उन्होंने छाते और पानी की बोतलें वितरित की।एसपी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में ट्रैफिक पुलिस, सिपाही और होमगार्ड को यह सामान दिया गया। एएसपी अखिलेश सिंह और सीओ सिटी सोनम सिंह ने भी वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जवानों को सामग्री वितरित की। एसपी दीपक भूकर ने कहा कि भीषण गर्मी में सड़कों पर ड्यूटी करने वाले पुलिसकर्मियों को स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए उन्हें राहत देने के लिए यह कदम उठाया गया है। उन्होंने बताया कि आगे भी जवानों को और सुविधाएं दी जाएगी। पुलिस विभाग सिर्फ कानून व्यवस्था तक सीमित नहीं है। जवानों की भलाई भी प्राथमिकता है। एसपी ने अन्य अधिकारियों से भी अपने क्षेत्र के पुलिसकर्मियों की जरूरतों का ध्यान रखने की अपील की। पुलिसकर्मियों ने इस पहल की सराहना की है। उनका कहना है कि यह सुविधाएं न सिर्फ शारीरिक राहत देंगी, बल्कि मनोबल भी बढ़ाएगी। जल्द ही जिले के अन्य हिस्सों में भी इसी तरह का वितरण किया जाएगा।



चित्र परिचयः पुलिस लाइन में कर्मियों को छाते और पानी की बोतले वितरित करते एसपी व अन्य पुलिस अधिकारी। छायाः स्वतंत्र भारत।

## दहेज हत्या में वांछित गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत संवाददाता बांगरमऊ उन्नावः** कोतवाली पुलिस ने दहेज हत्या में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ विधिक कार्रवाई कर न्यायालय भेज दिया। कोतवाली के उप निरीक्षक जिब्राइल शेख पुलिस बल के साथ गश्त पर थे तभी उन्हें मुखबिर ने बताया कि दहेज हत्या में वांछित अभियुक्त ग्राम चकपीर नगर निवासी रंजीत कुमार आसत चौराहे पर खड़ा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अभियुक्त रंजीत को दबोच लिया। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर उसे अदालत भेज दिया।

# कानपुर देहात समाचार





## शिविर आयोजित कर दिव्यांग जनों को खिलाया लजीज व्यंजन

**माती कानपुर देहात** जिले में स्वास्थ्य महकमे की मानवता उन्हें आइना दिखा रहीं हैं जो आए दिन महकमे को आरोपों और प्रत्यारोपों से नवाजने के लिए केवल इसलिए पूरी सजगता का परिचय देते हुए नजर आते हैं जिन्हें उनके स्वार्थपरक कार्य सिद्ध करने का मौका विभागीय संजीदगी के चलते नहीं मिल पाता हैए प्रत्येक सप्ताह मुख्यालय पर सीएमओ कार्यालय परिसर में आयोजित होने वाले दिव्यांग शिविर के दौरान सोमवार को भी अधिकारियों और कर्मचारियों की मानवता सभी के बीच चर्चा का विषय बनी रहींए संविदा कर्मी संघ के लोकप्रिय युवा नेता रत्नेश बाजपेई के संयोजकत्व में आयोजित शिविर का मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एके सिंह एवं डॉक्टर एसएल वर्मा डॉक्टर आशीष बाजपेई एवं डॉक्टर डीके सिंह सहित डॉक्टर शलभ मोहन द्वारा शुभारंभ किया गया। गौरतलब रहे कि लगभग वर्ष भर पूर्व संविदा कर्मचारी महासंघ के लोकप्रिय वरिष्ठ पदाधिकारी रत्नेश वाजपेई की पहल पर जिले के स्वास्थ्य महकने के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रत्येक सप्ताह आयोजित होने वाले दिव्यांग शिविर में जिले के अलग.अलग स्थान से आने वाले दिव्यांग जनों के भोजन इत्यादि की व्यवस्था का संचालन शुरू किया गया थाए प्रयास इमानदार साबित हुए तो ईश्वर ने भी अपना सहयोग प्रदान करना शुरू कर दिया प्रत्येक सप्ताह आयोजित शिविर में भाग लेने के लिए आने वाले दिव्यांग अब चेहरे पर खुशी की मुस्कान लेकर आते हैं और अपना कार्य संपादित करने के बाद वापस गंतव्य को रवाना होते हैंए सोमवार को आयोजित शिविर में दलिया एवं पौष्टिक तहरी का वितरण किया गया अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वयं अपने हाथों से सभी को भोजन परोस कर खिलाया इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एके सिंह द्वारा कहा गया कि चिकित्सा का दूसरा अर्थ ही मानव सेवा होता है हमारी मेहनत हमारे प्रयासों और हमारी समर्पित सेवाओं को देखकर ही धरती का भगवान बताया जाता है इसलिए हमारा यह फर्ज बनता है कि मानवीय कार्यों में हम सभी लोग एक दूसरे का सहयोग करें कार्यक्रम के दौरान रत्नेश वाजपेई विजय मिश्रा शिवम यादव सुशील मौर्य बृजेश हरिश्चंद्र लाल जी आदि मौजूद रहे।

## आम आदमी पार्टी ने राष्ट्रपति को ज्ञापन भेज केंद्र सरकार पर लगाए आरोप

**माती कानपुर देहात** जिले में संगठन की जड़ों को मजबूत करने के लिए प्रयासरत आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता आज फिर सड़कों पर दिखाई दिएए ज्योतिबा फुले एवं सावित्रीबाई फुले पर बनी फिल्म को प्रतिबंधित किए जाने से नाराज पार्टी कार्यकर्ता जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पूछे और जिलाधिकारी के माध्यम से देश के राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया। सोमवार को आम आदमी पार्टी के जनरल अध्यक्ष देवनारायण पाल एडवोकेट के नेतृत्व में जिला मुख्यालय पर एकत्र हुए पार्टी कार्यकर्ताओं में इस बात को लेकर खासा रोष व्याप्त था कि केंद्र की सरकार एक ओर तो दलितों को आगे बढ़ाने की बात करती है जबकि दूसरी ओर उनके महापुरुषों की शिक्षा की ओर प्रोत्साहित करने वाली फिल्म को प्रतिबंधित कर देती है जिला अध्यक्ष द्वारा कहा गया की दोहरी नीचे की सरकार अब कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी जबकि जिला प्रभारी भारत राज योगी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार को दलित विरोधी करार दिया उन्होंने कहा कि सरकार की असलियत अब खुलकर लोगों के सामने आ गई है भारी संख्या से मौजूद कार्यकर्ताओं को बेहतरीन नेतृत्व देते हुए जिला अध्यक्ष जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे जहां देश के राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन प्रेषित किया इस दौरान राजू रेयान श्यामबाबू कटिहार राम लखन पाल अजय पाल सिंह अनुज कुमार अवधेश अनिल गोपाल मनोज छोटे धर्मपाल विक्रम सिंह रोहित यादव जगतपाल सिंह यशवंत पाल आदि मौजूद रहे।





## जब जब पृथ्वी पर अत्याचार बढ़ता है तब.तब प्रभु अवतार लेते है - मृदुल जी महाराज

**शिवली कानपुर देहात।** विकास खण्ड मैथा क्षेत्र के बैरी सवाई गांव में चल रही श्रीमदद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस सोमवार को कथा वाचक मृदुल जी महाराज ने श्री कृष्ण की जन्म कथा सुनाते हुए बताया कि भगवान विष्णु ने कंस के अत्याचारों से पृथ्वी को मुक्त कराने के लिए द्वापर युग में श्रीकृष्ण भगवान ने अवतार लिया था।कंस अपने पिता को राजगद्दी से हटाकर मथुरा का राजा बन गया था और उसने अपनी बहन देवकी की शादी वासुदेव से कर दी थी । आकाशवाणी हुई कि देवकी का आठवां पुत्र कंस का वध करेगा । कंस ने देवकी के आठ पुत्रो का सात पुत्रो का वध कर दिया था । जिसके बाद भगवान श्री कृष्ण ने जन्म लिया । इस कथा में बताया गया कि जब जब पाप बढ़ा है ईश्वर ने पृथ्वी में मनुष्य युवनी में आकर राक्षसो का वध किया है । इस दौरान राजेश ए अमित ए वीरेन्द्र ए सत्यम ए कुलदीप ए सिम्मी ए बबली ए शीलू ए अनुराग सोनी मौजूद रहे ।

## दलित उत्पीड़न तथा मारपीट के फरार आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**शिवली कानपुर देहात।** कोतवाली शिवली क्षेत्र के एक गांव में दलित उत्पीड़न एवं मारपीट के मामले में काफी दिनों से फरार चल रहे दो आरोपियों को शिवली पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध तमंचा कारतूस बरामद करने में सफलता पायी हैंजिसके बाद पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार दोनों आरोपियों से पूंछतांछ के बाद न्यायालय में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार शिवली कोतवाली क्षेत्र के भक्तिन पुरवा गांव निवासी दलित राम जनक पुत्र स्व0 मेघनाथ ने 16 अप्रैल 2025 को शिवली पुलिस को तहरीर देते हुए मुकदमा दर्ज कराया था कि उसका पुत्र शिवम व विजय कुमार पुत्र चेतराम क्षेत्र के भेवान गांव गए थे और वहां से वापस घर लौट रहे थे की तभी रास्ते में भक्तिन पुरवा पुल के पास सौरभ पुत्र राम बाबू लुक्का व महेशए रवेंद्र एवं भुल्लू पुत्रगण अज्ञात निवासीगण भक्तिन पुरवा ने गाली गलौज करने लगे जब इसका विरोध किया तो मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए थे।जिनकी पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही थी। बीते रविवार की देर रात वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत तेज तर्रार मैथा चौकी प्रभारी नरेंद्र सिंह आरक्षी विनय कुमार रोहित सिसौदिया शैलेंद्र चौधरी के साथ क्षेत्र में गस्त कर रहे थे कि इसी दौरान कोतवाली क्षेत्र के मैथा नहर पुल से खखरा गांव जाने वाले मार्ग पर स्थित बंद पड़ी फैक्ट्री के समीप बगैर नंबर की पल्सर बाइक सवार दो युवक आते हुए दिखाई पड़ेपुलिस बल ने जिन्हें रोकने का प्रयास किया गया तो बाइक सवार युवकों ने जान से मारने की नीयत से पुलिस पर तमंचे से फायर कर दिया और भाग खड़े हुए।जिसपर पुलिस ने पीछा कर भाग रहे दोनों आरोपियों को दौड़ाकर पकड़ लिया।जिसके बाद पुलिस हिरासत में पकड़े गए दोंनो आरोपियों ने पूछताछ के दौरान अपना नाम सौरभ राजपूत पुत्र बाबू सिंह निवासी मैथा मांडा व हिमांशु उर्फ लुक्का पुत्र महेश निवासी भक्तिनपुरवा मजरा मकरन्दपुर बंथा बताया।पुलिस ने पकड़े गए सौरभ राजपूत के कब्जे से एक 12बोर अवैध तमंच दो कारतूस हिमांशु उर्फ लुक्का के कब्जे से दो जिंदा कारतूस तथा बगैर नंबर की पल्सर बाइक बरामद करने में भी सफलता पाई है।पुलिस ने गिरफ्तार दोनों आरोपियों से पूंछतांछ करने के बाद कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया जहां से दोनों आरोपितों को जेल भेज दिया गया।इस बावत कोतवाल हरमीत सिंह ने बताया कि हरिजन एक्ट के मामलें में फरार चल रहे आरोपितों को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।



पुलिस हिरासत में मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार सौरभ व हिमांशु।

## कानपुर विकास प्राधिकरण

**आवश्यक सूचनाः** एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फ्लैट संख्या–ए–3/9, नीलगिरी योजना सुलभ आवास टाईप–।। शताब्दी नगर, कानपुर नगर का क्षेत्रफल 34.60 वर्ग मी0 का आवंटन दिनांक 16.06.2015 को श्रीमती सुशीला लालवानी पत्नी स्व0 पारस लालवानी के पक्ष में किया गया। तत्पश्चात फ्लैट की मूल आवंटी श्रीमती सुशीला लालवानी की मृत्यु दिनांक 15.08.2022 को हो चुकी है, उनकी पति पारस राम लालवानी की मृत्यु दिनांक 10.03.2012 को हो चुकी है। मृतका का एक विवाहित पुत्र जगदीश कुमार लालवानी की मृत्यु दिनांक 07.05.2022 को हो चुकी है। मृतका की पुत्र वधू श्रीमती कविता लालवानी की मृत्यु दिनांक 29.04.2021 को हो चुकी है। मृतका का पुत्र श्री जय प्रकाश लालवानी द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण पत्र, पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र, फोटोयुक्त शपथ पत्र, सहमति शपथ पत्र की प्रति आदि प्रपत्र प्रस्तुत करते हुए उक्त भवन को अपने पक्ष में नामान्तरण किये जाने का अनुरोध किया गया है। कार्यालय जिलाधिकारी, सदर कानपुर नगर के द्वारा निर्गत पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र सं0–2936/अह0फौज0/2023 दिनांक 18.03.2023 के अनुसार मृतक के निम्नलिखित पारिवारिक सदस्य हैः– (अ) 1. श्रीमती रीमा बाखरू, मृतका की पुत्री (विवाहित), उम्र 48 वर्ष। 2. श्री प्रदीप कुमार लालवानी, मृतका का पुत्र, उम्र 45 वर्ष। 3. श्री हरीश कुमार लालवानी, मृतका का पुत्र, उम्र 44 वर्ष। 4. श्री नीरज कुमार लालवानी, मृतका का पुत्र, उम्र 39 वर्ष। 5. श्री जय प्रकाश लालवानी, मृतका का पुत्र, उम्र 38 वर्ष। कार्यालय जिलाधिकारी, सदर कानपुर नगर के द्वारा निर्गत पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र सं0–6726/अह0फौज0/2021 दिनांक 02.07.2021 के अनुसार मृतक के निम्नलिखित पारिवारिक सदस्य हैः– (ब) 1. श्री जगदीश लालवानी, मृतका का पुत्र (मृतक), उम्र 48 वर्ष। 2. श्री ऋषभ लालवानी, मृतका का पुत्र, उम्र 15 वर्ष। उपरोक्त के अतिरिक्त अन्य कोई पारिवारिक सदस्य तस्दीक नहीं किया गया है। क्रम सं0–अ पर क्रमांक 1 से 4 पर अंकित सदस्य श्रीमती रीमा बाखरू, श्री प्रदीप कुमार लालवानी, श्री हरीश कुमार लालवानी, श्री नीरज कुमार लालवानी द्वारा क्रमांक सं0–5 पर अंकित सदस्य श्री श्री जय प्रकाश लालवानी (भाई) के पक्ष में नामान्तरण किये जाने हेतु फोटोयुक्त शपथ पत्र के माध्यम से अपना हक छोडते हुए सहमति दी गयी है। क्रम सं0–(ब) पर क्रमांक 2 पर अंकित सदस्य श्री ऋषभ लालवानी द्वारा अपने चाचा श्री जय प्रकाश लालवानी के पक्ष में सहमति शपथ पत्र द्वारा सहमति प्रदान की गयी है। श्री जय प्रकाश लालवानी द्वारा अपने पक्ष में नामान्तरण किये जाने का अनुरोध किया गया है। फ्लैट संख्या–ए–3/9, नीलगिरी योजना सुलभ आवास टाईप–।। शताब्दी नगर, कानपुर नगर का पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, एवं शपथ पत्र, सहमति शपथ पत्र के आधार पर नामान्तरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या कोई अन्य अपना अधिकार रखता हो तो अपने सम्पूर्ण साक्ष्यों सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिन के अन्दर लिखित आपत्ति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दाखिल कर सकता है, उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा सहमति शपथ पत्र के आधार पर नामान्तरण की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जायेगी तथा भविष्य में किसी क्लेम/दावा पर विचार किया जाना सम्भव न होगा।

विशेष कार्याधिकारी (विक्रय–जोन–3)

## गेस्ट हाउस के बाहर बदमाशों ने महिला अधिवक्ता का लूटा पर्स



**कानपुर।** रविवार देर रात गेस्ट हाउस से बाहर निकलते ही बेखौफ बदमाशों ने महिला अधिवक्ता का पर्स लूट लिया। छीना-झपटी में महिला रोड पर गिर कर घायल हो गईं। उनके हाथ, पैर व सिर पर गंभीर चोट आई हैं। परिजनों ने उन्हे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना के बाद पुलिस कार्रवाई के बजाय अभी तहरीर मिलने का इंतजार कर रही है। घटना नौबस्ता थाना क्षेत्र का है।

रामादेवी चकेरी निवासी अनीता सिंह चौहान ने बताया कि वह पेशे से अधिवक्ता हैं। रविवार को वह अपनी सहेलियों के साथ कार से किदवई नगर के ब्लॉक स्थित मधुलोक हॉस्पिटल के सामने शादी समारोह में शामिल होने गई थीं। रात साढ़े ग्यारह बजे गेस्ट हाउस से बाहर निकलते ही बाइक सवार दो लुटेरों ने झपट्टा मारकर पर्स लूट लिया। छीना-झपटी में सड़क पर गिरकर अनीता के सिर और हाथ-पैर में गंभीर चोट आई है। डायल-112 पर सूचना देने के साथ ही प्राथमिक उपचार कराने के बाद घर चली गईं। सिर पर गंभीर चोट होने के चलते सोमवार को परिवार के लोग एमआरआई समेत अन्य जांच कराई है। अनीता ने बताया कि पर्स में मोबाइल, कैश और ज्वैलरी समेत अन्य जरूरी दस्तावेज रखे हुए थे। नौबस्ता पुलिस और डायल-112 पर सूचना दी है। वहीं मामले में नौबस्ता थाना प्रभारी संतोष सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मेरे पास अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने के बाद मामले में एफआईआर दर्ज करने के साथ ही मामले की जांच की जाएगी। वहीं पीड़ित परिवार का कहना है कि अभी उनका इलाज चल रहा है। उनकी प्राथमिकता इलाज है, इसके बाद मामले में तहरीर देंगे।

**■ छीना-झपटी में सड़क पर गिरकर घायल हुई पीड़िता**

## सेन कॉलेज में मनाई गई बाबा साहब की जयंती

**कानपुर।** एसएन सेन पी जी कॉलेज में अंबेडकर जयंती पखवाड़ा के अंतर्गत महिला उद्यमिता पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया कार्यक्रम की शुरुआत प्रबंध तंत्र समिति के सचिव पीके सेन और प्राचार्या प्रोफेसर सुमन की उपस्थिति में हुई। मुख्य अतिथि उदय कुशवाह, रोली सचान और रोहिणी कुशवाहा ने मां सरस्वती और डॉ्बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

प्राचार्या प्रोफेसर सुमन ने अपने संबोधन में कहा कि महिला उद्यमिता आज के समय में महिलाओं की उन्नति का सशक्त माध्यम है। उन्होंने बताया कि छोटी-छोटी कलाओं से महिलाएं न केवल अपना बल्कि परिवार और समाज का भी विकास कर सकती हैं। मुख्य अतिथि उदय कुशवाह और रोली सचान ने छात्राओं को बिजनेस का महत्व समझाया। उन्होंने अपने नारायण मंगल ज्वैलरी बिजनेस के अनुभव भी साझा किए। कार्यक्रम में कार्यक्रम प्रभारी प्रोफेसर चित्रा सिंह तोमर, डॉ प्रीति सिंह और एनसीसी प्रभारी डॉ प्रीति यादव सहित कॉलेज की अन्य प्रोफेसर्स और शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

# देश की राजनीति बदलने में युवा व छात्र की होती है अहम भूमिका : सुनील बंसल

**■ विश्व विद्यालय में हुआ एक राष्ट्र-एक चुनाव पर सगोष्ठी**
**■ बार-बार चुनाव होना देश की है बड़ी समस्या**



**कानपुर।** सोमवार को छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के वीरांगना रानी लक्ष्मी बाई सभागार में एक राष्ट्र-एक चुनाव विषय पर संगोष्ठी को आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल शिरकत किए। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय महामंत्री ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, कुलपति प्रो विनय पाठक मौजूद रहे। राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने कहा कि बार-बार चुनाव होना देश के लिए एक बड़ी समस्या, एक बड़ा मुद्दा बना है। विगत 30 वर्ष में भारत में एक भी साल ऐसा नहीं गया जब चुनाव न हुआ हो।

यानी लगातार 30 वर्षो से भारत में कहीं ना कहीं चुनाव होते रहते हैं। संगोष्ठी में उपस्थित युवाओं और छात्रों को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि जब भी देश में कहीं कोई नया परिवर्तन होता है तो उसमें छात्रों, युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि देश और दुनिया के इतिहास को देखें तो हमेशा परिवर्तन की शुरुआत युवाओं और छात्रों ने की है। मेरा मानना है कि भविष्य में देश की राजनीति बदलेगी और उसकी भी शुरुआत आने वाले दिनों में युवा और छात्र ही करने वाले हैं। भाजपा महामंत्री ने एक राष्ट्र-एक चुनाव की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि देश की आजादी के बाद भारत ने लोकतंत्र को अपनाया और जहां लोकतंत्र है वहां चुनाव एक अनिवार्य हिस्सा है। लोकतंत्र है तो चुनाव होगा। श्री बंसल ने कहा कि अगर निष्पक्ष चुनाव नहीं होंगे तो देश में लंबे समय तक लोकतंत्र नहीं चल सकता। लोकतंत्र के साथ चुनाव अनिवार्य है और चुनाव निष्पक्ष और स्वतंत्र तरीके से हो, यह भी उसके लिए आवश्यक है, लेकिन आजादी के बाद से अब तक लगातार एक के बाद एक चुनाव कराते रहना एक बहुत बड़ी चुनौती बन गया है। उन्होंने कहा कि देश के पहले आम चुनाव में 17 करोड़ 32 लाख मतदाता थे, लेकिन 2024 में जो चुनाव हुआ उसमें 96 करोड़ से ज्यादा मतदाता हो गए। उन्होंने कहा बढ़ती हुई आबादी, बदलती हुई दुनिया, देश के 140 करोड़ लोगों की जनआकांक्षाए 3 इन सबको ध्यान में रखकर देश में समय-समय पर बहुत सारे बदलाव हुए। खुशी की बात है कि बदलाव के क्रम में इस देश में फिर से एक राष्ट्र-एक चुनाव की चर्चा शुरू हुई है। देश में एक नई बहस शुरू हुई है कि क्या एक साथ सभी चुनाव करा कर समस्याओं का समाधान किया जा सकता है।

## परिवारिक कलह से ऊबकर अधेड़ ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

**कानपुर।** रविवार को पारिवारिक कलह से ऊबकर एक अधेड़ ने गोल चौराहा रेलवे क्रासिंग पर ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर लिया। काकादेव पुलिस ने लावारिश में शव को पोस्टमार्टम हाउस भेजा था, लेकिन सोमवार सुबह परिवार के लोग घर वापस नहीं लौटने पर काकादेव थाने में गुमशुदगी दर्ज कराने पहुंचे तो पता चला कि लापता नहीं हुए, बल्कि ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर लिए है। इसके बाद पोस्टमार्टम हाउस में पहुंचकर शव की शिनाख्त की है।

पांडु नगर नहर पटरी किनारे बस्ती में रहने वाले राजकुमार सोनकर प्राइवेट नौकरी करते थे। घर में पत्नी ममता और दो बेटियां डॉली व मुस्कान हैं। पत्नी ममता ने बताया कि रविवार रात को किसी बात को लेकर उनसे और बेटियों से कहासुनी हो गई थी। इससे गुस्साकर होकर वह मरने की धमकी देकर घर से निकल गए थे। काफी देर तक वापस न आने पर उनकी तालाश की गई, लेकिन कुछ पता नहीं चला। परिवार के लोग रिश्तेदारों के यहां उनकी तलाश में जुटे रहे। इसके बाद भी नहीं मिलने पर सोमवार सुबह काकादेव थाने पहुंचे थे। पत्नी ममता और बेटियां काकादेव थाने पहुंची तो उनका पर्स और दस्तावेजों से प्राथमिक पहचान की। इसके बाद पोस्टमार्टम हाउस में शव देखते ही पत्नी और बेटियां बेहाल हो गईं। परिवार के लोगों ने किसी तरह बेटियों को संभाला। काकादेव थाना प्रभारी मनोज सिंह भदौरिया ने बताया कि पारिवारिक कलह के बाद अधेड़ ने सुसाइड किया है। परिवार के लोग गुमशुदगी दर्ज कराने पहुंचे तब गोल चौराहा स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर मिले शव की शिनाख्त लापता राजकुमार सोनकर के रूप में हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया जाएगा।

# चोरों ने फोम कारोबारी के घर से की 50 लाख की चोरी



**कानपुर।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के रिहायशी इलाके चंद्र विहार सोसाइटी में फोम कारोबारी के घर पीछे के रास्ते से घुसे चोरों ने नकदी और जेवरात समेत करीब 50 लाख का माल पार कर दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर सीसीटीवी कैमरे खंगालना शुरू कर दिया है। फिलहाल पुलिस का मानना है कि चोर पीछे जंगल के रास्ते घर के अंदर दाखिल हुए होंगे। वहीं कारोबारी के पौत्र ने घर में कार चालक का घटना को अंजाम देने की आशंका जताई है।

चन्द्रविहार सोसाइटी नवाबगंज निवासी श्रीराम अग्रवाल फोम कारोबारी हैं। अनवरगंज में उनका प्रतिष्ठान है। परिवार में परिवार में पत्नी लक्ष्मी अग्रवाल, बहू कोमल, पौत्र प्रखर और पोती प्रगति रहते हैं। पौत्र प्रखर अग्रवाल बीबीए की पढ़ाई के साथ दुकान भी संभालते हैं। प्रखर ने बताया कि पिता नितिन अग्रवाल का वर्ष 2018 में देहांत हो गया था। उसके बाद से दादा के साथ मिलकर वही काम को आगे बढ़ा रहे हैं। प्रखर ने बताया कि दादा श्रीराम अग्रवाल की बाईपास सर्जरी दिल्ली में 14 अप्रैल को हुई है। उसी के सिलसिले में पूरा परिवार दिल्ली में था। 18 अप्रैल को उनकी बहन घर में गमलों में पानी डालने के लिए आई हुई थी, तब तक कोई घटना नहीं हुई थी। प्रखर ने बताया उन्हें कुछ कपड़े और जरुरी सामान लेना था जिसके कारण वो बस से रविवार की रात चले और सोमवार अपने घर पहुंचे। जब वो घर पहुंचे तो मेन गेट वैसे ही लॉक था। उसे खोलकर वो अंदर दाखिल हुए तो घर में घुसने वाला दरवाजा नहीं खुल रहा था। जिसके कारण प्रखर पीछे वाले दरवाजे पर पहुंचे तो उसका ताला टूटा मिला। वो घर के अंदर दाखिल होकर ऊपर पहुंचे, तो देखा सभी अलमारियों और लॉकर के ताले टूटे हुए थे। मां और दादी के जेवर व नगदी मिलाकर 50 लाख का सामान चोर ले गए। प्रखर ने बताया कि घर में जो काम करने वाले नौकर है वो सभी आ चुके हैं, मगर एक ड्राइवर नहीं आया है। उसे जब फोन किया गया तो उसने कहा कि मैं कहीं और ड्यूटी कर रहा हूं अभी नहीं आ सकता। एसीपी कर्नलगंज टीबी सिंह के मुताबिक मामले में सीसी टीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। जांच की जा रही है। पुलिस टीमों को घटना के खुलासे के लिए लगाया गया है। जल्द मामले का खुलासा कर लिया जाएगा।

**■ दादा की बाईपास सर्जरी कराने दिल्ली गया था परिवार**
**■ कार चालक पर जताई आशंका**

## पूर्व केंद्रीय मंत्री ने पदाधिकारियों के साथ की बैठक



**कानपुर।** अखिल भारतीय जनकल्याणकारी परिषद की राष्ट्रीय महामंत्री वैशाली मिश्रा के निवास किदवई नगर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में उत्तर प्रदेश महिला कल्याण की सदस्य अनीता गुप्ता, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री दीपक मिश्रा और राष्ट्रीय सह संयोजक राज शुक्ला सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद थे। प्रधानमंत्री की जन कल्याणकारी योजनाओं को हर प्रदेश और जिले में कैसे तेजी से लागू किया जाए, इस पर विस्तृत चर्चा हुई। साध्वी निरंजन ज्योति ने हर घर जल योजना के सफल क्रियान्वयन पर जोर दिया। सरकारी योजनाओं को देश के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की रणनीति पर भी विचार-विमर्श हुआ। कार्यक्रम में कानपुर के प्रमुख व्यवसायी और गणमान्य नागरिक भी शामिल हुए। बैठक में अतुल गुप्ता, संपर्क अमित अग्रवाल, प्रशांत त्रिपाठी, गोल्डी गांधी, डॉ सविता त्रिपाठी और अमरेश दीक्षित की उपस्थिति रही। समापन पर परिषद ने प्रधानमंत्री की जन कल्याणकारी योजनाओं को देश के हर नागरिक तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## नोएडा क्राइम ब्रांच ने दो युवकों को उठाया, लूट में शामिल कार की बरामद



**कानपुर।** सोमवार सुबह दामोदर नगर क्षेत्र से नोएडा की क्राइम ब्रांच ने दो युवकों को उठाया। उनके पास से लूट में शामिल कार बरामद कर ले गए। नोएडा में 6 लाख की लूट हुई थी। जिसमें इसी कार का इस्तेमाल किया गया था। परिवार के लोगों ने अपहरण की आशंका जताते हुए पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। बर्रा पुलिस ने बताया कि क्राइम ब्रांच ने उन्हें इस कार्रवाई की कोई जानकारी नहीं है। ऐसे में शुरूआत में पता नहीं चल सका।

बर्रा थाना क्षेत्र के दामोदर नगर इलाके में सोमवार सुबह करीब 7.30 बजे 3 कार से 8 लोग आए। दरवाजा खटखटाने के बाद 21 वर्षीय युवक आयुष राजपूत को उठाकर ले गए। युवक के साथ ही उसके घर के बाहर खड़ी कार भी अपने साथ ले गए। परिजनों ने कंट्रोल रूम में अपहरण की सूचना दी। पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल करनी शुरू कर दी। वहीं दूसरी तरफ युवक के बुआ के लड़के को भी कुछ लोग नौबस्ता के मछरिया क्षेत्र से उठा ले गए हैं। पुलिस ने कहा शुरुआती जांच में पता चला कि पुलिस टीम ने दोनों को उठाया है।

दामोदर नगर निवासी अजय राजपूत प्राइवेट नौकरी करते हैं। परिवार में पत्नी उर्मिला एक बेटा आयुष राजपूत और 5 साल की छोटी बेटी रहती है। दूसरे फ्लोर पर छोटे भाई राजेश का परिवार रहता है। सुबह राजेश अपने काम पर 7 बजे चला गया था और अजय नाइट ड्यूटी पर थे। उर्मिला ने बताया सुबह 7.30 बजे करीब काले रंग की तीन कार से 7से 8 लोग घर के बाहर आए और गेट खटखटाया जैसे ही आयुष गेट खोला वैसे ही उन लोग उसे पकड़कर जबरन गाड़ी में बैठा लिए और अपने साथ ले गए। कार सवार कुछ लोग घर के बाहर खड़ी भांजे शोभित की एक्सयूवी कार भी अपने साथ ले गए हैं। उन्हें यह भी पता था कि घर में चाबी कहां रखी है। वहीं मछरिया में रहने वाले आयुष की बुआ का बेटा रिषभ को भी कुछ लोग उठाकर ले गए हैं। रिषभ कॉल सेंटर चलाता है। आयुष ने इसी वर्ष इंटर की परीक्षा दी हैं। बर्रा इंस्पेक्टर नीरज ओझा ने बताया कि प्रथम दृष्टया जांच में पुलिस टीम के उठाने की बात सामने आई हैं। उर्मिला ने घटना की जानकारी पहले अपने पति अजय राजपूत को दी। अजय जैसे ही घर पहुंचे तो देखा कि आस-पड़ोस के लोगों की भीड़ जमा है, तभी उन्होंने घटना की जानकारी 112 में दी। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

**■ अपहरण की आशंका जताते हुए पुलिस को दी सूचना**

## गीता टंडन कपूर बनीं खत्री सभा की प्रथम महिला अध्यक्ष



**कानपुर।** यह वही भूमि है जहाँ धरती माता, गंगा माता, और कन्या पूजन की परंपरा से नारी को देवतुल्य माना गया है और यही कानपुर रानी लक्ष्मीबाई के जौहर की धरती आज पुनः इतिहास रच रहा है। गीता टंडन कपूर को खत्री सभा कानपुर की प्रथम महिला अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित किया गया है। यह केवल एक संयोग नहीं, बल्कि उनके शौर्य, सेवा और सद्गुणों का सच्चा सम्मान है। आप टेबल टेनिस की अन्तर्राष्ट्रिय खिलाड़ी हैं तथा आयकर विभाग में सीनियर आयकर अधिकारी हैं और अब समाज की अग्रणी प्रतिनिधि भी है। अध्यक्ष मनोनीत होने पर गीता टंडन कपूर ने कहा कि नई जिम्मेदारी मिलने पर उन्हें काफी हर्ष हो रहा है तथा खत्री सभा तथा समाज के उत्थान के लिये वह निरन्तर कार्य करेंगी। उनका यह प्रयास होगा कि खत्री समाज के साथ-साथ के अन्य लोग भी उन्नति के मार्ग पर चलें, ताकि देश, प्रदेश के लोगों का सर्वांगीण विकास हो सके। अध्यक्ष मनोनीत होने पर विजय कपूर, नवीन खन्ना, मूलचंद सेठ, भारतचंद सेठ, निखिल टंडन, मुकुल टंडन, रवि टंडन, अशीक मेहरोत्रा, संजय सेठ, मोहित एवं भूत पूर्व अध्यक्ष विनय माधव खन्ना, सुधीर मेहरोत्रा, राम जी कपूर, आशीष कपूर, दिव्या कपूर, राजेश सेठ, विवेक कपूर, संजय कपूर, रिंकू सेठी, दीपक कपूर समेत कई लोगों ने बधाई दी।

**■ सभा के संरक्षक व पदाधिकारियों ने किया स्वागत**

## खबर एक नजर

### माथे पर काला टीका लगा हाईवे पर झोले में मिला नवजात का शव

**कानपुर।** महाराजपुर स्थित एमजीए कॉलेज के पास एक झोले में नवजात बच्चे का शव मिलने से हड़कंप मच गया। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि बच्चे के माथे पर काला टीका लगा हुआ था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस आशा बहू और सीएचसी सरसौल से जानकारी जुटा रही है। साथ ही आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। महाराजपुर थाना प्रभारी ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की जाएगी। इससे घटना से जुड़े लोगों की पहचान में मदद मिल सकती है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि इस कृत्य को अंजाम देने वालों पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### जीआरपी ने तीन शातिर बदमाशों को किया गिरफ्तार



**कानपुर।** ट्रेनों में लूटपाट करने वाले तीन शातिर बदमाशों को जीआरपी ने गिरफ्तार कर लिया। उनके पास लूट माल भी बरामद किया है। गिरफ्त में आए शातिर अपराधियों पर पूर्व में भी कई मुकदमे दर्ज हैं। जीआरपी प्रभारी ओम नरायण सिंह ने बताया कि काफी समय से ट्रेनों व आउटरों से लूटपाट की घटनाएं सामने आ रहीं थी। इस पर रोकथाम के लिए टीम गठित की गई थी। देर रात सूचना पर मिली कि हैरिसगंज पुल क नीचे वारदात को अंजाम देने की फिराक में कुछ लोग खड़े हैं। जीआरपी प्रभारी ने टीम के साथ घेराबंदी कर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने बताया कि ट्रेन जैसे आउटर पर पहुंचती थी तो खिड़की व गेट पर खड़े लोगों का मोबाइल छिन कर भाग जाते थे। इसके अलावा ट्रेनों व प्लेटफार्म पर सो रहे यात्रियों का मोबाइल लेकर फरार हो जाते थे। जीआरपी प्रभारी ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त गोविन्द नगर कच्ची का रहने वाला प्रवेश उर्फ बीना कठेरिया, राजबहादुर उर्फ छोटू व कलक्टरगंज सीपीसी मालगोदाम का अकबर अली हैं। इनके पास से ढाई लाख रूपए कीमत के पांच मोबाइल बरामद हुए हैं। जीआरपी प्रभारी ने बताया कि इन तीनों पर पूर्व में कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

# एक्सपीएस रासायनिक प्रकृति को समझने का है प्रवेश द्वार

**■ आईआईटी में हुआ एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन**



**कानपुर।** आईआईटी ने एक्स-रे फोटोइलेक्ट्रॉन स्पेक्ट्रोस्कोपी और नियर एम्बिएंट एक्स पीएस पर लघु संगोष्ठी का आयोजन किया। संगोष्ठी में छात्रों और शोधार्थियों को एक्सपीएस के क्षेत्र में अत्याधुनिक तकनीक का पता लगाने के लिए एक साथ लाया गया। आईआईटी प्रोफेसर प्रो अनीश उपाध्याय ने शिक्षा जगत, शोध संस्थानों और उद्योग के लिए उन्नत सामग्री लक्षण वर्णन को बढ़ावा देने में एडवांस्ड सेंटर फॉर मैटेरियल्स साइंस की भूमिका पर प्रकाश डाला।

कार्यशाला के समन्वयक प्रो थिरुवंचेरिल जी गोपाकुमार ने कार्यक्रम के उद्देश्यों पर विस्तार से चर्चा की और आईआईटी कानपुर और उद्योग जगत के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों की भागीदारी का उल्लेख भी किया। तकनीकी सत्रों में रसायन विज्ञान विभाग के प्रो विशाल गोविंद राव, सिविल इंजीनियरिंग विभाग के प्रो आभास सिंह, एसपीईसीएस सरफेस नैनो एनालिसिस जीएमबीएच, जर्मनी के विशेषज्ञ डॉ लुकास रीथ प्रस्तुतियां दी। प्रो थिरुवंचेरिल जी गोपाकुमार ने कहा आईआईटी कानपुर में हम मानते हैं कि एक्सपीएस सुविधा केवल एक तकनीक नहीं है, बल्कि सूक्ष्म स्तर पर पदार्थों की रासायनिक प्रकृति को समझने के लिए एक महत्वपूर्ण प्रवेश द्वार है। हमारी प्रतिबद्धता शोधकर्ताओं को उन्नत उपकरण और ज्ञान प्रदान करना है, जो सामग्री विज्ञान, संघनित पदार्थ और आणविक पदार्थों की सीमाओं को आगे बढ़ाने और नवाचार करने के लिए आवश्यक है। समापन सत्र में छात्र स्वयंसेवकों और एसीएमएस के कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना की गई। इनमें डीडी पाल, पुनीत कुमार, गोविंद, आशुतोष यादव, रवींद्र अग्निहोत्री समेत अन्य शामिल थे।

## स्मार्ट खरीददारी करें अमेज़न पर

**कानपुर।** आपको पूरे मौसम में ठंडा और आरामदायक रहने में मदद करने के लिए अमेज़न.इन मौजूद है। ताज़ा और ऊर्जा बढ़ाने वाले पेय पदार्थों से लेकर पालतू जानवरों की देखभाल के लिए ज़रूरी सामान और शिशु देखभाल उत्पादों तक इस वन-स्टॉप डेस्टिनेशन में तेज़ और विश्वसनीय डिलीवरी की सुविधा के साथ गर्मियों की हर ज़रूरी चीज़ की विस्तृत श्रृंखला मौजूद है। ग्राहक अमेज़न पे का उपयोग करके अतिरिक्त बचत और सुविधा का भी आनंद ले सकते हैं। प्राइम सदस्यों को 10 लाख से अधिक उत्पादों पर उसी दिन डिलीवरी का आनंद मिलता है।

# माटीकला बोर्ड ने आयोजित किया सेमिनार कुम्हारों को वितरित की गई निशुल्क पगमिल मशीनें



**टूल किट्स योजना के तहत सेमिनार में प्रजापति समाज के कारीगरों को दी गई निःशुल्क पगमिल मशीन बढ़ाएंगे रोजगार।**

कानपुर। उत्तरप्रदेश माटीकला बोर्ड द्वारा सोमवार को बर्रा बाईपास स्थित दिव्यांशी गार्डन में एक दिवसीय मंडल स्तरीय सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें मंडल के विभिन्न जिलों से प्रजापति समाज के कारीगरों ने भाग लिया। इस सेमिनार में बतौर मुख्य अतिथि उण्प्रण् राज्य महिला आयोग की पूर्व सदस्य श्रीमती रंजना शुक्ला उपस्थित रहीं। वहीं उण्प्रण् खादी महासंघ के अध्यक्ष सुरेश गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। माटी उद्यम के लिए राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित संस्था सर्वोसार्थ की निदेशक एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की प्रांतीय संयोजक डॉण् बिंदु सिंह ने मुख्य वक्ता के रूप में माटीकला कारीगरों को मिट्टी के रोजगार को बढ़ावा देने संबंधी कई बातें बताईं। और कानपुर विश्वविद्यालय से फाइनआर्ट के प्रोफेसर जेबी यादव ने कारीगरी की तकनीकी जानकारियां दीं। इस दौरान उत्तरप्रदेश माटीकला बोर्ड द्वारा टूल किट्स योजना के तहत कुम्हारों को निःशुल्क पगमिल मशीनें वितरित की गईं। जिलाध्यरिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी कानपुर नगर अशोक शर्मा के निर्देशन में आयोजित किए गए इस सेमिनार का मुख्य उद्देश्य प्रजापति समाज के लोगों को विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारीए उनको जागरूक करना और माटी उद्यम को बढ़ावा देने के लिए नई.नई तकनीकियों की जानकारियां देना था। जिसमें वक्ताओं ने अपने.अपने विचार रखे। सेमिनार में रामकिशोर प्रजापति पुत्र श्रीनारायण प्रजापति लक्ष्मीपुरवा कानपुर पवन कुमार प्रजापति पुत्र शिव कुमार लक्ष्मीपुरवा, राजेंद्र प्रजापति पुत्र देवता दीन लक्ष्मीपुरवा कानपुरए गंगा प्रसाद पुत्र मोहन लाल बारीगांव भीतरगांव, ओमप्रकाश पुत्र शिवराज बारीगांव भीतरगांव कानपुर और जगदीश पुत्र शिवनाथ बिरतियान, मंधना कानपुर आदि को टूल किट्स योजना के अंतर्गत निःशुल्क पगमिल मशीनें वितरित की गईं। जिससे इन्हें मिट्टी की कारीगरी वाले रोजगार को बढ़ाने में सहायता मिलेगी।

# डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की जयंती बडी ही धूमधाम से मनाई गई



कानपुर डॉ0 अम्बेडकर विकास समिति कल्याणपुर के द्वारा इस वर्ष भी डॉ0 भीमराव अम्बेडकर व महामना ज्योतिबाराव फुले का दो दिवसीय जन्मोत्सव समारोह डॉ0 अम्बेडकर पार्क कल्याणपुर मे बडी ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला स्वास्थ्य अधिकारी हरिदत्त नेमी व धीरेन्द्र सचान ने डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की तस्वीर पर दीप जला कर किया। कार्यक्रम के मौके पर श्री सचान ने कहा की अगर हमारे समाज को आगे बढना व तरक्की करना है तो हमे शिक्षा पर ज्यादा जोर देना होगा। मुख्य वक्ता नीरज पटेल ने कहा की हमारे समाज को पांखडए आडम्बर रूडि वादिता वादी से कैसे दूर हो देश कैसे मजबूत हो इस बात पर बल दिया । कार्यक्रम का संचालन समिति के महामंत्री अमर पाल गौतम के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रमेश चन्द्र बौद्धचार्य ने की। कार्यक्रम मे हजारो की संख्या मे महिलाओं व पुरुष पहुचे। कार्यक्रम के मौके पर कार्यक्रम के आयोजक ओपी सिंह राम गोपाल बी सालए डी आर दोहरेए राम सरन गौतम अजय गौतम राम लखन सोबरन लाल गौतम राजबहादुर समैत सैकड़ों की संख्या मे लोग मौजूद रहे।

# पुलिस-गुमशुदा को पंजाब से खोज निकाला

**घाटमपुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव से कॉलेज पढ़ने आए एक छात्र के लापता होने के 16 माह बाद आखिर कार पुलिस ने पंजाब से खोज निकाला।16 माह बाद मिली लोकेशन के बाद पुलिस उसे लेकर घाटमपुर थाने आई।अपनी मर्जी से गए इटर्रा गांव के छात्र के इतने समय बाद मिलने पर परिजनों में खुशी देखते ही बनती थी। इटर्रा निवासी हिमांशू सिंह पुत्र अरविन्द कुमार 30 नवम्बर 2023 को घर से पढ़ने आया था। जहां से घर वालों को बिना बतायेवह चला गया था। जिसकी लोकेशन मोहाली पंजाब में पाये जाने पर उच्चाधिकारीगण से निर्देश लेकर अतिरिक्त थाना प्रभारी धनंजय कुमार पांडेय ने उप निरीक्षक कौशल कुमार मिश्रा व उ0नि0 नवीन कुमार गुमशुदा की बरामदगी हेतु लोकेशन फाएवर लिविंग प्रोडक्ट कम्पनी सेक्टर 78 मोहाली थाना फेज 11 जनपद एसएएस नगर पंजाब में पाये जाने पर टीम बनाकर भेजा था।

# अधिकारियों ने घटिया निर्माण का निरीक्षण करके लिया सैंपल

**बिल्हौर** कानपुर जनपद के बिल्हौर तहसील के रहीमपुर करीमपुर गांव में जल निगम के एक्सईएन ने जांच टीम के साथ मौके पर जाकर जांच करके सैंपल लिए। जल निगम के उच्चाधिकारियों के अनुसार जांच टीम के साथ निरीक्षण करके मौके से ईट मसाला सीट नट बोल्ट पीवीसी कोटिंग का सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद दोषियों पर कार्यवाही की जाएगी। प्राथमिक जांच में कार्यदाई संस्था की लापरवाही की बात सामने आ रही है जिसके बाद कार्यदाई संस्था को जल्द मरम्मत के निर्देश दिए गए है। जल निगम के उच्चाधिकारियों के अनुसार कानपुर जनपद में कार्यदाई संस्था द्वारा बनाई गई सभी टंकियों की जांच की जाएगी।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई, खण्ड

30 चन्द्रलोक अलीगंज, लखनऊ।

पत्रांक– 41/ल0सिं0/लेखा/म0ग0न0/विज्ञप्ति/2025–26 दिनांकः 11 अप्रैल, 2025

**विज्ञप्ति संख्या– 02/EE/2025-26**

जनपद लखनऊ एवं हरदोई के ग्रामीण क्षेत्रों में मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजनान्तर्गत मध्यम गहरे नलकूपों के छिद्रण हेतु मशीनों/फर्मो का पंजीकरण किया जाना है। अतः एल्यूवियल स्ट्रेटा में आर0आर0 बिट से 14 इंच व्यास के 80 मीटर गहराई तक छिद्रण हेतु उपयुक्त डी0सी0 फंक्शन वाली छोटी रिंग मशीन/मैकेनाइज्ड बोरिंग मशीन 80 मीटर गहरे नलकूप के विकसन हेतु उपयुक्त क्षमता का कम्प्रेशर, ढुलाई हेतु वाहन सहित अन्य सहायक उपकरणों के धारक ठेकेदार/फर्म से जनपद लखनऊ एवं हरदोई में अलग–अलग पंजीकरण हेतु प्रस्ताव एवं दरें अलग–अलग मुहरबन्द लिफाफे में रक्षित कर दिनांक 23.04.2025 के पूर्वान्ह 11.00 बजे से दिनांक 05.05.2025 के अपरान्ह 1.00 बजे तक कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई खण्ड लखनऊ, 30 चन्द्रलोक अलीगंज, लखनऊ के कार्यालय में प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते है। तकनीकी प्रस्ताव दिनांक 06.05.2025 को अपरान्ह 12.30 बजे अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई खण्ड लखनऊ, 30 चन्द्रलोक अलीगंज लखनऊ के कार्यालय में गठित समिति द्वारा ठेकेदारों/उनके द्वारा नामित प्रतिनिधियों के समक्ष प्रस्ताव खोले जायेगे। ठेकेदार/फर्मो के तकनीकी प्रस्ताव पात्र पाये जाने पर ही उनके द्वारा दी गयी वित्तीय दरों का लिफाफा खोला जायेगा, जिसकी सूचना तकनीकी बिड में पाये गये पात्र फर्म/ठेकेदारों को दे दी जायेगी।

निर्धारित प्रपत्र एवं अन्य शर्ते अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई खण्ड लखनऊ में दिनांक 23.04.2025 के पूर्वान्ह 11.00 बजे से दिनांक 05.05.2025 अपरान्ह 12.30 बजे तक किसी भी कार्य दिवस (अवकाश छोड़कर) में निर्धारित शुल्क 150.00 रू0 मात्र देकर प्राप्त किये जा सकते है। समस्त वांछित अभिलेखों को प्रस्तुत करने के उपरान्त ही मशीनों की विशिष्टियों/मानकों का भौतिक सत्यापन/निरीक्षण सम्बन्धित सहायक अभियन्ता द्वारा किया जायेगा। मशीनें मानक के अनुरूप पाए जाने के उपरान्त ही पंजीकरण की कार्यवाही की जायेगी। पात्र फर्म/ठेकेदार का पंजीकरण 31 मार्च, 2026 तक मान्य होगा।

(सुवेन्द्र कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
लघु सिंचाई, खण्ड, लखनऊ।

उ0प्र0 232594 दिनांक- 17.04.2025
Web.: www.upidadv.gov.in


# एसडीएम ने मंडी समिति व गेहूं खरीद केंद्र का किया निरीक्षण



**अव्यवस्थाओं पर जताई नाराजगी वन विभाग का भी किया औचक निरीक्षण**

घाटमपुर। सोमवार की शाम एसडीएम अबिचल प्रताप सिंह ने कस्बा स्थित उप मंडी स्थल का निरीक्षण किया। जहां से वह वहां पर स्थित गेहूं खरीद केंद्र भी निरीक्षण को पहुंचे। जहां मिले कर्मचारी ने बताया कि केंद्र प्रभारी मोबाइल गेहूं खरीद कराने तिलाली गांव गए हुए हैं। उन्होंने केंद्र प्रभारी से फोन पर बात की और गेहूं खरीद के बारे मे जानकारी ली। निरीक्षण में मिली अव्यवस्थाओं पर उन्होंने नाराजगी जताई। यहां के बाद एसडीएम ने वन विभाग के कार्यालय का भी औचक निरीक्षण किया। एसडीएम ने बताया कि सामान्य निरीक्षण था।



# आंगनवाड़ी कार्यकर्ती के बेटे ने आईआईटी मेंस में दिखाई प्रतिभा

भीतरगांव। विकासखंड क्षेत्र के हरीपुर निवासी रौनक द्विवेदी के आईआईटी जेईई मेंस में शानदार प्रदर्शन पर क्षेत्रीय लोगों ने खुशी जता शुभकामनाएं दी इस सफलता के साथ रौनक का सपना है कि वह आईआईटी मुंबई से कम्प्यूटर साइंस की पढ़ाई कर देश के तकनीकी क्षेत्र में अपना योगदान दे सके। बिरहर क्षेत्र के हरीपुर निवासी रौनक द्विवेदी पुत्र शांति स्वरूप द्विवेदी ने आईआईटी जेईई मेंस में 94:अंक अर्जित कर आईआईटी मुंबई से कम्प्यूटर साइंस की पढ़ाई कर देश की सेवा करने और विकास के क्षेत्र में कुछ नया करने की इच्छा जताते हुए सफलता का श्रेय परिवार का उत्साहवर्धन तथा शिक्षकों के मार्गदर्शन बताया इस उपलब्धि को लेकर क्षेत्रीय लोगों ने खुशी जताई बेटे की इस उपलब्धि की जानकारी मिलते ही आंगनवाड़ी कार्यकर्ती श्रीमती विनीता ने बेटे का मुंह मीठा करा शुभकामनाएं दी।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, प्रखण्ड–हरदोई।

पत्रांकः 92/ग्रा0अ0वि0/ई–निविदा/2025–26/दिनांक 15.04.2025

**(ई–प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना) द्वितीय आमन्त्रण**

महामहिम राज्यपाल, महोदय उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियंता,ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, प्रखण्ड–हरदोई द्वारा उत्तर प्रदेश, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग में पात्र पंजीकृत श्रेणी–"ए","बी","सी" एवं"डी" सीमा के अनुरूप श्रेणी के निविदादाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्यो हेतु प्रतिशत दरों पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी कार्य अथवा सभी कार्यो के लिए निविदा डाल सकता है।

1– कार्यो से संबंधित विवरण निम्नवत् हैः–

| क0 सं0 | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| किटिकल गैप्स | | | | | | |
| 1 | हरदोई | विकास खण्ड अहिरोरी में के0जी0बी0वी0 में कम्प्यूटर लैब का निर्माण कार्य। | 15.00 | 0.30 | 300+500+144 (944.00) | 03 माह |
| 2 | हरदोई | विकास खण्ड बेंहदर में के0जी0बी0वी0 में कम्प्यूटर लैब का निर्माण कार्य। | 15.00 | 0.30 | 300+500+144 (944.00) | 03 माह |
| 3 | हरदोई | विकास खण्ड भरावन में के0जी0बी0वी0 में कम्प्यूटर लैब का निर्माण कार्य। | 15.00 | 0.30 | 300+500+144 (944.00) | 03 माह |
| 4 | हरदोई | विकास खण्ड भरखनी में के0जी0बी0वी0 में कम्प्यूटर लैब का निर्माण कार्य। | 15.00 | 0.30 | 300+500+144 (944.00) | 03 माह |
| 5 | हरदोई | विकास खण्ड कोथावां में के0जी0बी0वी0 में कम्प्यूटर लैब का निर्माण कार्य। | 15.00 | 0.30 | 300+500+144 (944.00) | 03 माह |
| 6 | हरदोई | विकास खण्ड माधौगंज में के0जी0बी0वी0 में कम्प्यूटर लैब का निर्माण कार्य। | 15.00 | 0.30 | 300+500+144 (944.00) | 03 माह |
| 7 | हरदोई | विकास खण्ड मल्लावां में के0जी0बी0वी0 में कम्प्यूटर लैब का निर्माण कार्य। | 15.00 | 0.30 | 300+500+144 (944.00) | 03 माह |
| 8 | हरदोई | विकास खण्ड साण्डी में के0जी0बी0वी0 में कम्प्यूटर लैब का निर्माण कार्य। | 15.00 | 0.30 | 300+500+144 (944.00) | 03 माह |

2– वैब साइट पर बिड डाक्यूमेन्ट उपलब्धता की तिथि– 24.04.2025 को दोपहर 12.00 बजे है।
3– बिड डाक्यूमेन्ट डाउन लोडिंग प्रारम्भ करने की तिथि एंव समय– 24.04.2025 को दोपहर 12.00 बजे से
4– ई–निविदा के माध्यम से निविदा डालने की प्रारम्भ तिथि/समय– 24.04.2025 को अपरान्ह 12.30 बजे से
5– ई–निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि/समय– 12.05.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक।
6– ई–निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि/समय– 13.05.2025 को अपरान्ह 12.30 बजे
7– टेण्डर प्रकिया से पूर्व का कोई भी शपथ पत्र मान्य नही होगा।
8– निविदा आन–लाइन वैब साइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध होगा एंव उसी साइट पर डाला जायेगा।
9– निविदा आमंत्रणकर्ता को आई0टी0बी0 के क्लाज–9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है, जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि नियमित रूप से ई–निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।

अधिक जानकारी के लिए कृपया वेवसाईट https://etender.up.nic.in पर लाग आन करें, और विड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

सभी सम्भावित निविदादाता को सलाह है, कि बिड सम्मिट करने से पूर्व डाक्यूमेन्ट को भली भॉति पढ़ लें।

(प्रदीप कुमार पाल)
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड–हरदोई।

उ0प्र0 232635 दिनांक- 17.04.2025
Web.: www.upidadv.gov.in



## कार्यालय–नगर पालिका परिषद कोंच जनपद–जालौन

पत्रांकः–30 न०पा०परि०कोंच/2025–26 दिनांक–21/04/25

**दर आमंत्रण (कुटेशन) सूचना**

एतद् द्वारा नगर के समस्त स्थानीय वेण्डरों/सप्लायर्स/फर्म को सूचित किया जाता है, कि नगर पालिका परिषद कोंच के अन्तर्गत लगे वाटर कूलरों की मरम्मत कराना है। इस कार्य को करने हेतु अपने अपने रेट जो भी वाटर कूलर में प्रयुक्त होने वाली मरम्मत सामग्री आदि मय लेवर चार्ज सहित अलग–2 रेट स्पष्ट करते हुए कुटेशन मुहर बन्द लिफाफा में दिनांक 08.05.25 को अपरान्ह 02.00 बजे तक कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। स्वीकृत कुटेशन के उपरान्त कुटेशन दाता को रु0 (50000/– पालिका कोष में जमानत के रुप में जमां करना होगा। नियमानुसार कटौती की जावेगी। तथा कुटेशन दाता के पास जी०एस०टी० नं० एंव पेन कार्ड होना अनिवार्य है। नियत तिथि/समय के पश्चात् प्राप्त कुटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा। समस्त प्राप्त कुटेशन दिनांक 08.05.25 को अपरान्ह 02.30 बजे समस्त उपस्थित कुटेशन दाताओं के समक्ष खोले जायेगे।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद, कोंच
जनपद–जालौन

**अध्यक्ष**
नगर पालिका परिषद,
कोंच जनपद–जालौन



## कार्यालय नगर पालिका परिषद घाटमपुर कानपुर नगर

पत्रांक–941 /सूचना/भ०दा०खा०/न०पा०प०घा०/2024–2025 दिनांक 19.04–2025

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद घाटमपुर कानपुर नगर के निम्न भवनों/भूखण्डों के स्वामित्व परिर्वतन/दर्ज/अंकित करने हेतु निम्नलिखित व्यक्तियों ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। अतः स्वामित्व परिर्वतन/नया भवन/प्लाट/भूखण्ड/भवनकर पांजिका में नाम दर्ज करने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो समाचार पत्र में प्रकाशित होने के एक माह के अन्दर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है. बाद म्याद प्राप्त आपतियों पर विचार करना सम्भव न होगा।

| क्र0 सं० | भूमि संख्या/भवन संख्या | पालिका अभिलेखों/राजस्व अभिलेखों में दर्ज स्वामी का नाम | कालम संख्या तीन के स्वामी के स्थान में अंकित नाम हेतु |
|---|---|---|---|
| 1 | गाटा संख्या 213 से 79 वर्ग मी० भूमि<br>एक किता भूमि/भूखण्ड 103 वर्ग मी० | संजय यादव आ० मन्नालाल यादव पटेल नगर कानपुर नगर।<br>शिवलाल आ० परसदवा शिवपुरी पूर्वी घाटमपुर कानपुर नगर | अक्लीमा खातून पत्नी मोहम्मद इश्तियाक शिवपुरी पूर्वी घाटमपुर कानपुर नगर।<br>सरोज दिवाकर पत्नी स्व० अमर सिंह अशोक नगर दक्षिणी घाटमपुर कानपुर नगर। |
| 2 | एक किता भूमि/भूखण्ड 137 वर्ग मी०<br>गाटा संख्या 513 से 75 वर्ग मी० भूमि | छेदा सिंह व शिवनन्दन सिंह, शिवबदन सिंह आ० गोकुल सिंह– बीरपुर घाटमपुर का०नगर<br>श्रीमती चमन पत्नी नसरुल्ला जवाहर नगर पश्चिमी घाटमपुर | रामदुलारी पत्नी रमाशंकर बसन्त बिहार घाटमपुर कानपुर नगर।<br>सुमन कुमारी पत्नी रामऔतार जवाहर नगर पश्चिमी घाटमपुर कानपुर नगर। |
| 3. | एक किता भूमि/भूखण्ड 83.7 वर्ग मी०<br>गाटा संख्या 460 से 157 वर्ग मी० भूमि | शकुन्तला सचान पत्नी सुरेन्द्र कुमार सचान जवाहर नगर पश्चिमी घाटमपुर<br>शिवनाथ सिंह, शिव विजय सिंह आ० स्व० फूल सिंह– सुजानपुर मकरन्दपुर घाटमपुर | शीलम सचान पत्नी अजीत कुमार पुत्री सुरेन्द्र कुमार सचान घाटमपुर कानपुर नगर।<br>शकुन्तला सचान पत्नी सुरेन्द्र कुमार सचान जवाहर नगर पश्चिमी घाटमपुर |
| 4 | गाटा संख्या 440 से 223.20 वर्ग मी० भूमि<br>गाटा संख्या 572 से 74.4 वर्ग मी० भूमि | शैलेन्द्र कुमारी पत्नी शिवशंकर लौकाहा घाटमपुर<br>रईस अहमद आ० पीरबक्स आशा नगर घाटमपुर | दीप कुमार आ० शिवशंकरलाल जवाहर नगर पूर्वी घाटमपुर<br>शैलेन्द्र कुमार आ० शिवकुमार जवाहर नगर पश्चिमी घाटमपुर। |
| 5. | गाटा संख्या 475 से 56.54 वर्ग मी० भूमि<br>गाटा संख्या 266 से 45 वर्ग मी० भूमि | इन्द्रभान सिंह, जगन्नाथ सिंह, शैलेन्द्र कुमार, आ० शिवकुमार निवासीगण घाटमपुर<br>श्यामबाबू आ० महाबीर कटरा पूर्वी घाटमपुर कानपुर नगर। | शैलेन्द्र कुमार सोनी आ० सुरेश कुमार कृष्णा नगर घाटमपुर कानपुर नगर।<br>प्रभा देवी पत्नी अरबिन्द कटरा पूर्वी घाटमपुर कानपुर नगर। |
| 6. | एक किता भूमि/भूखण्ड 768 वर्ग फिट<br>एक किता भूमि/भूखण्ड 34 वर्ग मी० | छोटे आ० बद्री नौबस्ता पूर्वी घाटमपुर<br>शेष कुमार आ० सोहनलाल मनिहारपुर, हरबसपुर घाटमपुर | राजकुमार आ० मुन्शीलाल कटरा पूर्वी घाटमपुर कानपुर नगर।<br>साबरा खातून उर्फ फातमा पत्नी जान मोहम्मद बसन्त बिहार घाटमपुर |
| 7 | गाटा संख्या 560 से 167.4 वर्ग मी० भूमि<br>गाटा संख्या 33 से 78 वर्ग मी० भूमि | रमेश आ० राजाराम आशा नगर घाटमपुर<br>हनीफ अहमद आ० हबीब अहमद आ० मो० हनीफ खॉ नौबस्ता पूर्वी घाटमपुर | नीलू कुमार आ० रमेशचन्द्र गाँधी नगर घाटमपुर<br>शिवदत्त, रामदत्त आ० रतीराम बसन्त बिहार घाटमपुर |
| 8 | गाटा संख्या 336 से 69 वर्ग मी० भूमि<br>गाटा संख्या 305, 306 उद्धरण खतौनी | सुभद्रा सचान पत्नी कमला शंकर जवाहर नगर उत्तरी घाटमपुर<br>गजोधर आ० रामचरन बसन्त बिहार घाटमपुर | विनीता सचान पत्नी सुरेन्द्र सिंह सचान जवाहर नगर उत्तरी घाटमपुर कानपुर नगर।<br>रजनी पत्नी गजोधर, रामबाबू, रामू, सुबोध आ० गजोधर– बसन्त बिहार घाटमपुर |

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद घाटमपुर**
**कानपुर नगर।**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद घाटमपुर**
**कानपुर नगर।**



## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, मोहम्मदाबाद–फर्रुखाबाद

पत्रांक 88 /लेखाकार /राज्य केन्द्रीय वित्त यो०/ निविदा/2024–25 दिनांक 15–04–2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

केन्द्रीय निधि वित्त आयोग के अन्तर्गत क्षेत्र पंचायत मोहम्मदाबाद जनपद–फर्रुखाबाद द्वारा निम्न परियोजना के निर्माण कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदारो से दिनांक 16–04–2025 से 22–04–25 तक की अपरान्ह 2.00 बजे तक सीलबन्द निविदा आमात्रिंत की जाती है जो दिनांक 22–04–2025 की सायं 04.00 बजे विकास खण्ड कार्यालय मोहम्मदाबाद खण्ड विकास अधिकारी/अवर अभियन्ता (ग्रा०अ०वि०) सहायक विकास अधिकारी (आई०एस०बी०) एवं उपस्थिति निविदादाताओ के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 16–04–2025 से 22–05–25 तक की अपरान्ह 2.00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में खण्ड विकास अधिकारी मोहम्मदाबाद से रू0–500–00 अदा करने पर प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. | कार्य का नाम | स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार लागत (लाख रू. में) | जमानत धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत हमीरपुर में अशोक के घर से तालाब तक नाला निर्माण | 9.97 | 20000 | 500.00 |
| 2 | ग्राम पंचायत हमीरपुर में विनोद के ट्यूबवेल से संतोश के घर तक नाला निर्माण | 6.67 | 13500 | 500.00 |
| 3 | ग्राम सिकन्दरपुर न० विनायक में अजय दुबे के घर से तालाब तक नाला नि० | 8.98 | 18000 | 500.00 |
| 4 | ग्राम पं० जैतपुर में मुन्नू चौहान के मकान से वहोरी वाले तालाब तक नाला नि० | 9.93 | 20000 | 500.00 |
| 5 | ग्राम पंचायत लखरौआ में प्रमोद कठेरिया के घर से तालाब तक नाला निर्माण | 5.34 | 11000 | 500.00 |
| 6 | ग्राम पंचायत तेरा में किशन मुरारी के घर से सामुदायिक शौचालय तक नाला नि० | 9.94 | 20000 | 500.00 |
| 7 | ग्राम पंचायत भटकुर्री में राजकुमार के घर से पुराने नाले तक नाला निर्माण | 8.96 | 18000 | 500.00 |
| 8. | शेखपुर खजुरी में मेन रोड से विष्णु नाथ के घर तक इण्टरलाकिंग | 6.50 | 13000 | 500.00 |

**नियम व शर्ते** – खण्ड विकास अधिकारी मोहम्मदाबाद कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**खण्ड विकास अधिकारी**
मोहम्मदाबाद फर्रुखाबाद

**फांसी लगा किशोरी ने दी जान**

**फ्तेहपुर।** धाता थाना क्षेत्र के ग्राम गोविन्दपुर में संदिग्ध अवस्था में 15 वर्षीय किशोरी ने घर के अन्दर फांसी लगाकर जीवनलीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार गोविन्दपुर गांव निवासी स्व0 सुरेश कुमार की पुत्री नीलम ने घर के अन्दर उस वक्त फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली जब घर के सभी लोग गहरी नींद सो रहे थे। सुबह जब घर वालो की नींद खुली और फांसी पर लटका नीलम का शव देख घर में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन ग्रह भेज दिया। किशोरी द्वारा आत्महत्या किये जाने का कारण ज्ञात नहीं हो सका।

## जे0ई0ई0 मुख्य परीक्षा में महर्षि की प्रतिभाओं का उम्दा प्रदर्शन



फ्तेहपुर। देश के राष्ट्रीय स्तर के प्रौद्योगिकी संस्थान एन0आई0टी0 व अन्य इंजीनियरिंग कालेजों में प्रवेश के लिए विगत दिनों राष्ट्रीय टेस्टिंग एजेंसी द्वारा प्रायोजित मुख्य परीक्षा में महर्षि विद्या मन्दिर के छात्रों का पूरे जनपद में दबदबा रहा। विद्यालय के छात्र गौरव अग्निहोत्री ने 98.68 पर्सेंटाइल अंजली 86.79 फ़ीसदी अमन कुमार 94.28 फ़ीसदी, अवनी शुक्ला 85.0 फ़ीसदी, अनामिका मिश्रा 82.6 फ़ीसदी, वंदना पांडेय 81 फ़ीसदी प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। चयनित छात्र/छात्राओं ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान से डिग्री लेकर भारतीय प्रशासनिक सेवा में योगदान करने का लक्ष्य तय किया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने कहा कि जीवन में सदैव बड़े लक्ष्य की ओर अग्रसर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर की इस परीक्षा में अपना स्थान बनाना बड़ी बात है। यह सफ्लता बच्चों की कड़ी मेहनत अभिभावकों एवं शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन से सम्भव हुआ। महर्षि विद्या मन्दिर विद्यालय समूह के अध्यक्ष ब्रम्हचारी डॉ0 गिरीश चन्द्र वर्मा ने सभी सफ्ल छात्रों को शुभकामनाएं देकर उनके उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की।

## व्यापार मंडल की मुहिम में किसान यूनियन ने भी दिया अपना समर्थन



**खागा (फ्तेहपुर)।** भारतीय किसान यूनियन (आ.रा.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश सिंह चौहान ने व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष शिवचंद्र शुक्ल द्वारा चलाई जा रही मुहिम की तारीफ करते हुए कहा कि किसानों के भी बच्चें प्राइवेट स्कूलों में पढ़ते हैं , जहां पर उनका आर्थिक उत्पीड़न होता है, इस लिए अब इस मुहिम में किसान यूनियन का समर्थन करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। जिला विद्यालय निरीक्षक के कार्य द्वारा जिले के अभिवावकों का आर्थिक शोषण नहीं होगा।

व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष शिवचंद्र ने किसान यूनियन (आ.रा.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश सिंह चौहान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब हमारा व्यापार मंडल द्वारा जो प्राइवेट स्कूलों के खिलाफ यह मुहिम चलाई जा रही है, इसके लिए राजेश सिंह चौहान बधाई के पात्र हैं, यह मुहिम जनहित की हैं,हमारे जिले के किसानों के बच्चे भी प्राइवेट स्कूलों में पढ़ते हैं जहां पर उनका आर्थिक उत्पीड़न किया जाता है,पर अब शिक्षा विभाग के अधिकारियो के शह पर प्राइवेट स्कूलों का यह खेल अब नहीं चलने दिया जाएगा,शिक्षा विभाग के शह पर चल रहे भ्रष्टाचार को लेकर किसान यूनियन द्वारा 9 मई को जिला विद्यालय निरीक्षक के कार्यालय का घेराव किया जाएगा । जनहित की इस लड़ाई को मजबूती से लड़ा जाएगा, शिक्षा माफ्यिा वा शिक्षा विभाग की मिली जुली भ्रष्टाचार की इस आर्थिक लुटाही को बंद करवाया जाएगा,और कहा कि प्राइवेट स्कूलों द्वारा हर वर्ष प्रवेश शुल्क लेना,हर वर्ष दुकानदारों से लाखों लाख रुपए नगद लेकर हर वर्ष महंगी किताबें लगवाकर एक दुकान निश्चित करना,हर वर्ष किताबें बदलना, टाई बिल्ला बेल्ट आदि के नाम पर होने वाला अभिवावकों का आर्थिक शोषण अब नहीं होने दिया जाएगा। अपना समर्थन देकर मुहिम को और मजबूत करने के लिए व्यापार मंडल के साथ भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश सिंह चौहान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब हमारी मुहिम को निश्चित रूप से सफ्लता मिलेगी।

इस मौके पर से भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष राजकुमार सिंह गौतम, युवा नेता अंकित सिंह चौहान, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह चौहान,व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष अनिल साहू,जिला मंत्री सर्वेश यादव, अनुपम शुक्ल, युवा विकास समिति के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र मिश्र,जिलाध्यक्ष कंचन मिश्र सहित सैकड़ों की संख्या में किसान एवं व्यापारी मौजूद रहें।

## खबर एक नज़र

### अरबपुर बसंत कॉलोनी में गेस्ट हाउस बना अवैध गतिविधियों का अड्डा

**फ्तेहपुर।** शहर के अरबपुर बसंत कॉलोनी में स्थित एक गेस्टहाउस अवैध गतिविधियों और अराजकता का केंद्र बन गया है। 2481/2 तालाबी नंबर में संचालित इस गेस्टहाउस को बिना किसी वैध अनुमति के स्कूल में बदल दिया गया है। मामले की शिकायत जिलाधिकारी से की गई। जिलाधिकारी ने त्वरित संज्ञान लेते हुए मामले की जांच नायब तहसीलदार को सौंपते हुए एक सप्ताह में आख्या मांगी है। जांच में सामने आया है कि नेहरू मैरिज लॉन अवैध रूप से सरकारी भूमि पर बनाया गया है, जिसका कोई बैनामा नहीं है, फ्रि भी कई बीघा ज़मीन पर इस मैरिज लॉन को खड़ा कर दिया गया, जो साफ तौर पर भू-माफ्यिा और प्रशासन की मिलीभगत की ओर इशारा करता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रिहायशी क्षेत्र में बने इस गेस्टहाउस में खुलेआम मटन-चिकन और शराब परोसी जाती है। नशे में धुत लोग रोजाना हंगामा और झगड़े की घटनाएं सामने आती हैं। इस कारण क्षेत्र में भय और तनाव का माहौल बना हुआ है। आशंका जताई जा रही है कि यह स्थान अपराधियों की शरणस्थली बन चुका है, जहां संदिग्ध गतिविधियां संचालित हो रही हैं। इतना ही नहीं, मैरिज लॉन के पास एक स्कूल भी संचालित हो रहा है, जिसमें मान्यता से अधिक कक्षाएं चलाई जा रही हैं, जो शिक्षा विभाग के नियमों की धज्जियां उड़ाता है। हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों ने मिलकर डीएम को शिकायती पत्र सौंपा है और मांग की है कि इस अवैध निर्माण व अराजक गतिविधियों पर तत्काल कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने मामले में जांच बैठा दी है।

### 89 पौवा देशी शराब के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**फ्तेहपुर।** औंग थाना पुलिस ने गश्त के दौरान ग्राम गंगचौली मोड़ मंदिर के सामने से दो अभियुक्तों को 89 पौवा देशी शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। उनके खिलाफ सुसंगत धाराओं में कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार औंग थाने के उपनिरीक्षक लल्लू राम अपने हमराही सिपाहियों के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। जब पुलिस टीम औंग से खदरा रोड पर स्थित ग्राम गंगचौली मोड मंदिर के सामने पहुंची तभी दो संदिग्ध बाइक पर सवार दिखाई दिए। पुलिस ने मौके से दिनेश कुशवाहा पुत्र लाल बहादुर कुशवाहा निवासी ग्राम खदरा थाना औंग के कब्जे से देशी ठेका शराब जोशीला स्टार ब्रान्ड की कुल 45 पौवा व शिवाकान्त शुक्ला पुत्र कमल किशोर शुक्ला निवासी दलपतपुर थाना नरवल जनपद कानपुर नगर के कब्जे से एक गत्ते में कुल 44 अदद पौवा देशी ठेका शराब पावर हाउस ब्रान्ड बरामद की। पुलिस ने मौके से बाइक यूपी-71एटी/2776 को अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना औंग पर मु0अ0सं0 47/2025 धारा 60 ईएक्स एक्ट व मु0अ0सं0 48/2025 धारा 60 ईएक्स एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही नियमानुसार की जा रही है। बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक सुरेश चन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल विनीत कुमार, हरिश्चन्द्र सरोज, कांस्टेबल संदीप कुमार, अनिल कुमार यादव शामिल रहे।

### ट्रैक्टर मालिक का सिर फोड़ा

**फ्तेहपुर।** हथगाम थाना क्षेत्र के सिठौरा गांव निवासी चंद्रपाल खेतों से अपने घर आया तो देखा कि रामबाबू पुत्र पन्नालाल, पत्नी जगदेई से बात कर रहा था। चंद्रपाल के घर आते ही पत्नी ने कहा कि पति आ गए है बात कर लीजिए। गांव के ही रहने वाले रामबाबू जबरन ट्रैक्टर से अपना गेहूं कतरवाने को लेकर बात कहने लगा। जब चंद्रपाल ने मना किया तो रामबाबू, भोला, दुर्गा पुत्र पन्नालाल ने घर पर आकर गाली गलौज की जब विरोध किया तो लाठी डंडा लेकर आए दबंगो ने मारना पीटना चालू कर दिया। जिससे चंद्रपाल का सिर फ्ट गया।

### बाइक से गिरकर दो महिलाएं घायल

**फ्तेहपुर।** थरियांव थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगहो में सोमवार की सुबह बाइक से गिरकर दो महिलाएं गिरकर घायल हो गयीं। जिन्हे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां एक की हालत गंभीर देख कानपुर के लिए रेफ्र कर दिया गया। जानकारी के अनुसार असोथर थाना क्षेत्र के छीतमपुर गांव निवासी धनराज अपनी 62 वर्षीय पत्नी गुडिया देवी को बाइक में बैठाकर शहर आ रहा था। जैसे ही यह लोग हसवा सीएचसी के समीप पहुंचे तभी चार पहिया वाहन से बचने के चक्कर में बाइक में बैठी गुडिया देवी नीचे गिर गयी और बुरी तरह घायल हो गयी। इसी प्रकार सदर कोतवाली क्षेत्र के मुराइनटोला मोहल्ला निवासी रामसिंह 50 वर्षीय पत्नी रन्नो देवी बाइक से रिश्तेदारी में जा रही थी। जैसे ही यह लोग थरियांव मोड के पास पहुंचे तभी अचानक चलती बाइक से गिरकर रन्नो देवी घायल हो गयी। सूचना पर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेंस से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने गुडिया हालत चिन्ता जनक देखते हुये कानपुर मेडिकल कालेज के लिए रेफ्र कर दिया।

### युवक ने किया जान देने का प्रयास

**फ्तेहपुर।** कल्यानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सौह में मानसिक तनाव के चलते 22 वर्षीय युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्म हत्या करने का प्रयास किया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर देख चिकित्सक ने उसे कानपुर के लिए रेफ्र कर दिया। जानकारी के अनुसार सौह गांव निवासी पुत्तन यादव का पुत्र ज्ञान सिंह यादव ने मानसिक तनाव के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ देर बाद जब उसकी हालत बिगडी तो परिजनो ने उसे तत्काल सरकारी एम्बुलेंस द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने युवक की हालत चिन्ताजनक देखते हुए कानुपर मेडिकल कालेज के लिए रेफ्र कर दिया।

### वृद्ध को जहरीले कीड़े ने काटा, मौत

**फ्तेहपुर।** किशनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम इकौरा विजयपुर में खेत में काम करते समय 65 वर्षीय वृद्ध को जहरीले कीडे ने काट लिया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार के इकौरा विजयीपुर गांव निवासी स्व0 कामता प्रसाद द्विवेदी का पुत्र सत्यप्रकाश द्विवेदी खेत में काम कर रहा था। तभी जहरीले कीडे ने उसे काट लिया। जानकारी होने पर परिजन उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाये। जहां इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने वृद्ध को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को विच्छेदन ग्रह भेज दिया। वहीं पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद इस बात की पुष्टी होगी कि वृद्ध सर्प ने डसा या फ्रि कीडे के काटने से मौत हुई है।

### ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

**फ्तेहपुर।** मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम बुधईयापुर के समीप रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ जाने से 25 वर्षीय युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार थाने के चितौरा गांव निवासी देशराज पटेल का पुत्र हर्ष पटेल उर्फ आशू अपने किसी काम से जा रहा था। तभी बुधईयापुर रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ जाने से घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना पाकर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। हादसे के बाद मृतक के परिजनो में कोहराम मच गया।

### पीएमएफ्एमई योजना का लाभ उठाएं युवा

**फ्तेहपुर।** जिला उद्यान अधिकारी डा0 रमेश पाठक ने बताया कि युवा कुछ कारोबार कर सकें, इसके लिए केन्द्र सरकार द्वारा उद्यान विभाग में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफ्एमई) योजना संचालित है। योजना के अंतर्गत सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों को वित्तीय तकनीकी और व्यावसायिक सहायता प्रदान की जाती है। उन्होने बताया कि सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण यूनिट के लिए कुल लागत की 35 प्रतिशत तक क्रेडिट लिक्ड कैपिटल सब्सिडी प्रदान की जाती है। आटा चक्की, तेल पेराई, धान, कुटाई, बेकरी, डेयरी, जैम एवं जैली, अचार एवं पापड जैसे सूक्ष्म उद्योग लगा सकते है। योजना के अंतर्गत अधिकतम धनराशि 10 लाख रूपए अनुदान देय है। सोलर आधारित यूनिट लगाए जाने पर मशीनों के साथ-साथ सबमर्सिबल पंप भी संचालित कर सकते हैं। साथ ही घर में उपयोग होने वाली बिजली का बिल भी शून्य हो सकता है। इच्छुक उद्यमी योजना की आधिकारिक वेबसाईट पर ऑनलाइन पंजीकरण कर लाभ प्राप्त कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी हेतु किसी कार्य दिवस में कार्यालय विकास भवन के कमरा सं0 138-139 में उपस्थित होकर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

## तिहरा हत्याकाण्ड पूरे किसान समाज पर हमला : राजेश

**■ न्याय की लड़ाई तेज करने का राष्ट्रीय अध्यक्ष का ऐलान**



**फ्तेहपुर।** हथगाम थाना क्षेत्र के अखरी गांव में हुआ तिहरा हत्याकाण्ड केवल एक परिवार पर हमला नहीं बल्कि पूरे किसान समाज पर हमला है। इस हत्याकाण्ड के दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाए जाने के लिए लड़ाई तेज की जाएगी। किसानों की समस्याओं को लेकर संघर्ष का रास्ता भी अपनाया जाएगा। यह बात सोमवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश सिंह चौहान ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। उन्होने कहा कि अखरी गांव में किसान परिवार के तीन लोगों की दिन दहाड़े निर्मम हत्या कर दी गई। जिससे जिले की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े होना लाजमी है। उन्होने कहा कि यह हत्याकाण्ड किसी एक परिवार पर नहीं बल्कि पूरे किसान समाज पर हमला है।

पुलिस ने पूर्व में ही सख्ती दिखाई होती तो जिले में इतनी बड़ी घटना न होती। पुलिस की लचर कार्य प्रणाली के चलते दबंगों के हौसले बुलंद हो गए और उन्होने दिन दहाड़े हत्याकाण्ड को अंजाम दे डाला। उन्होने कहा कि पीड़ित परिवार के प्रति उनकी गहरी संवेदना है। वह हमेशा इस परिवार के साथ खड़े रहेंगे। उनका संगठन पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास करेगा। श्री चौहान ने प्रशासन से तेज व निष्पक्ष कार्रवाई की मांग करते हुए दोषियों को सख्त सजा दिलाए जाने की भी बात कही। इससे पूर्व बैठक भी आयोजित की गई। जिसमें किसानों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करते हुए निर्णय लिया गया कि किसानों की समस्याओं को लेकर संघर्ष का रास्ता अख्तियार किया जाएगा। इस मौके पर अजय, रंजीत यादव, धर्मेंद्र सिंह, शोनू सिंह, उमेश सिंह, आशू सिंह, सर्वेश यादव, गुलाब भाई यादव सहित भारी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## सरकारी देशी शराब की दुकान के विरोध में प्रदर्शन

**- आबादी से दूर स्थानान्तरित कराए जाने की डीएम से मांग**

**फ्तेहपुर।** ललौली थाना क्षेत्र के ग्राम सिधांव में आबादी के बीचो-बीच खुली सरकारी देशी शराब की दुकान के विरोध में ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया तत्पश्चात जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर इस दुकान को आबादी से दूर स्थानान्तरित कराए जाने की मांग की। जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में ग्रामीणोंने बताया कि गांव में सरकारी देशी शराब का ठेका मुहल्ले से एक अप्रैल को हटाया गया था परन्तु ठेकेदार ने अपनी जाति के सोनू सिंह पुत्र स्व0 दिनेश परिहार के मकान पर बीस अप्रैल से जबरन शराब की दुकान को पुनः संचालित करवा दिया है जबकि आबकारी नियमों के अनुसार रोड से दूरी 120 मीटर होनी चाहिए लेकिन मंदिर, विद्यालय व रोड से दूरी लगभग 120 मीटर से भीकम है। कन्या जूनियर हाईस्कूल के लिए जाने का यही मुख्य मार्ग भी है। जिससे विद्यालय पढ़ने जाने वाली लड़कियों के साथ शराबियों द्वारा अभद्रता व अश्लीलता की संभावना बनी हुई है। जिससे ग्रामवासी व छात्राओं के अभिभावकों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने मांग किया कि इस सरकारी देशी शराब के ठेके का संचालन आबादी व कन्या जूनियर हाईस्कूल विद्यालय से दूर कराया जाने का आदेश जारी किया जाए। इस मौके पर शिवभोला कुशवाहा, संजय, दीपक कुमार, दयाशंकर, नारेन्द्र कुमार, रामचन्द्र, अजीत, विपिन, राहुल, हरिमोहन, किशनपाल फौजी, कमलेश कुमार, मनोज, रोहित मौजूद रहे।

## बाबा साहब न होते तो देश को न मिलता उत्कृष्ट संविधान



**फ्तेहपुर।** डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को भारतीय संविधान के निर्माण में डॉ. भीमराव अंबेडकर का योगदान विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। निबंध प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का आरंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ गुलशन सक्सेना ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन से हुआ। अपने उद्बोधन में उन्होंने बताया कि डॉ भीमराव अंबेडकर का जीवन हम लोगों के लिए प्रेरणा स्रोत है, यदि बाबा साहब न होते तो आज हमारे देश को इतना उत्कृष्ट संविधान नहीं मिल पाता। आज मजबूत संविधान के बल पर ही हमारा राष्ट्र सफ्लता के शिखर छू रहा है। निबंध प्रतियोगिता के आयोजक प्रोफेसर श्यामजी सोनकर ने बताया कि संविधान निर्माण में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का महत्वपूर्ण योगदान है जिन्होंने स्वतंत्र हुए राष्ट्र को चलाने के लिए संविधान को लिपिबद्ध किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक उपस्थित रहे। निबंध प्रतियोगिता में शताक्षी देवी प्रथम, निहारिका कश्यप द्वितीय तथा रीतिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### फर्जी राजस्व कर्मी बन महिला से ठगे रुपए

- एसडीएम ने जांच के बाद कराई थाने में रिपोर्ट दर्ज

खागा (फ्तेहपुर)। तहसील के अंतर्गत ग्राम दरियामऊ में एक वायरल ऑडियो के माध्यम से क्षेत्रीय लेखपाल के नाम पर फर्जी रूप से वसूली किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। यह ऑडियो सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रहा था, जिसमें घर की छत डलवाने हेतु एक व्यक्ति द्वारा स्वयं को लेखपाल विनय सिंह बताते हुए धन की मांग की जा रही थी। इस गंभीर मामले का संज्ञान उपजिलाधिकारी अभिनीत कुमार द्वारा संज्ञान लिया गया और तत्क्षण जांच के निर्देश दिए गए। प्राथमिक जांच में स्पष्ट हुआ कि संबंधित ऑडियो में बात करने वाला व्यक्ति वास्तविक लेखपाल नहीं है, बल्कि किसी अन्य व्यक्ति ने लेखपाल बनकर वार्ता की है। इस प्रकार की हरकतें न केवल प्रशासन की छवि को धूमिल करती हैं, बल्कि आमजन में भ्रम और भय भी उत्पन्न करती हैं। इस वास्तविक क्षेत्रीय लेखपाल विनय सिंह द्वारा थाना खखरेरू में तहरीर दी गई। तहरीर के आधार पर पुलिस द्वारा तत्परता से कार्रवाई करते हुए भारतीय दंड संहिता की धारा एवं सूचना प्रौद्योगिकी (संशोधन) अधिनियम 2008 की धारा 66(डी) के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। जांच में यह भी सामने आया कि वसूली के लिए आरोपी द्वारा यूपीआई का प्रयोग किया गया था, जो डिजिटल धोखाधड़ी की श्रेणी में आता है। अभियुक्त की पहचान सुशील कुमार के रूप में हुई है और उसके मोबाइल नंबर से इस वार्ता की पुष्टि भी हो चुकी है। पुलिस द्वारा विधिक कार्रवाई की जा रही है। अन्य संलिप्त व्यक्तियों की जांच जारी है। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की सरकारी सहायता हेतु केवल अधिकृत माध्यमों से ही संपर्क करें और किसी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन को दें। जिससे तत्काल करवाई की जा सके।

## विद्युत निजीकरण के विरोध में सदर विधायक को सौंपा ज्ञापन

**■ निजीकरण वापस न होने पर मई माह में बड़े आंदोलन की चेतावनी**



**फ्तेहपुर।** पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के विरोध में सोमवार को विद्युत कर्मचारी संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने सदर विधायक को ज्ञापन दिया। संघर्ष समिति ने चेतावनी दी है कि यदि निजीकरण का निर्णय वापस न लिया गया तो मई के महीने में आंदोलन होगा। जिसकी सारी जिम्मेदारी सरकार और प्रबंधन की होगी। निजीकरण के विरोध में आज लगातार 145 वें दिन विरोध प्रदर्शन जारी रहा।

विद्युत कर्मचारी संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने सदर विधायक चंद्रप्रकाश लोधी को दिए गए ज्ञापन में बताया कि उत्तर प्रदेश के सबसे गरीब 42 जिलों में बिजली का निजीकरण न रोका गया तो इस क्षेत्र की गरीब जनता को बिजली के तीन गुना दाम देने पड़ेंगे और यहां की गरीब जनता लालटेन युग में पहुंच जाएगी। सबसे ज्यादा दिक्कत किसानों को होगी। प्रदेश सरकार एक अप्रैल 2023 से किसानों को मुफ्त बिजली दे रही है लेकिन उत्तर प्रदेश में ही ग्रेटर नोएडा में काम कर रही निजी कंपनी और आगरा में काम कर रही टोरेंट कंपनी किसानों को मुक्त बिजली की सुविधा नहीं देती। संघर्ष समिति ने चेतावनी दी कि यदि निजीकरण का निर्णय वापस न लिया गया तो बिजली कर्मचारियों को मजबूरन अगले माह आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा। जिससे होने वाले परिणामों की सारी जिम्मेदारी सरकार और प्रबंधन की होगी। संघर्ष समिति द्वारा दी गई नोटिस के अनुसार पूरे प्रदेश के सभी समस्त जनपदों में 01 मई को मोटरसाइकिल रैली निकाली जाएगी।

02 मई से 09 मई तक राजधानी लखनऊ में शक्ति भवन पर क्रमिक अनशन होगा। 14 मई से 19 मई तक नियमानुसार कार्य आंदोलन होगा। 20 मई को देश के कर्मचारियों के साथ विरोध प्रदर्शन होगा।

21 मई से 28 मई तक तीन घंटे का कार्य बहिष्कार होगा और 29 मई से अनिश्चितकाल कार्य बहिष्कार किया जाएगा।

## भिटौरा ब्लाक प्रमुख ने सड़क का किया लोकार्पण



**फ्तेहपुर।** भिटौरा विकास खंड के ग्राम हैबतपुर के महादेवपुर में एक कदम विकास की तरफ बढ़ाते हुए क्षेत्र पंचायत निधि से निर्मित 150 मीटर आरसीसी रोड का लोकार्पण ब्लाक प्रमुख अमित तिवारी ने किया। सड़क की अनुमानित लागत लगभग 880000 रुपए है। रोड का उद्घाटन कर आम जनता को समर्पित कर ब्लाक प्रमुख अमित तिवारी ने कहा कि हमारा उद्देश्य हर गांव को पक्की सड़क से जोड़ने का है। उन्होने कहा कि क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं का निस्तारण कराने का प्रयास किया जा रहा है। बिजली व पानी को लेकर भी कार्य चल रहे हैं। किसी को भी कोई समस्या नहीं होगी। उन्होने कहा कि शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य भी किया जा रहा है। उन्होने कहा कि यदि क्षेत्र में किसी को कोई समस्या हो तो वह उनसे सीधे संपर्क कर सकता है। उनकी समस्याओं का निस्तारण कराने का प्रयास किया जाएगा। उपस्थित लोगों ने ब्लाक प्रमुख का माला पहनाकर स्वागत भी किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान स्वामी शरण पाल, क्षेत्र पंचायत सदस्य रिंकू सहित क्षेत्रवासी व ग्रामवासी उपस्थित रहें।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## नुकसानदेह दवाएं

बड़ी विचित्र बात है कि देश में समय-समय पर कुछ दवाओं को लोगों के स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह पाकर प्रतिबंधित किया जाता है लेकिन कुछ अंतराल के बाद और हानिकर दवाएं बेची जाने लगती हैं। प्रतिबंध लगाने का कदम इसलिए उठाया जाता है कि इनके कारण आमजन के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए पैदा हो रहे खतरों को खत्म किया जा सके लेकिन ऐसी ही दवाएं फिर बिकने आ जाना यह सवाल उठाता है कि संबंधित विभागों का एक बड़ा तंत्र होने के बाद भी ऐसी दवाएं बाजार में कैसे पहुंच जाती हैं। वह भी तब जबकि किसी दवा के उत्पादन और बिक्री की सुनिश्चित प्रक्रियाओं के भी प्रावधान हैं। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन द्वारा पैंतीस विभिन्न दवाओं पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय अपेक्षित कदम है लेकिन इस कदम से यह भी साफ होता है कि दवा कंपनियां किस तरह मोटी कमाई के लिए आम लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रही हैं। करीब दस महीने पहले ही विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं के लिए इस्तेमाल की जाने वाली एक सौ छप्पन दवाओं को यह कह कर प्रतिबंधित किया गया था कि ये लोगों के लिए खतरनाक साबित हो सकती हैं। लेकिन उसी ढंग का गोरखधंधा फिर सामने आया। यह तो ठीक है कि दवाओं में गड़बड़ी पाने पर उन्हें प्रतिबंधित करने के कदम उठते हैं लेकिन सोचने की बात यह है कि जितने दिन ऐसी दवाओं की बिक्री होती है और लोग उनका सेवन करते हैं तो उनका क्या और कितना असर पड़ता होगा। मतलब यह कि जब तक हानि होने का निष्कर्ष सामने नहीं आता, तब तो इन दवाओं का होता ही है। ऐसे में सवाल यह भी उठता है कि क्या ऐसी दवाओं के ठोस परीक्षण और उनके परिणामों पर पहुंचे बिना ही इनके उत्पादन व बिक्री की अनुमति दे दी जाती है। क्या सार्वजनिक स्वास्थ्य और उसे गंभीर खतरों की केवल सरकारी तौर पर काम करने की अनावश्यक रूप से लंबी और उलझाऊ प्रक्रिया की आड़ लेकर पूरी तरह से उपेक्षा कर दी जाती है। तब इसमें जन स्वास्थ्य के प्रति जिम्मेदारी और जवाबदेही कहां तक रह जाती है।

## शराब के खिलाफ

अधिकाधिक राजस्व की लालच में जिस तेजी से शराब दुकानों के लाइसेंस जारी हो रहे हैं, उससे करीब-करीब शहर के हर मोहल्ले में यह आसानी से मिलने लगी है। कुछ क्षेत्रों में तो मंदिरों और स्कूलों के नजदीक ही इनके खुल जाने से कई समस्याएं भी हो गई हैं। इन दुकानों पर सुबह दस बजे से ही पियक्कड़ों का जमावड़ा शुरू होकर रात में दुकान बंद होने तक जारी रहता है। बेहद महंगी होने पर भी इसे खरीदने के लिए कभी-कभी ऐसी लाइन लगती है मानो प्रसाद बंट रहा हो। पहले इन दुकानों की संख्या कम होती थी एवं ज्यादातर लोग पहचाने जाने के डर से अंधेरा होने के बाद ही इन पर जाते थे, वह शर्म और झिझक भी अब नहीं रह गई है। शौक इस कदर बढ़ चुका है कि किशोर और युवा भी खुलेआम दिन के उजाले में शराब खरीदने और पीने में संकोच नहीं करते। भले ही इसके लिए पैसे का इंतजाम करने के लिए उन्हें घर में झूठ बोलना, चोरी या अन्य अपराध करने पड़ें। अब तो शराब के पैसे के लिए मां-बाप से झगड़ा करने और उन्हें मार देने तक की घटनाएं भी हो रही हैं। अच्छी बात यह है कि इस बुराई को लेकर समझदार लोगों के बीच जागरूकता बढ़ी है और कई बस्तियों-मोहल्लों में वे इन दुकानों के खुलने का विरोध कर रहे हैं। लखनऊ में कई जगहों पर पिछले दिनों ऐसे प्रदर्शन हुए। यदि इन पर गंभीरता से ध्यान देकर प्रशासन कार्रवाई करते हुए इन दुकानों को बंद या भीड़भाड़ वाली जगहों से हटा दे तो शराबियों के उपद्रव और अराजकता से उस क्षेत्र के लोगों को छुटकारा मिलेगा। सरकार के राजस्व जुटाने में कोई हर्ज नहीं हो सकता क्योंकि उसका दावा इस पैसे से विकास कार्य होने का है लेकिन इसके लिए ध्यान रखना होगा कि सामाजिक व्यवस्था पर विपरीत असर न पड़े।

# प्राकृतिक संपदा को सहेजना जरूरी

**डॉ. नंद किशोर साह**

ग्लोबल वार्मिंग वर्तमान समय की प्रमुख वैश्विक पर्यावरणीय समस्या है। यह एक ऐसा विषय है कि इस पर जितना सर्वेक्षण और पुनर्वालोकन करें, कम ही होगा। आज ग्लोबल वार्मिंग अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राजनीतिज्ञों, पर्यावरणविदों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं वैज्ञानिकों की चिंता का विषय बना हुआ है। ग्लोबल वार्मिंग से पृथ्वी ही नहीं बल्कि पूरे ब्रह्मांड की स्थिति और गति में परिवर्तन होने लगा है। इनके कारण भारत के प्राकृतिक वातावरण में अत्यधिक मानवीय परिवर्तन हो रहा है।

पृथ्वी के बढ़ते तापमान के कारण जीव-जंतुओं की आदतों में भी बदलाव आ रहा है। इसका असर पूरे जैविक चक्र पर पड़ रहा है। पक्षियों के अंडे सेने और पशुओं के गर्भ धारण करने का प्राकृतिक समय पीछे खिसकता जा रहा है। कई प्रजातियां विलुप्त होने के कगार पर है। संवैधानिक रूप से प्रतिबंध के बावजूद जंगली जीव की संख्या कम हो रही है। सम्पूर्ण ब्रह्मांड में पृथ्वी एक ऐसा ज्ञात ग्रह है जिस पर जीवन पाया जाता है। जीवन को बचाये रखने के लिये पृथ्वी की प्राकृतिक संपत्ति को बनाये रखना बहुत जरूरी है। इस पृथ्वी पर सबसे बुद्धिमान कृति इंसान है। धरती पर स्वाश्वत जीवन के खतरा को कुछ छोटे उपायों को अपनाकर कम किया जा सकता है, जैसे पेड़-पौधे लगाना, वनों की कटाई को रोकना, वायु प्रदूषण को रोकने के लिये वाहनों के इस्तेमाल को कम करना, बिजली के गैर-जरुरी इस्तेमाल को घटाने के द्वारा ऊर्जा संरक्षण को बढ़ाना। यही छोटे कदम बड़े कदम बन सकते हैं। अगर इसे पूरे विश्वभर के द्वारा एक साथ अनुसरण किया जाये।गत सौ वर्ष में मनुष्य की जनसंख्या में भारी बढ़ोत्तरी हुई है। इसके कारण अन्न, जल, घर, बिजली, सड़क, वाहन और अन्य वस्तुओं की माँग में भी वृद्धि हुई है। परिणामस्वरूप हमारे प्राकृतिक संसाधनों पर काफी दबाव पड़ रहा है और वायु, जल तथा भूमि प्रदूषण बढ़ता जा रहा है। जनसंख्या दबाव के कारण आज गांव का पानी भी पीने योग्य नहीं रहा। जहां रहने के लिए जंगल साफ किए गए हैं, वहीं नदियों तथा सरोवरों के तटों पर लोगों ने आवासीय परिसर बना लिए हैं। जनसंख्या वृद्धि ने कृषि क्षेत्र पर भी दबाव बढ़ाया है। वृक्ष जल के सबसे बड़े संरक्षक हैं। बड़ी मात्रा में उसकी कटाई से जल के स्तर पर भी असर पड़ा है। सभी बड़े-छोटे शहरों के पास नदियां सर्वाधिक प्रदूषित है। वायु प्रदूषण, गरीब कचरे का प्रबंधन, बढ़ रही पानी की कमी, गिरते भूजल लेबल, जल प्रदूषण, संरक्षण और वनों की गुणवत्ता, जैव विविधता के नुकसान, और भूमि का क्षरण प्रमुख पर्यावरणीय मुद्दों में से कुछ भारत की प्रमुख समस्या है। भारत में वायु प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण परिवहन की व्यवस्था है। लाखों पुराने डीजल इंजन वह डीजल जला रहे हैं जिसमें यूरोपीय डीजल से 150 से 190 गुणा अधिक गंधक उपस्थित है। बेशक सबसे बड़ी समस्या बड़े शहरों में है जहां इन वाहनों का घनत्व बहुत अधिक है। ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन 25 तक कम करने का सरकार प्रयास कर रही है। प्रकृति की गोद में बैठ कर विकास करेंगे और प्रकृति के नियमों से छेड़छाड़ करेंगे तो दंड के भागीदार हम ही होंगे। गांधी का दर्शन था कि आवश्यकता हो तब भी लालच मत करो, आराम हो तो थोड़ा हो और वह विलासता न बन जाए। धरती के पास सभी की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त संसाधन है किंतु किसी की लालच के लिए नहीं। गांधी प्रकृति द्वारा प्रदत संसाधनों को ईश्वर का सबसे अनुपम उपहार मानते थे। वे कहते थे कि इसे आने वाली पीढ़ियों के लिए सृजित किया जाना चाहिए। जब तक प्रकृति में संतुलन है, तब तक परिस्थिति सही है। प्रकृति अपने नियमों के तहत निरंतर कार्य करती है, लेकिन लोग नियमित रूप से उनका उल्लंघन करते हैं। पर्यावरण शब्द का प्रचलन तो नया है, पर इससे जुड़ी चिंता या चेतना नई नहीं है। पर्यावरण हवा, पानी, पर्वत, नदी, जंगल, वनस्पति, पशु-पक्षी आदि के समन्वित रूप से है। यह सब सदियों से प्रकृति प्रेम की रूप में हमारे चिंतन, संस्कार में मौजूद रहे हैं। वर्तमान समय में प्रत्येक मनुष्य पर्यावरण को लेकर चिंतित तो है पर पर्यावरण को बचाने में सक्रिय सहभागी नहीं है। यह ठीक वैसा ही है जैसे कि देश में भगत सिंह और राजगुरु जैसे देशभक्त पैदा तो होने चाहिए परंतु अपने घर में ना होकर पड़ोसी के घर में होने चाहिए। आज प्रत्येक आदमी को स्वच्छ परिवेश, स्वच्छ गलियां, सड़कें और स्वच्छ पर्यावरण तो चाहिए परंतु साफ करने वाला भी कोई और होना चाहिए। यह ठीक वैसा ही है जैसे दुनिया को सब लोग सुधारना चाहते हैं मगर अपने को कोई नहीं।

## ग्लोबल वार्मिंग और गांधी का दर्शन

मानव का विकास पर्यावरण के दोहन के मूल पर हो रहा है। आगे हम विकास की ओर दौड़ रहे हैं, पीछे से विनाश दौड़ता आ रहा है। आदिकाल से मनुष्य और पर्यावरण का अन्योन्याश्रय संबंध रहा है। वर्तमान समय में सबसे चिंताजनक समस्याओं में से एक पर्यावरण की समस्या है। यह समस्या मनुष्य प्रकृति से प्राकृतिक संसाधनों के अनर्गल दोहन से उत्पन्न हुआ है। पशु-पक्षी, जीव-जंतु, पेड़ पौधे, नदी-तलाब, खेत-खलिहान आदि से हमारे समाज का निर्माण हुआ है। मनुष्य अपनी सुविधा संपन्न जीवन जीने के लिए इन सभी का दोहन करता है। पर्यावरण के क्षय के कारण स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी उत्पन्न हो रही है। बेतहाशा प्रकृति के शोषण का दुष्परिणाम भी ग्लोवल वार्मिंग, तेजाबी वर्षा, वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, भूस्खलन, मृदा प्रदूषण, रासायनिक प्रदूषण, समुंद्री तूफान आदि के रूप में सामने आने लगा है।गांधी जी भारत की आजादी के प्रति जितने चिंतित थे, उससे कहीं ज्यादा विश्व पर्यावरण के प्रति चिंतित दिखाई पड़ते थे क्योंकि गांधी जी का चिंतन वसुधैव कुटुंबकम की भावना में हीं था। उन्होंने विश्व भर में लगातार हो रही वैज्ञानिक खोजों के कारण पैदा हो रहे उत्पादों और सेवाओं को मानवता के लिए घातक बताया था। उन्होंने 1918 में राष्ट्रीय कांग्रेस के अधिवेशन को संबोधित करते हुए चेतावनी दी थी कि विकास और औद्योगिकता में पश्चिम देशों का पीछा करना मनावता और पृथ्वी के लिए खतरा पैदा करना है।



गांधी ने कहा था कि एक ऐसा समय आएगा, जब अपनी जरूरतों को कई गुना बढ़ाने की अंधी दौड़ में लगे लोग, अपने किए को देखेंगे और कहेंगे कि हमने ये क्या किया ? उपभोक्तावादी तथा विलासी जीवन संस्कृति व दोषपूर्ण विकास नीति के कारण पृथ्वी के प्राकृतिक संसाधनों का जैसे जंगल, जल स्रोत, खनिज संपदा आदि समाप्त एवं प्रदूषित हो रहे हैं। सबसे ज्यादा नुकसान जंगलों को हुआ है। विश्व के अधिकांश पहाड़ नंगे हो गए हैं और प्राकृतिक वन समाप्त हो रहे हैं। आबादी बढ़ने के साथ जंगलों में कुछ कमी आना तो स्वभाविक था पर जंगलों का अधिकांश विनाश कागज, प्लाईवुड, कार्डबोर्ड आदि के कारखानों, विलासी जीवन की आवश्यकताओं की पूर्ति तथा भ्रष्टाचार के कारण हुआ। जंगलों के बिना से भूमि का कटाव हो रहा है। भूमिगत जल का स्तर नीचे जा रहा है। वर्षा व मौसम का चक्र बिगड़ गया है। जंगलों पर निर्भर रहने वाले करोड़ों लोगों की जिंदगी दुसर होती जा रही है और वे उजड़ रहे हैं। पर्यावरण और पारिस्थितिकी को लेकर गांधी का मानना था कि प्रकृति पालक के रूप में देखी जानी चाहिए, ना कि हमारी विलासिता का हिस्सा होना चाहिए। उसके विपरीत हम प्रकृति, पृथ्वी, नदी व वनों का प्रायोग मात्र अपनी विलासिता के लिए कर रहे है। परिणामस्वरूप आज दुनिया भर में जलवायु परिवर्तन व ग्लोबल वार्मिंग जैसे बड़े मुददे हमारे सामने है, जिसके दुष्परिणाम आज हम किसी न किसी रूप में झेल रहे है। हम इन सब दुष्परिणामों को देखने के बाद भी प्रकृति को समझने में असफल रहे। स्वच्छ समाज उनकी कल्पना का हिस्सा था। देश के विभिन्न जगहों पर मौजूद कूड़े के पहाड़ निकट भविष्य के प्रमुख संकट है। गांधी ने उसी समय यह कहा था कि स्वच्छता से स्वास्थ्य व चरित्र का निर्माता होता है, जो आज के परिप्रेक्ष्य में सटीक बैठता है।

## प्रेमचंद की कहानियां



### ईदगाह

अब हामिद अपनी बूढ़ी दादी अमीना की गोद में सोता है और उतना ही प्रसन्न है। उसके अब्बाजान रुपये कमाने गये हैं। बहुत-सी थैलियां लेकर आयेंगे। अम्मीजान अल्लाह मियां के घर से उसके लिए बड़ी अच्छी-अच्छी चीजें लाने गयी हैं; इसलिए हामिद प्रसन्न है। आशा तो बड़ी चीज है, और फिर बच्चों की आशा। उनकी कल्पना तो राई का पर्वत बना लेती है।

हामिद के पांव में जूते नहीं हैं, सिर पर एक पुरानी-धुरानी टोपी है, जिसका गोट काला पड़ गया है, फिर भी वह प्रसन्न है। जब उसके अब्बाजान थैलियां और अम्मीजान नियामतें लेकर आयेंगी, तो वह दिल के अरमान निकाल लेगा। तब देखेगा महमूद, मोहसिन, नूरे और सम्मी कहां से उतने पैसे निकालेंगे। अभागिन अमीना अपनी कोठरी में बैठी रो रही है। आज ईद का दिन और उसके घर में दाना नहीं। आज आबिद होता तो क्या इसी तरह ईद आती और चली जाती! इस अधंकार और निराशा में वह डूबी जा रही थी। किसने बुलाया था इस निगोड़ी ईद को। इस घर में उसका काम नहीं है, लेकिन हामिद ! उसे किसी के मरने-जीने से क्या मतलब ? उसके अन्दर प्रकाश है, बाहर आशा। विपत्ति अपना सारा दल-बल लेकर आये, हामिद की आनन्द-भरी चितवन उसका विध्वंस कर देगी।

हामिद भीतर जाकर दादी से कहता है- तुम डरना नहीं अम्मां, मैं सबसे पहले आऊंगा। बिलकुल न डरना!

अमीना का दिल कचोट रहा था। गांव के बच्चे अपने-अपने बाप के साथ जा रहे हैं। हामिद का बाप अमीना के सिवा और कौन है? उसे कैसे अकेले मेले में जाने दे। उस भीड़-भाड़ में बच्चा कहीं खो जाय तो क्या हो। **क्रमशः...**

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**साधुभ्यस्ते निवर्तन्ते पुत्रमित्राणि बान्धवः।**
**ये च तैः सह गन्तारस्तद्धर्मात् सुकृतं कुलम्।।**

जब परिवार का कोई व्यक्ति साधु बन जाता है, संसार के माया- मोह को छोड़कर वैराग्य को अपना लेता है, तो उसके बन्धु- बान्धव स्त्री- पुत्रादि कुछ दूर तक उसके साथ जाकर लौट आते हैं, परन्तु उसके साथ यदि ये भी वैराग्य ग्रहण कर लेते हैं, तो इस प्रकार उनका वंश कृतकृत्य हो जाता है।

♦♦♦

# पाकिस्तान की हालत अब टुकड़े - टुकड़े होने तक पहुंची



**- अशोक भाटिया**

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (PoK) के गिलगित-बाल्टिस्तान क्षेत्र में जनाक्रोश लगातार बढ़ रहा है। यह क्षेत्र बुनियादी सुविधाओं, बिजली, स्वास्थ्य सेवाओं और रोजगार की कमी से जूझ रहा है, जिसके कारण स्थानीय लोग सड़कों पर उतर आए हैं। वर्तमान में, लोग सरकार से बिजली, स्वास्थ्य सेवाएं और अन्य बुनियादी जरूरतों की बहाली की मांग कर रहे हैं। विरोध प्रदर्शन लगातार बढ़ रहे हैं, और विरोध करने वालों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। लोग गर्मी के बावजूद अपनी आवाज उठाने के लिए सड़कों पर हैं। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया है कि जब तक उनकी सभी मांगें पूरी नहीं होतीं, उनका आंदोलन जारी रहेगा। प्रदर्शनकारियों कह रहे हैं कि पाकिस्तान के टुकड़े-टुकड़े होने का वक्त आ गया है। दरअसल पाकिस्तान के टूटने की शुरुआत साल 1971 में हो गई थी, जब भारत की मदद से बांग्लादेश बना. इसके बनने के पीछे भी 24 सालों का असंतोष था. उसके बाद पीओके . सिंधुदेश की मांग व बलूचिस्तान की मांग ने पाकिस्तान के नाक में दम कर रखा है ।

सिंधुदेश की मांग की तो इसको लेकर हालिया हुई रैली में प्रदर्शनकारियों के हाथों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई विश्व के कई बड़े नेताओं की तस्वीरें नजर आईं। प्रदर्शनकारियों ने सिंध प्रांत को अलग देश बनाने की मांग के मामले में विश्व के नेताओं से दखल देने की अपील की है ।सिंधु देश की मांग की कहानी 1947 से जुड़ी है। भारत को आजादी मिलने के बाद सिंधु क्षेत्र पाकिस्तान में चला गया और पाकिस्तान के चार प्रांतों में से एक बन गया । अलग सिंधु देश की मांग 1967 से शुरू हुई जब पाकिस्तान सरकार ने यहां के निवासियों के ऊपर उर्दू भाषा थोप दी। यहां के लोगों ने इसका विरोध किया और इसके फलस्वरूप सिंधी अस्मिता का जन्म हुआ। इन्होंने अपनी भाषा और संस्कृति की दुहाई दी और लोगों को एकजुट किया. इस मुहिम में सिंधी हिन्दू और सिंधी मुसलमान दोनों शामिल हुए। 'सिंधु देश' जिसका शाब्दिक अर्थ होता है सिंधियों के लिए अलग देश। सिंधु देश एक विचार है जो पाकिस्तान के सिंध प्रांत में बसे और दुनिया भर में फैले सिंधियों का एक सपना है। ये सिंधी दुनिया दूसरे एथनिक समुदायों की तरह अपने लिए एक अलग होमलैंड की मांग करते आ रहे हैं। जैसे कुर्द अपने लिए अलग देश की मांग करते हैं। यहूदी समुदाय के लोगों ने इजरायल नाम का अपना देश बनाया है। उसी तरह सिंधी पाकिस्तान के अंदर एक निश्चित भूभाग में अपने लिए एक स्वतंत्र और सार्वभौम मातृभूमि चाहते हैं।

भारत से अलग होकर 19 47 में बने पाकिस्तान के लिए समस्याएं कभी खत्म होने का नाम नहीं लेती हैं । दुनियाभर के कर्ज में डूबे पाकिस्तान में अगर आपको आने वाले कुछ वर्षों में गृहयुद्ध की स्थिति बनती दिखाई दे, तो चौंकने वाली बात नहीं होगी। उर्दू को पाकिस्तान की सरकारी भाषा बनाने की घोषणा के साथ ही पाकिस्तान में अलगाववाद के बीज पनपने लगे थे ।लोगों पर जबरदस्ती उर्दू भाषा थोपी गई। बांग्लाभाषी बहुल पूर्वी पाकिस्तान इसी फैसले के चलते अब अलग देश बनकर बांग्लादेश के रूप में आपके सामने है । वहीं, पाकिस्तान में अगस्त, 1947 के बाद से अब तक बनी सभी सरकारों ने मानवाधिकारों को एक अलग खूंटी पर टांग दिया। बात पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर की हो या बलूचिस्तान या फिर सिंधु प्रांत की। पाकिस्तानी सरकारों ने इन सभी जगहों से उठने वाली आवाजों का वर्षों से दमन किया है ।पाकिस्तानी फौज के बलूचिस्तान में किए जा रहे अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने वाली एक्टिविस्ट करीमा बलोच की कनाडा में हुई हत्या इसका एक ताजा उदाहरण है। फिलहाल पाकिस्तान के सिंध प्रांत में सबसे ज्यादा हिंदू आबादी रहती है। पाकिस्तान की कुल हिंदू आबादी का करीब 95 फीसदी सिंध प्रांत में हैं। पाकिस्तान के उत्पीड़न से त्रस्त इन लोगों ने अब वैश्विक नेताओं से गुहार लगाई है. वहीं, प्रदर्शनकारियों के हाथ में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर होने के पीछे एक बड़ी वजह है। कश्मीर की स्थिति को लेकर हुई एक सर्वदलीय बैठक में मोदी ने कहा था कि समय आ गया है, अब पाकिस्तान को विश्व के सामने बलूचिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में लोगों पर हो रहे अत्याचारों का जवाब देना होगा। मोदी के इस बयान के चलते बलोच आंदोलन को अंतरराष्ट्रीय मीडिया में काफी तवज्जो मिली थी। इसके बाद 2016 में भारत के 70वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री मोदी ने लाल किले की प्राचीर से बलूचिस्तान, गिलगित और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के लोगों का आभार व्यक्त किया था। दरअसल, पीएम मोदी के बयान के बाद पाकिस्तान में जुल्मो-सितम झेल रहे इन हिस्सों के लोगों ने उनकी आवाज उठाने के लिए मोदी को सोशल मीडिया पर धन्यवाद दिया था।



हाल ही में पाकिस्तान के सिंध प्रांत के जमसोरो जिले में जीएम सैयद के गृहनगर सान कस्बे में हुई रैली में लोगों ने आजादी के लिए नारे लगाए गए. प्रदर्शनकारियों ने इस दौरान दावा सीधे तौर पर कहा- सिंध, सिंधु घाटी सभ्यता और वैदिक धर्म का घर है. ब्रिटिश साम्राज्य ने इस पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया था और 1947 में पाकिस्तान के इस्लामी हाथों में दे दिया था। अलग सिंधुदेश की मांग को विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्लेटफार्मों पर उठाया जा रहा है। इन लोगों का मानना है कि पाकिस्तान ने सिंध प्रांत पर जबरन कब्जा कर रखा है। साथ ही पाकिस्तान संसाधनों का दोहन और मानवाधिकारों के जमकर उल्लंघन करता है। जिये सिंध मुत्ताहिदा महाज़ के चेयरमैन मुहम्मद बरफात ने कहा कि हमारी संस्कृति और इतिहास पर हुए दशकों से जारी हमलों के बावजूद हमने अपनी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहचान को बचाकर रखा है। हम आज भी बहुलतावादी, सहिष्णु और सौहार्दपूर्ण समाज हैं, जो मानव सभ्यता को बचाकर रखे हुए है। पाकिस्तान के निर्माण के बाद से ही बलूचिस्तान, गिलगित और पाक अधिकृत कश्मीर में असंतोष बढ़ने लगा था। पाकिस्तानी हुकूमत पर पंजाबी वर्ग के वर्चस्व से लेकर मानवाधिकारों के उल्लंघन तक पाक के नापाक इरादों की एक लंबी दास्तान है। इन सबके बीच अब चीन-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर के चलते भी पाक में भारी असंतोष फैल रहा है। पाकिस्तान के इन हिस्सों की आवाम अब खुलकर अपना विरोध दर्शा रही है। बीते कुछ वर्षों में भारत की वर्तमान मोदी सरकार पर इन लोगों का भरोसा बढ़ा है।

## प्रेरक प्रसंग

### तुष- माश

एक सामान्य गृहस्थ था। उसकी धर्म- ध्यान में बड़ा रुचि थी। अपने परिवार का भरण- पोषण करने के साथ- साथ वह संतो का सत्संग किया करता था। अच्छी- अच्छी पुस्तकें पढ़ा करता था।

एक दिन वह कहीं जा रहा था कि रास्ते में एक ओर को लोगों की भीड़ देखकर वहां चला गया। एक मुनि उपदेश दे रहे थे। वह खड़े होकर उनका प्रवचन सुनने लगा। वह शरीर और आत्मा के संबंध में बोल रहे थे। कह रहे थे :

बहुत-से लोग समझते हैं कि आदमी मर जाता है तो शरीर के साथ आत्मा भी मर जाती है। ऐसा नहीं है। आत्मा अमर है। जिस प्रकार पुरानी हो जाने पर सर्प अपनी केंचुली उतारकर नई केंचुल धारण कर लेता है, उसी प्रकार शरीर के पुराने और जीर्ण हो जाने पर आत्मा नया शरीर धारण कर लेती है। याद रखो, यह शरीर मंदिर है और आत्मा उसमें ईश्वर है। आत्मा की आराधना कि लिए शरीर अनिवार्य है। पर दोनों को मिलाओ मत। दोनों अलग- अलग हैं। गृहस्थ ने यह सब सुना और आगे बढ़ गया। तरह- तरह के विचार उसके मन में उठ रहे थे। वह उनमें एकाएक खो गया। अचानक उसे ठोकर लगी। वह गिर गया। उसकी विचार- धारा टूट गई। उठकर चलने लगा। उसे ध्यान आया कि रास्ते में एक साधु मिले थे, लेकिन उसका मस्तिष्क कुछ ऐसा हो गया कि उसे याद नहीं आया कि उन्होंने क्या कहा था। उसने याद करने की बहुतेरी कोशिश की, लेकिन चिस्मरण इतना हो गया कि वह उसका सूत्र नहीं पकड़ पाया।

कुछ देर चलने पर एक गांव आया। वहां किसी घर के बाहर बैठी एक स्त्री कुछ कर रही थी। उसने पूछा, बहन तुम क्या कर रही हो!

वह बोली, तुष- माश। मैं उड़द की दाल के छिलके उतार रही हूं।

स्त्री का इतना कहना था कि उसे साधु का उपदेश याद आ गया। स्त्री ने उसे बोध दिया कि शरीर और आत्मा एक नहीं हैं, भिन्न हैं। उसे यह भी याद आया। कि साधु ने मैं और तू का गुरु बताया था, जिस प्रकार मैं और तू दो हैं, उसी प्रकार शरीर और आत्मा हैं। स्त्री का वचन उसके भीतर इतना प्रवेश कर गया कि वह उसे जीवन भर नहीं भूला।

## आपका पत्र मिला

### अब वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग का केंद्र बनने की राह पर है भारत

भारत, जो दशकों से सेवा क्षेत्र में अग्रणी रहा है, अब वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग का केंद्र बनने की राह पर है। यह अवसर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 'डेरिफाइंग चाइना' नीति से उत्पन्न हुआ है, जिसमें चीन पर भारी टैरिफ लगाए गए और वैश्विक कंपनियों को चीन से उत्पादन हटाने पर मजबूर होना पड़ा। यह भारत के लिए सुनहरा मौका है, लेकिन इस राह में कई चुनौतियाँ भी हैं जिन्हें गंभीरता से सुलझाना होगा। ट्रंप प्रशासन द्वारा चीन पर लगाए गए टैरिफ, खासकर 245 प्रतिशत तक के भारी शुल्क, ने कंपनियों को विकल्प खोजने पर मजबूर कर दिया। इस नीति का मकसद था चीन पर अमेरिकी निर्भरता को कम करना और वैश्विक सप्लाई चेन को विविध बनाना। ऐसे में भारत, वियतनाम, इंडोनेशिया, बांग्लादेश जैसे देशों को नए मैन्युफैक्चरिंग केंद्र बनने का अवसर मिला। भारत, अपनी विशाल जनसंख्या, सस्ते श्रम, तकनीकी प्रतिभा और विशाल उपभोक्ता बाजार के चलते सबसे उपयुक्त विकल्प के रूप में उभरा है। इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग, फार्मा और रिन्यूएबल एनर्जी जैसे क्षेत्रों में कई विदेशी कंपनियों ने भारत में संयंत्र लगाने की योजना बनाई है। इसमें शंघाई आईडी ग्रुप जैसी कंपनियाँ भी शामिल हैं जो भारतीय टेक्नोलॉजी पार्टनर के साथ हाथ मिलाने को तैयार हैं। भारतीय सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) योजना और मेक इन इंडिया अभियान विदेशी निवेशकों को आकर्षित कर रहे हैं। इन योजनाओं के तहत सरकार कंपनियों को वित्तीय मदद, टैक्स में छूट और भूमि आवंटन जैसी सुविधाएँ देती है। भारत में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, लेकिन एक बड़ी समस्या स्किल डिलीवरी की है। कई बार आरक्षण प्रणाली के चलते वास्तविक प्रतिभा को उचित अवसर नहीं मिल पाते, जिससे वे विदेशों की ओर रुख कर लेते हैं।हमें सिर्फ विदेशी निवेशकों के भरोसे न रह कर स्वदेशी तकनीक, स्थानीय उद्यम, और शिक्षा-उद्योग तालमेल को भी सशक्त करना होगा।

**विभूति बुपक्या**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrabharat77@gmail.com*

## काँव-काँव

♦♦♦

**बेसहारा महिलाओं के लिये बनेंगे सखी निवास**
लेकिन बेसहारा पुरुषों का कोई पुरसाहाल नहीं!

**प्राथमिक स्कूलों के शिक्षकों को एआई कौशल**
बदहाल स्कूलों में कंप्यूटर प्रशिक्षण का आनंद!

**अयोध्या, बनारस अब बनेंगे हेल्थ टूरिज्म सिटी**
किडनीफरोशों की जमातें लखनऊ में मौजूद है!

**भ्रष्ट ब्रिटिश कंपनी के जरिये विद्युत निजीकरण**
आईएएस लाबी का ब्रिटिश प्रेम जगजाहिर है!

**मुंबई में जैन मंदिर तोड़ना दुर्भाग्यपूर्ण-पवन जैन**
लगेगी आग तो आयेंगे घर सभी ज़द में..

**बसपा ने दिलाई बहुजन को प्रतिष्ठा - मायावती**
एनआरएचएम घोटाला इसका गवाह बन गया!

♦♦♦

# प्रदोष व्रत में ऐसे करें शिवलिंग का अभिषेक, कार्य होंगे सफल



भगवान शिव और माता पार्वती की आराधना का विधान है। भक्तगण इस दिन व्रत रखते हैं। इस व्रत को करने से जीवन में सुख, शांति और सफलता का आगमन होता है। सनातन धर्म में प्रदोष व्रत को अत्यंत पुण्यदायक माना गया है। इस व्रत के दिन संध्या के समय

मान्यता है कि इस दिन शिवलिंग का अभिषेक विशेष विधियों से करने पर महादेव प्रसन्न होते हैं और साधक को आशीर्वाद देते हैं। ऐसे में आइए जानते हैं कि किस तरह से शिवलिंह का अभिषेक करना चाहिए।

**प्रदोष व्रत तिथि**

वैशाख माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि की शुरुआत 25 अप्रैल को सुबह 11ः44 बजे होगी और इसका समापन 26 अप्रैल के दिन सुबह 8ः27 बजे होता। उदया तिथि के अनुसार 25 अप्रैल 2025 को वैशाख माह का पहला प्रदोष व्रत रखा जाएगा। इस दिन शुक्रवार होने के कारण इसे शुक्र प्रदोष कहा जाएगा। इस दिन पूजा के लिए शुभ मुहूर्त प्रदोष काल होता है, जो शाम 06ः53 बजे से राल 09ः03 बजे तक रहेगा।

**शिवलिंग पर अर्पण करने के लिए सामग्री**

प्रदोष व्रत की पावन तिथि पर शिवलिंग पर जल और घी अर्पित करना विशेष फलदायक माना गया है। इस दौरान मन में शांतिपूर्वक भगवान शिव का ध्यान करें और अपने जीवन की बाधाओं से मुक्ति हेतु प्रार्थना करें।

इस दिन शिवलिंग पर दूध, दही, शहद और बेलपत्र चढ़ाना भी अत्यंत शुभ माना गया है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इन वस्तुओं से अभिषेक करने से व्यापार में उन्नति होती है, रुके हुए कार्य पूरे होते हैं और मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

**इन वस्तुओं से न करें शिवलिंग पर अभिषेक**



शिव पूजा के दौरान कुछ वस्तुएं ऐसी होती हैं, जिन्हें अर्पित करना वर्जित माना गया है। विशेष रूप से तुलसी के पत्ते, हल्दी और सिंदूर शिवलिंग पर चढ़ाना अशुभ माना जाता है। ऐसा करने से जीवन में बाधाएं उत्पन्न हो सकती हैं।

**विशेष मुहूर्त**

ब्रह्म मुहूर्त- सुबह 4:19 से 5:02 तक।
गोधूलि बेला- शाम 6:52 से 7:13 तक।
निशीथ काल- रात 11:57 से 12:41 तक ।
अभिजीत मुहूर्त- सुबह 11:53 से दोपहर 12:45 तक।

# कब है गंगा सप्तमी ? जानें तिथि, शुभ मुहूर्त और महत्व

गंगा सप्तमी का पर्व हिंदू धर्म में अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। यह दिन विशेष रूप से गंगा नदी के अवतरण की घटना से जुड़ा हुआ है, जब मां गंगा स्वर्ग से धरती पर आई। पौराणिक कथाओं के अनुसार, गंगा के पृथ्वी पर आने का कारण राजा भगीरथ के पूर्वजों के पापों का नाश और उन्हें मोक्ष दिलाना था। इस दिन का महत्व न केवल धार्मिक दृष्टि से है, बल्कि यह पर्व समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए विशेष आशीर्वाद और पुण्य प्राप्ति का अवसर भी है।

गंगा सप्तमी के दिन गंगा में स्नान और ध्यान करने से व्यक्ति को सभी पापों से मुक्ति मिलती है और उसे जीवनभर की खुशियां और आरोग्य की प्राप्ति होती है। साथ ही इस दिन किए गए दान और पूजा से अनंत पुण्य की प्राप्ति होती है, जो जीवन को संपूर्ण और सुखमय बनाता है। गंगा सप्तमी के दिन गंगा नदी के किनारे लाखों श्रद्धालु जुटते हैं, ताकि वे इस पवित्र दिन का लाभ उठा सकें और मां गंगा की कृपा प्राप्त कर सकें। यह दिन विशेष रूप से उन लोगों के लिए भी महत्वपूर्ण होता है, जो मोक्ष की प्राप्ति की इच्छा रखते हैं। इसी क्रम में आइए जानते हैं गंगा सप्तमी की तिथि, शुभ मुहूर्त और महत्व के बारे में।

**गंगा सप्तमी कब है?**

वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि आरंभः 3 मई 2025, प्रातः 7ः51 बजे पर

वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि समाप्तः 4 मई 2025, प्रातः 7ः18 बजे तक



उदयातिथि के अनुसार, गंगा सप्तमी का पर्व 3 मई 2025 को मनाया जाएगा।

**गंगा सप्तमी का शुभ मुहूर्त**

गंगा सप्तमी के दिन स्नान-दान पूजा के लिए शुभ मुहूर्तः 3 मई 2025, प्रातः 10ः58 बजे से दोपहर 01ः38 बजे तक

शुभ मुहूर्त की कुल अवधिः 2 घंटे 40 मिनट।

**गंगा सप्तमी का महत्व**

गंगा सप्तमी का पर्व हिंदू धर्म में अत्यधिक महत्वपूर्ण है और इसे गंगा जयंती भी कहा जाता है। यह दिन विशेष रूप से मां गंगा के धरती पर अवतरण की याद में मनाया जाता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, राजा भगीरथ की तपस्या के फलस्वरूप मां गंगा स्वर्ग से धरती पर आई, ताकि वह उनके पूर्वजों के पापों को धोकर उन्हें मोक्ष दिला सकें। इसी दिन मां गंगा का पवित्र जल धरती पर आया था, जिससे न केवल धार्मिक शुद्धता प्राप्त होती है, बल्कि यह दिन आध्यात्मिक उन्नति का भी प्रतीक है।

गंगा सप्तमी के दिन गंगा नदी में स्नान, पूजा और ध्यान करना अत्यधिक पुण्यकारी माना जाता है। इस दिन किए गए स्नान से सभी पाप धुल जाते हैं और व्यक्ति को आध्यात्मिक शांति मिलती है। इसके अलावा, इस दिन दान करने से भी अपार पुण्य की प्राप्ति होती है, जो जीवन में समृद्धि और सुख लाती है।

गंगा सप्तमी का महत्व केवल आध्यात्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक भी है। इस दिन लोग गरीबों और जरूरतमंदों को दान देते हैं, जिससे समाज में परोपकार और सहयोग की भावना प्रगट होती है। साथ ही, इस दिन किए गए कर्म व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाते हैं और उसे जीवनभर के संकटों से मुक्ति दिलाते हैं।

**मां गंगा की इस विधि से करें पूजा**

सबसे पहले पूजा स्थल को स्वच्छ करें और वहां गंगा जल, चंदन, दीपक, अगरबत्तियां, फल, फूल और मिठाइयां रखें। यदि गंगा जल उपलब्ध हो, तो उसका उपयोग करें।

गंगा सप्तमी के दिन यदि गंगा में स्नान संभव हो, तो वहां स्नान करें। अन्यथा घर में गंगा जल का छिड़काव करके स्नान करें।

स्वच्छ वस्त्र पहनकर गंगा माता की तस्वीर या मूर्ति के सामने बैठें और ? गंगायै नमः मंत्र का जाप करें। इसके बाद गंगा स्तुति का पाठ करें।

मां गंगा के चरणों में फल, फूल और मिठाई चढ़ाएं। यह उन्हें श्रद्धा भाव से अर्पित करें और आशीर्वाद प्राप्त करें।

गंगा आरती का आयोजन करें और ÷जय मां गंगे÷ मंत्र का जाप करें। दीपक से आरती करें और वातावरण को शुद्ध बनाएं।

इस दिन दान करना अत्यधिक पुण्यकारी माना जाता है। गरीबों को अन्न, वस्त्र या गंगा जल का दान करें।

संतान सुख, समृद्धि और अन्य इच्छाओं के लिए मां गंगा से आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए व्रत रखें और पूरे मन, श्रद्धा और विश्वास से पूजा करें।

# अक्षय तृतीया के शुभ मुहूर्त



हर साल अक्षय तृतीया का दिन हिंदू धर्म में बेहद खास माना जाता है. इसे 'अखा तीज' के नाम से भी जाना जाता है और मान्यता है कि इस दिन जो भी शुभ कार्य किया जाता है, उसका फल कभी खत्म नहीं होता. यानी ये ऐसा दिन होता है जब दान,

**कब है अक्षय तृतीया 2025**

तारीख- 30 अप्रैल 2025 (बुधवार)

योग- रोहिणी नक्षत्र- बुधवार -शुभ संयोग

**पूजा और सोना खरीदने का शुभ मुहूर्त**

**सोना खरीदने का समय- सुबह 5ः41 बजे से दोपहर 2.12 बजे तक**

**पूजा का समय- सुबह 5.41 बजे से दोपहर 12.18 बजे तक**

पूजा, जप, हवन या सोना खरीदने जैसी चीजें जिंदगी भर सुख-समृद्धि देती हैं.

**अक्षय तृतीया कब मनाई जाएगी**

इस खास मौके पर लोग न सिर्फ माता लक्ष्मी और भगवान विष्णु की पूजा करते हैं, बल्कि सोना, चांदी, नई चीजें खरीदकर अपने जीवन में समृद्धि का स्वागत भी करते हैं. इस साल अक्षय तृतीया 30 अप्रैल को मनाई जाएगी और इस दिन कई शुभ योग भी बन रहे हैं, जिससे ये दिन और खास हो गया है.

**इस दिन क्या करें और क्यों है ये खास ?**

**मां लक्ष्मी और भगवान विष्णु की पूजा करें**

इस दिन दोनों देवी-देवताओं की पूजा



करने से घर में बरकत और सौभाग्य बना रहता है.

तुलसी, फल, मिठाई और फूल अर्पित करें. खासकर तुलसी का पत्ता भगवान विष्णु को अर्पित करना बहुत शुभ माना जाता है.

सोना या चांदी खरीदें- मान्यता है कि इस दिन खरीदा गया सोना कभी घटता नहीं, बल्कि जीवन में धन और वैभव बढ़ाता है.

दान-पुण्य करें- गरीबों को काले तिल, अनाज, वस्त्र या धन का दान करने से अक्षय पुण्य मिलता है.

घर में हवन या सत्यनारायण कथाः बहुत से लोग इस दिन घर में हवन, कथा या विशेष पूजा का आयोजन करते हैं। नई शुरुआत के लिए परफेक्ट दिनः शादी, गृहप्रवेश या नया बिजनेस शुरू करने जैसे काम इस दिन शुभ माने जाते हैं। पूर्वजों के लिए पितृ तर्पणः कुछ लोग इस दिन अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए जल तर्पण भी करते हैं। सच्चे मन से पूजा करेंः इस दिन की सबसे बड़ी खासियत ये है कि जो भी काम श्रद्धा से किया जाए, उसका फल कई गुना मिलता है। अगर आप चाहते हैं कि इस अक्षय तृतीया पर आपकी किस्मत का दरवाजा खुले, तो शुभ मुहूर्त में सोना खरीदें, पूजा करें और जरूरतमंदों की मदद जरूर करें. यही वो दिन है जब किया गया हर अच्छा काम 'अक्षय फल' देता है, यानी कभी खत्म नहीं होता।

# अक्षय तृतीया पर राशि के अनुसार करें खरीदारी



मेष राशि- के लोग अक्षय तृतीया पर सोना खरीद सकते हैं। इससे घर में बरकत व सुख-समृद्धि का वास होता है

वृषभ राशि-के लोग अक्षय तृतीया पर चांदी खरीद सकते हैं। इससे धन-धान्य की प्राप्ति होती हैं।

मिथुन राशि- के लोग धनिया खरीद सकते हैं। ज्योतिषियों के अनुसार इससे घर लाने पर सभी नकारात्मक शक्ति दूर होती हैं।

कर्क राशि-के लोग अक्षय तृतीया के दिन चांदी के आधूषण खरीद सकते हैं। यह काफी शुभ माना गया है।

सिंह राशि- के लोग मौसमी फलों की खरीदारी कर सकते हैं। इससे जीवन में मिठास व ताजगी बनी रहती है।

कन्या राशि- के लोग अक्षय तृतीया के दिन कांसा खरीद सकते है।

तुला राशि- के लोगों को इस दिन चावल, चीनी आदि की खरीदारी करनी चाहिए।

वृश्चिक राशि- वालें गुड़ खरीद सकते हैं। मान्यता है कि इससे धन की देवी मी लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं।

धनु राशि- वालों को पीली वस्तुएं इस दिन खरीदनी चाहिए। इससे भगवान विष्णु की कृपा प्राप्त होती है।

मकर राशि- के लोग स्टील या लोहा खरीद सकते हैं।

कुंभ राशि- वाले पीतल या सोना खरीद सकते है। इससे जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहती हैं।

मीन राशि- वालों के लिए वाहन व सोना खरीदना शुभ होता है।

# क्यों मंगलवार और शनिवार को ही होती है बजरंगबली की पूजा

**मंगलवार-** मंगलवार का दिन हनुमान जी के जन्म से जुड़ा हुआ है और इस दिन की पूजा विशेष रूप से शक्ति और साहस के लिए की जाती है। यह दिन मंगल ग्रह से संबंधित है। हनुमान जी मंगल ग्रह के स्वामी हैं जो साहस, और ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। इस दिन उनकी उपासना करने से मंगल दोष दूर होते हैं। इसलिए मंगलवार को उनकी पूजा करने से जीवन में शक्ति और साहस का संचार होता है। यह दिन व्यक्ति को न सिर्फ शारीरिक बल, बल्कि मानसिक दृढ़ता भी प्रदान करता है, जिससे वह अपनी समस्याओं का सामना करने के लिए अधिक सक्षम बनता है।

**शनिवार-**शनिवार का दिन शनि देव के साथ जुड़ा हुआ है और यह दिन हनुमान जी के साथ भी विशेष संबंध रखता है। शनिदेव के प्रकोप से बचने और शांति पाने के लिए हनुमान जी की पूजा शनिवार को की जाती है। हनुमान जी के बारे में यह मान्यता है कि वह शनि के भक्त हैं और उनके आशीर्वाद से शनि की कड़ी सजा और दोष दूर होते हैं। शनिवार को हनुमान जी की पूजा से शनि दोष का निवारण होता है और व्यक्ति को जीवन में शांति और सुख मिलता है।

**क्यों है पूजा का महत्व?**



मंगलवार और शनिवार को हनुमान जी की पूजा से न केवल शारीरिक बल मिलता है, बल्कि मानसिक शांति भी प्राप्त होती है। कहा जाता है कि जब रावण ने शनिदेव को कारागार में रखा तो उन्हें हनुमान जी ने ही मुक्त कराया था। इसके बाद शनिदेव ने हनुमान जी को आशीर्वाद दिया था कि शनिवार के दिन जो भी भक्त हनुमान जी की उपासना करेगा, उसे शनिदेव के प्रकोप से मुक्ति मिलेगी। इन दिनों की पूजा से न सिर्फ शनि दोष समाप्त होते हैं, बल्कि हर प्रकार के दुखों से मुक्ति भी मिलती है। मंगलवार और शनिवार को हनुमान जी की पूजा न केवल धार्मिक परंपरा का हिस्सा है, बल्कि यह जीवन में एक नई ऊर्जा और शांति का आह्वान भी है। इन दिनों की पूजा से हर भक्त को हर संकट से उबरने की शक्ति और आत्मविश्वास प्राप्त होता है।

# कपूर के चमत्कारी प्रयोग से आएगी समृद्धि



यदि आप भी आर्थिक कठिनाइयों से जूझ रहे हैं और निरंतर प्रयासों के बावजूद स्थिति में सुधार नहीं हो रहा है, तो चिंता करने की आवश्यकता नहीं है. वास्तु शास्त्र में कई सरल उपाय दिए गए हैं, जो आपके घर की नकारात्मक ऊर्जा को समाप्त करके प्रगति के मार्ग को प्रशस्त कर सकते हैं.

**कपूर कहां जलाना चाहिए?**

यदि आप आर्थिक तंगी से ग्रस्त हैं और अपने घर में समृद्धि लाना चाहते हैं, तो वास्तु शास्त्र में एक सरल उपाय सुझाया गया है. इसके अनुसार, प्रतिदिन सुबह और शाम को घर के आग्नेय कोण, अर्थात् दक्षिण-पूर्व दिशा में खड़े होकर कपूर जलाना चाहिए. ऐसा माना जाता है कि इस क्रिया से घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है, कठिन समय समाप्त होता है, और आय के नए अवसर उत्पन्न होते हैं.



**कपूर से घर में पॉजिटिव एनर्जी कैसे लाएं?**

धार्मिक जानकारों का कहना है, कि अगर आप खूब मेहनत कर रहे हैं लेकिन उसका सही हल नहीं मिल रहा है या काम बनते बनते बार बार बिगड़ जाता है, तो यह उपाय आपके काम आने वाला है. रोज़ एक कटोरी में कपूर और कुछ लौंग जलाकर को पूरे घर में फैलाना चाहिए. ऐसा करने से घर की नगरी बैनर्जी दूर होती है और रुके हुए काम भी बनने लगते हैं। कपूर की टिकिया रखने से घर में क्या फर्क पड़ता है?

अगर आपके घर में किसी वजह से वास्तु दोष बना हुआ है, तो इसे दूर करने के लिए एक बहुत आसान और सस्ता तरीक़ा है. आप अपने घर की हर कमरे की कोनों में कपूर की एक एक टिकिया रख दें. ऐसा करने से घर की निगेटिव एनर्जी दूर होती है, वास्तुदोष भी ख़त्म होता है, घर में हमेशा सुख शांति बनी रहती है।

# तुलसी के पौधे को लगाने और पूजा करने के जानें नियम

हिंदू धर्म में तुलसी का पौधा बहुत ही पूजनीय और पवित्र माना जाता है। पूजा-पाठ से लेकर किसी भी तरह के धार्मिक अनुष्ठान में तुलसी के पौधे का विशेष महत्व होता है। हिंदू धर्म में हर एक घर में तुलसी का पौधा जरूर होता है। घर के आंगन में तुलसी के पौधे को लगाने की और नियमित पूजा करने की विशेष परंपरा सदियों से चली आ रही है। तुलसी का पौधा न सिर्फ धार्मिक महत्व रखता है बल्कि इसका वास्तु और आयुर्वेद में विशेष महत्व होता है। तुलसी के पत्तों का इस्तेमाल बीमारियों को ठीक करने में होता है। तुलसी के पत्तों का सेवन करने से व्यक्ति की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है।

तुलसी के पौधे का वर्णन और महत्व कई ग्रंथों और पुराणों में किया गया है। स्कंद पुराण, पद्म पुराण और गुरुण पुराण में खास वर्णन है। तुलसी को विष्णु प्रिया कहा गया है। जिन घरों में तुलसी का पौधा होता है और नियमित रूप से पूजा- अर्चना की जाती है वहां पर देवी लक्ष्मी और भगवान विष्णु का वास होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार तुलसी के पौधे की नियमित रूप से पूजा करने से देवी-देवताओं का आशीर्वाद तो मिलता ही है साथ ही हर के पापों का नाश भी होता है। आइए जानते हैं तुलसी के पौधे से जुड़ी कुछ खास बातें जिसके बारे में हर किसी को जरूर मालूम होना चाहिए।

-हिंदू धर्म में तुलसी को बहुत ही पवित्र और पूजनीय पौधा माना जाता माना जाता है। वास्तु शास्त्र में भी तुलसी को सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करने वाला पौधा कहा गया है।

- जिन घरों पर तुलसी का पौधा लगा होता है और हर दिन पूजा की जाती है और जल अर्पित किया जाता है, वहां पर सदैव भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है। ऐसे घरों में कभी भी खुशहाली व धन-धान्य की कमी नहीं होती है।

- वास्तु म...



तुलसी के पौधे को रखने और लगाने के लिए कुछ नियम होते हैं। वास्तु के अनुसार तुलसी को घर के ईशान कोण यानी उत्तर-पूर्व दिशा, पूर्व दिशा और उत्तर दिशा में लगाना सबसे ज्यादा शुभ माना जाता है। इस दिशा में तुलसी का पौधा लगाने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार बहुत ही बेहतर तरीके से होता है। इससे घर पर हमेशा सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है।

- वास्तु शास्त्र के अनुसार तुलसी का पौधा कभी भी दक्षिण दिशा में नहीं लगाना चाहिए। इस दिशा के स्वामी यमराज होते हैं। ऐसे में भूलकर भी तुलसी के पौधे को दक्षिण दिशा में नहीं लगाना चाहिए।

- घर पर जहां पर भी तुलसी का पौधा लगाएं वहां पर साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

-तुलसी के पौधे को बहुत ही पूजनीय और पवित्र माना जाता है। ऐसे में देखभाल करते समय विशेष ध्यान देना चाहिए। रोजाना सुबह स्नान करने के बाद तुलसी को जल जरूर अर्पित करें। इसके अलावा अगर जल में गंगाजल को मिलाकर तुलसी को अर्पित किया जाय तो यह बहुत ही शुभ फलदायी होता है।

- हर दिन सूर्यास्त के बाद तुलसी के पौधे की पूजा, दीपक जलाना और आरती करना बहुत ही शुभ माना जाता है।

- यदि आप घर में तुलसी का पौधा लगा रहे हैं तो गुरुवार के दिन लगाना चाहिए।

**तुलसी पूजन मंत्र-**

महाप्रसाद जननी सर्व सौभाग्यवर्धिनी, आधि व्याधि हरा नित्यं तुलसी त्वं नमोस्तुते।।

**तुलसी स्तुति मंत्र -**

देवी त्वं निर्मिता पूर्वमर्चितासि मुनीश्वरैः
नमो नमस्ते तुलसी पापं हर हरिप्रिये



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**

**मंगलवार, 22 अप्रैल 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके1947 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते वसंत ऋतौ वैशाख मासोत्तमे कृष्ण पक्षे नवमी तिथौ मंगल वासरे 18/14/ श्रवण नक्षत्रे 12/44/ शुभ योग 21/13/ तैतिल करणे 06/36/कुम्भ राशिगत चन्द्रमा घं.24 मि.32पर।

व्रत एवं त्यौहार- पंचक प्रारंभ घं.24मि.32पर से। भद्रा प्रारंभ घं.29मि.29 से।

**मेष :** भाग्य को नई दिशा मिलेगी। आर्थिक कष्ट की पूर्ति के लिए लॉटरी जैसे प्रयास उपयोगी हैं। अचानक लाभ संभव है।

**वृष :** उत्तरदायित्व कुछ खर्चीले साबित होंगे। विशेष प्रयत्नों से ही लाभ होगा। संतान के कारण परिवार में अशांति रहेगी और किसी से शत्रुता हो सकती है।

**मिथुन :** बुद्धि चतुर से उत्तम धन लाभ होगा। संयम एवं धैर्य से कार्य के होने की संभावना है। यात्रा का योग है।

**कर्क :** यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद एवं लाभकारी रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक प्रगति के योग बनेंगे।

**सिंह :** पारिवारिक जीवन सुख में होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। यात्रा सुख मय होगी।

**कन्या :** खेद और ग्लानि का वातावरण समाप्त होगा और अपनी स्थिति के अनुसार मान-सम्मान का ख्याल रखे। व्यावसायिक अभ्युदय भी होगा।

**तुला :** विशेष प्रकार के समाचार मिलेंगे आरे मित्रों का सहयोग भी मिलेगा। भाग्य तथा देवी आस्थाओं को श्रेय देंगे। कोष में कमी होगा।

**वृश्चिक :** परिवार जनों का सहयोग प्राप्त होगा। वैवाहित निर्णय में टाल मटोल ठीक नहीं है। नए परिचयों के प्रति आकांक्षा रहेगी।

**धनु :** गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। किया गया पुरुषार्थ सार्थक होगा।

**मकर :** जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा। धन सम्मान में वृद्धि होगी। आय-व्यय में संतुलन आवश्यक है ।

**कुंभ :** व्यर्थ की उलझने रहेगी। यात्रा की स्थिति सुखद एवं लाभकारी होगी। व्यस्तता अधिक होगी।

**मीन :** ज्ञान विज्ञान की वृद्धि होगी तथा कुछ बौद्धिक चिंतन पैदा होंगे। परिश्रम से ही महान कार्य सिद्ध होंगे।

### झगड़ा करते तीन लोगों पर कार्रवाई

**जालौन (उरई)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खर्रा निवासी देवेंद्र कुमार शराब के नशे में मोहल्ले के लोगों के साथ अभद्रता व मारपीट कर रहा था। लोगों के समझाने के बाद भी न मानने पर उन्होंने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दे दी मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी के खिलाफकार्रवाई की है। उधर, सारंगपुर निवासी कृष्ण कुमार व उरगांव निवासी रंजीत परिवार के लोगों के साथ विवाद व मारपीट कर रहे थे। जिसकी सूचना परिजनों ने पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के खिलाफकार्रवाई की है।

## खबर एक नज़र

### गढ़ कुंडार किला खंगार क्षत्रिय राजवंश की गाथा दर्शाती:सुभाष पिंडारी

**0 यूनेस्को की सूची की त्रुटियों में हों सुधार, समाज में असंतोष व्याप्त**

**उरई (जालौन)।** उरई के रामनगर स्थित पिंडारी हाउस में अखिल भारतीय खंगार क्षत्रिय समाज द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया जहा हाल ही में यूनेस्को की सूची में निवाड़ी जिला मध्य प्रदेश में स्थित गढ़ कुण्डार के किले को खंगार समाज के नाम से अंकित करने की मांग उठाई गई बैठक की अध्यक्षता समाज के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष उदय पिंडारी ने की बैठक मे उन्होंने बताया की हाल ही में म0प्र0 शासन ने बुन्देला राजाओं के महल किले भवनों को विश्व धरोहर सूची में मान्यता हेतु धारावाहिक सम्पत्ति अन्तर्गत छह महत्वपूर्ण घटक शामिल किये हैं जिसमें गढ़ कुण्डार किला, राजा महल, जहांगीर महल, दतिया पैलेश, झांसी किला और धूबेला पैलेश इन किले और महलों में गढ़ कुण्डार किले को छोड़कर शेष महल बुन्देला राजपूत की सांस्कृतिक परम्पराओं स्थापत्य शैली और राजनीतिक इतिहास दर्शाती है किन्तु गढ़ कुण्डार किले की जो सांस्कृतिक परम्परायें स्थापत्य शैली और राजनीतिक इतिहास है। वह खंगार क्षत्रिय राजवंश के इतिहास को दर्शाती है। गढ़ कुण्डार में ग्यारहवी शताब्दी से तेरहवी शताब्दी तक खंगार क्षत्रि राजवंश का शासनकाल रहा है जो जुझौती खण्ड से जाना जाता था जो आज वर्तमान में बुन्देलखण्ड कहलाता है किन्तु यूनेस्को की सूची में त्रुटिपूर्ण जानकारी बुन्देला राजाओं के नाम से शामिल कर दी गयी है जिससे खंगार क्षत्रिय समाज में भारी असंतोष व्याप्त है। उन्होंने सरकार से गढ़ कुण्डार किले के गौरवशाली इतिहास अनुसार खंगार राजवंश का नाम यूनेस्कों की सूची में ऐतिहासिक तथ्यों के अनुसार संशोधित कर शामिल कराये जाने की मांग की और कहा की यदि मांग न मानी गई तो आगे चलकर खंगार समाज आंदोलन को बाध्य होगी बैठक मे सुभाष उदय पिण्डारी, भूपत सिंह मास्टर अकोड़ी, डा ब्रज किशोर सिंह हरदोई गूजर, ज्ञान सिंह खांगर, अमर सिंह, राजकुमार, जीतेन्द्र सिँह खांगर, विजय सिंह, शिव प्रताप सिंह, महेन्द्र सिंह परिहार, प्रताप भान सिह, रजनीश गुड्डू, विजय सिँह, आदि मौजूद रहे।

### मंडलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केंद्र में 3325 लोगों को दिया व्यवसायिक प्रशिक्षण

कालपी (जालौन)। ग्रामीण क्षेत्रों में उद्योग स्थापना एवं युवक युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शासन के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के तहत मंडलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केंद्र कालपी में वर्ष 2024-25 के दौरान 3325 लोगों को औद्योगिक एवं व्यवसायिक प्रशिक्षण दिया गया है। मंडलीय ग्रामोद्योग प्रक्षिक्षण केंद्र के प्राचार्य शिशुपाल सिंह गोयल ने बताया कि सत्र 2024-25 के दौरान एक जनपद एक उत्पाद मटर प्रसंस्करण के लिए 725 युवक युवतियों को प्रक्षिक्षण दिया जा चुका है। इसी प्रकार विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत 825 लोगो को प्रक्षिक्षण दिया गया तथा कौशक सुधार योजना के अंतर्गत 1150 लोगो को तथा माटीकला शिल्पकार योजना के तहत 6 सौ लोगो को प्रक्षिक्षण दिया गया है। उक्त योजना के तहत विभिन्न स्त्रोतों में सिलाई, कढ़ाई, बुनाई, राजमिस्त्री, लोहार, ब्यूटी पार्लर, शिल्पकारी आदि ट्रेडों का प्रशिक्षण दिया जा चुका है। प्राचार्य ने बताया कि मंडलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केंद्र में बुंदेलखंड के सातों जनपदों ललितपुर, झांसी, जालौन, हमीरपुर, महोबा, बाँदा, चित्रकूट के अलावा कानपुर देहात, औरैया, इटावा के युवक युवतियों को भी प्रक्षिक्षण प्रदान कराया जाता हैं। इस ट्रेडों के प्रशिक्षणार्थियों को मुख्य मंत्रो ग्रामोद्योग रोजगार योजना के तहत 10 लाख रुपये तक ॠण प्रदान करने की व्यवस्था है। केंद्र में कार्यरत विवेक कुमार गुप्ता, राम सिंह, मीरादेवी आदि के द्वारा प्रशिक्षण प्रदान कराया जा रहा है।

### रामकथा केवल एक कथा नहीं, बल्कि धर्म, नीति और मर्यादा का जीवंत आदर्श

**जालौन (उरई)।** नगर स्थित हनुमंत साधना धाम में आयोजित साप्ताहिक रामकथा के दूसरे दिन कथा वाचक रोहित कृष्णाचार्य ने भगवान श्रीराम के जीवन के विविध प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कथा के दौरान वातावरण भक्ति, श्रद्धा और अध्यात्म से सराबोर हो गया। कथा वाचक रोहित कृष्णाचार्य ने कथा का आरंभ भगवान श्रीराम के बाललीला प्रसंगों से किया और बताया कि कैसे अयोध्या में भगवान श्रीराम के जन्म से संपूर्ण नगर आनंदित हो उठा था। उन्होंने कहा कि रामकथा केवल एक कथा नहीं, बल्कि धर्म, नीति और मर्यादा का जीवंत आदर्श है। राम के चरित्र को जीवन में आत्मसात करने से मनुष्य जीवन सार्थक हो जाता है। कथा वाचक ने भगवान श्रीराम के जीवन की गूढ़ शिक्षाओं को सरल और सरस शैली में प्रस्तुत करते हुए कहा कि राम का जीवन त्याग, समर्पण, विनम्रता और सेवा भावना का प्रतीक है। उन्होंने माता कौशल्या, दशरथ और गुरुओं के प्रति राम की श्रद्धा, भाईयों के प्रति स्नेह, प्रजा के प्रति दायित्व और सीता माता के साथ उनका दिव्य संबंध वर्णित किया। उन्होंने यह भी कहा कि आज की पीढ़ी को राम के चरित्र से प्रेरणा लेकर जीवन में नैतिक मूल्यों की स्थापना करनी चाहिए। यज्ञाचार्य अनुज बाजपेई ने यज्ञ क्रियाएं संपन्न कराई। इस मौके पर रमेशचंद्र महाराज, सुशीला देवी, पारीक्षित माया देवी, शिवराम राठौर, सुनीता, राधिका, अर्पणा, दीक्षा, रागिनी, कृष्णा, निशा आदि मौजूद रहेउधार के लिए उधार लिये रुपये वापस दिलाने की पुलिस से लगायी गुहार

जालौन (उरई)। बहू के इलाज कराने के उधार रूपए ले लिए। निर्धारित छह माह की अवधि बीतने के बाद वह रुपये वापस नहीं कर रहे हैं। पीड़िता ने एसपी को शिकायती पत्र देकर रुपये वापस दिलाने की मांग की है।

नगर के मोहल्ला धुआताल निवासी तपेश्वरी तोमर ने एसपी को शिकायती पत्र देकर बताया कि सींगपुरा निवासी शशिवेन्द्र कुमार अपने दो साथियों के साथ 30 मई 2024 को उसके घर आए थे। बताया कि उनकी बहू की तबीयत खराब है। उसके इलाज के लिए रुपयों की आवश्यकता है। उन्होंने इलाज के लिए डेढ़ लाख रुपये उधार मांगे। उस समय उसके पास एक लाख 30 हजार रुपये थे। उन्होंने एक लाख 30 हजार रुपये उन्हें दे दिए। रुपये लेते समय उन्होंने पूरा रुपये छह माह में लौटा देने का आश्वासन दिया था। जब छह माह की समय सीमा बीत गई तो वह रुपये देने में टाल मटोल कर रहे हैं। लगभग 11 माह का समय बीत चुका है लेकिन वह रुपये वापस नहीं कर रहे हैं। पीड़िता ने पुलिस से उसके रुपये वापस दिलाने की मांग की है।

### देवनगर चौराहे की अंग्रेजी शराब ठेके पर ओवररेट में बेंची जा रही शराब

**जालौन (उरई)।** नगर के देवनगर चौराहे स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान पर निर्धारित मूल्य से अधिक दरों पर शराब बेचे जाने की शिकायतें सामने आई हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि दुकानदार प्रति बोतल 20 से 50 रुपये तक अधिक वसूली कर रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है और सरकारी नियमों की खुलेआम अवहेलना हो रही है।

उपभोक्ता अनिल कुमार, अखिलेश, अवधेश आदि ने बताया कि शराब की बोतलों पर एमआरपी स्पष्ट रूप से अंकित होने के बावजूद दुकानदार मनमाने ढंग से अधिक मूल्य वसूल रहा है। जब ग्राहक इस पर आपत्ति जताते हैं, तो उन्हें खरी-खोटी सुनाई जाती है और कभी-कभी बहस की नौबत तक आ जाती है। कुछ उपभोक्ताओं ने बताया कि दुकान पर बिल भी नहीं दिया जाता, जिससे ओवररेटिंग साबित करना कठिन हो जाता है। इससे न सिर्फ उपभोक्ताओं की जेब ढीली होती है बल्कि सरकार को भी राजस्व का नुकसान होता है। इस संबंध में कुछ उपभोक्ताओं ने दूरभाष पर आबकारी निरीक्षक से संपर्क कर पूरे मामले की जानकारी दी और तत्काल जांच की मांग की। साथ ही उन्होंने शराब की दुकान के बाहर रेट लिस्ट सूची चस्पा कराने और अधिकारियों के मोबाइल नंबर दर्ज कराने की भी मांग की है। आबकारी निरीक्षक बताया कि बहुत जल्द दुकान पर औचक निरीक्षण कर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि दुकान संचालक द्वारा ओवररेटिंग पाई जाती है तो नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी, जिसमें चालान, लाइसेंस निलंबन या निरस्तीकरण जैसी कार्रवाई भी संभव है। गौरतलब है कि आबकारी विभाग द्वारा शराब दुकानों को निर्धारित मूल्य पर उत्पाद बेचने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। इसके बावजूद यदि ओवररेटिंग जैसे मामले सामने आ रहे हैं तो यह विभागीय निगरानी पर भी सवाल खड़े करता है।

## महात्मा फुले व माता सावित्रीबाई फुले पर बनी फिल्म पर से रोक हटाने हेतु राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन



**ललितपुर।** आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष/महानगर अध्यक्ष जिला प्रभारी हरदयाल सिंह लोधी एडवोकेट ने जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन भेजकर अवगत कराया है कि महात्मा फुले और माता सावित्रीबाई फुले के महान जीवन और संघर्षों पर आधारित एक महत्वपूर्ण फिल्म पर सेंसर बोर्ड द्वारा रोक लगाई गई है, यह रोक न केवल अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर आघात है, बल्कि हमारे देश के महान समाज सुधारकों की विचाराधारा को दबाने का भी प्रयास है व महात्मा फुले और माता सावित्रीबाई फुले ने सदियों से चली आ रही सामाजिक कुरीतियों के खिलाफसंघर्ष किया और शिक्षा, नारी सशक्तिकरण तथा समतामूलक समाज की स्थापना के लिये अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित किया व उनकी जीवन यात्रा को जनमानस तक पहुंचाना आज के समय की आवश्यकता है ताकि देश के युवा उनके विचारों से प्रेरणा लें सकें व इस अन्यायपूर्ण रोक का विरोध करते हुये महामहिम राष्ट्रपति से निवेदन किया है कि सेंसर बोर्ड द्वारा फिल्म पर लगाई गई रोक को तुरंत हटाने का निर्देश दिया जाये व इस विषय में शीघ्र संज्ञान लेकर उचित कार्यवाही की जाये। ज्ञापन पर मीना राजा, हजारीलाल राजपूत, रमेश कुमार झां, गनेशराम रजक, बुद्ध सिंह आदि के हस्ताक्षर मौजूद थे।

## जिलाधिकारी ने सावधानी व बचाव के उपाय अपनाने की दी सलाह

**-बढ़ते तापमान के चलते मौसम विभाग ने जारी किया यलो एलर्ट**



**ललितपुर।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने एडवायजरी जारी करते हुए अवगत कराया है कि वर्तमान में गर्मी के बढ़ते तापमान के दृष्टिगत मौसम विभाग द्वारा जनपद के लिए यलो अलर्ट जारी किया है, मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार जून तक अधिक तापमान रहने की संभावना है, ऐसे में लोगों को हीटवेन से बचाव के लिए आवश्यक तैयारियां कर लेनी चाहिए व गर्म हवाओं से बचने के लिए खिड़की को रिफ्लेक्टर जैसे एल्युमिनियम पन्नी, गत्ते इत्यादि से ढककर रखें, ताकि बाहर की गर्मी को अन्दर आने से रोका जा सके व उन खिड़कियों व दरवाजों पर जिनसे दोपहर के समय गर्म हवाएं आतीं हैं काले परदे लगाकर रखना चाहिए, स्थानीय मौसम के पूर्वानुमान को सुनें और आगामी तापमान में होने वाले परिवर्तन के प्रति सजग रहें एवं आपात स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण लें व बच्चों तथा पालतू जानवरों को बन्द वाहन में अकेला न छोड़ें, जहां तक सम्भव हो घर में ही रहें तथा सूर्य के ताप से बचें, सूर्य के ताप से बचने के लिए जहां तक संभव हो घर की निचली मंजिल पर रहें व संतुलित, हल्का व नियमित भोजन करें व बासे खाने का प्रयोग कदापि न करें और मादक पेय पदार्थों का सेवन न करें व घर से बाहर अपने शरीर व सिर को कपड़े या टोपी से ढककर रखें व घर में पेय पदार्थ जैसे लस्सी, छांछ, मट्ठा, बेल का शर्बत, नमक चीनी का घोल, नीबू पानी या आग का पना इत्यादि का प्रयोग करें व हीटवेब से बचाव को लेकर जनसामान्य के बीच जागरूता अभियान स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाया जा रहा है व जब वातावरण का तापमाप 37 डिग्री सेल्सियस से 3-4 डिग्री अधिक पहुंच जाता है तो उसे हीटवेब या लू कहते हैं व अभी आगे गर्मी का प्रकोप और बढ़ेगा इसलिए गर्मी से बचाव के लिए विभिन्न उपायों को अपनाना चाहिए। आपदा संबंधी सहायता के लिए एम्बुलेंस 108, पुलिस 112, राहत आयुक्त कार्यालय 1070 टोल फ्री, आपदा हेल्प लाइन नम्बर 1077, जिला इमरजेंसी ऑपरेशन सेन्टर कंट्रोल रूम. 05176 -277409, 272335, 272613, 9454416374 नम्बरों पर सम्पर्क करें।

## आमजन की समस्याओं के निराकरण हेतु कलेक्ट्रेट परिसर में कंट्रोल रूम स्थापित

**उरई (जालौन)।** ग्रीष्म ॠतु में संभावित पेयजल संकट से निपटने के लिए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में वर्चुअल बैठक के माध्यम से नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध जलापूर्ति, विद्युत आपूर्ति और साफ-सफाई सुनिश्चित कराने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

- नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध जलापूर्ति, विद्युत आपूर्ति और साफ सफाई रहे सुनिश्चित
- विद्युत विभाग द्वारा सिडडाउन (बिजली बंदी) किया जाता है, तो संबंधित क्षेत्र को इसकी सूचना समय रहते दी जाए

जिलाधिकारी ने किया कि जनपद के किसी भी क्षेत्र में पेयजल की समस्या उत्पन्न नहीं होनी चाहिए। इसके लिए संबंधित विभागों को अभी से जलापूर्ति की प्रभावी योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने जल संस्थान को विद्युत विभाग के साथ समन्वय बनाए रखने को कहा ताकि जलापूर्ति में बिजली आपूर्ति बाधित न हो और तकनीकी समस्याओं के कारण जल संकट न उत्पन्न हो।यदि किसी क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित होने के कारण जल संकट की स्थिति बनती है, तो संबंधित टीमों को तत्काल स्थल का निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि यदि विद्युत विभाग द्वारा सिडडाउन (बिजली बंदी) किया जाता है, तो संबंधित क्षेत्र को इसकी सूचना समय रहते दी जाए ताकि आमजन को असुविधा न हो। स्वीकृत पेयजल योजनाओं की स्थिति की समीक्षा करते हुए उन्होंने उन्हें क्रियाशील बनाए रखने पर जोर दिया तथा जल संकट से प्रभावित क्षेत्रों को संवेदनशील मानते हुए प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि संबंधित विभाग सतर्क और संवेदनशील रहते हुए आवश्यक कदम उठाएं ताकि कहीं भी जल संकट की स्थिति उत्पन्न न हो।इसके साथ ही उन्होंने नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित साफ-सफाई तथा फॉगिंग कराना भी सुनिश्चित करने के आदेश दिए। आमजन की समस्याओं के निराकरण हेतु कलेक्ट्रेट परिसर में कंट्रोल रूम (नंबर 05162-257090) स्थापित किया गया है, जहाँ प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण किया जा रहा है।

### इंटेलीजेंट भारत के दो छात्रों ने जेईई में पाई सफलता

**उरई (जालौन)।** कालपी रोड स्थित इंटेलीजेंट भारत इन्स्टीट्यूट के दो छात्रों ने जेईई की परीक्षा में सफलता हासिल की है। शहर के मोहल्ला राजेंद्रनगर निवासी राम गुप्ता ने 92.9 परसेंटाइल के साथ ईडब्लूएस में 20062 वीं रैंक हासिल की है। राम के पिता नवोदय विद्यालय में कैंटीन का संचालन करते हैं जबकि मां अर्चना गुप्ता निजी स्कूल में अध्यापिका है। राम ने बताया कि उसे दूसरे प्रयास में यह सफलता मिली है। जबकि उमरारखेरा निवासी विशाल गौतम ने भी 89.40 परसेंटाइल के साथ जेईई की परीक्षा उत्तीर्ण की है। उसके पिता संजय गौतम पूर्व में जिला पंचायत सदस्य रहे हैं। जबकि मां राजकुमारी गृहणी हैं। वह रामश्री में पढ़ता था। बताया कि घर में पांच छह घंटे पढ़ाई से उसने पहले ही प्रयास में सफलता हासिल कर ली है। इसके पहले इसी संस्था इंदल कुमार ने 95 परसेंटाइल, उत्तम सिंह ने भी 93 परसेंटाइल व आदर्श ने 91 परसेंटाइल अंकों के साथ जेईई की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। इंटेलीजेंट भारत इन्स्टीट्यूट के डायरेक्टर दिलीप सिंह और सेंटर हैड विनय यादव ने बताया कि जनवरी में तीनों छात्रों को सफलता मिली थी। अब दो छात्रों ने सफलता पाई है।

## एसडीएम निरीक्षण करने पहुंचे क्षेत्र पंचायत कार्यालय मचा रहा हड़कंप

**0 खराब हैंडपंप तत्काल करायें दुरुस्त, तालाब, पोखरों में भरवाये पानी**

**कालपी (जालौन)।** सोमवार को उप जिलाधिकारी ने महेवा ब्लाक का आकस्मिक दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ब्लाक कार्यालय के साथ बाल विकास परियोजना कार्यालय का भी निरीक्षण किया है।

शासन की मंशा के अनुरूप सोमवार को एसडीएम सुशील कुमार सिंह ने महेवा ब्लाक कार्यालय का आकस्मिक दौरा किया तो हड़कम्प मच गया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यो की जानकारी लेकर उनको समय से पूरा करने के साथ गुणवत्ता बनाए रखने के भी निर्देश दिए और नसीहत दी की गर्मी का मौसम है ऐसे में इन्सान के जानवरो को भी पानी की आवश्यकता है इसलिए पानी की कमी न होने पाए इसके लिए तालाबों पोखरों में पानी की व्यवस्था की जाए साथ ही क्षेत्र में लगे हैण्डपम्पों की भी समय से मरम्मत करा ली जाए जिससे जल संकट उत्पन्न न हो। इसके साथ ही उन्होंने ब्लाक परिसर स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय का भी निरीक्षण किया जिसमें उन्होंने दस्तावेजों के साथ पुष्टाहार का स्टाक भी देखा और कसा कि आँगनवाड़ी केन्द्रों में गड़बड़ी नजर आई तो कार्यवाही होगी। इस दौरान खण्ड विकास अधिकारी संदीप मिश्रा, एडीओ पंचायत हरेन्द्र सिंह समेत सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

इनसेट----

**बैरई और हर्रायपुर के विद्यालयों में कम मिले छात्र**

**कालपी।** सोमवार को ब्लाक क्षेत्र का आकस्मिक निरीक्षण करने गये एसडीएम सुशील कुमार सिंह ने बैरई और हर्रायपुर के परिषदीय विद्यालयों को भी देखा। इस दौरान उन्हें वहां पर पंजीकृत छात्रो की अपेक्षा बेहद कम बच्चे मिले इस पर उन्होंने मौके पर मौजूद शिक्षकों को कम उपस्थिति पर स्पष्टीकरण माँगा है तथा उन्हें शिक्षण व्यवस्था से खिलवाड़ न करने की नसीहत दी है।

### एसडीएम को देखकर डम्फर चालक मौरम सड़क पर डालकर भागा, आवागमन रहा बाधित

**कालपी (जालौन)।** प्रशासन द्वारा खनिज के अवैध परिवहन को रोकने की हर सम्भव कोशिश कर रहा है जिसके लिए उप जिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह की अगुआई में टीम आकस्मिक चैकिंग अभियान चलाती रहती है जिसमें बड़ी संख्या में कार्यवाही भी हुई है लेकिन इसके बावजूद अवैध परिवहन बन्द नही हो रहा है जिसकी बानगी कभी भी सडको पर देखी जा सकती है। सोमवार को भी जोल्हूपुर हमीरपुर हाईवे पर ऐसा नजारा देखने को मिला है। उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह महेवा ब्लाक क्षेत्र मे सरकारी विभागो की व्यवस्था परखने निकले थे लेकिन जैसे ही वह जोधर नाला के पास पहुँचे थे तो उन्हें वालू से भरा ओवरलोड डम्फर दिखाई दिया लेकिन वह डम्फर को पकडने का प्रयास करते कि उससे पहले डम्फर चालक ने वालू सडक पर खाली कर दी जिससे यह रोड पूरी तरह जैम हो गया था और जब तक उनकी गाडी उक्त वालू के ढेर के आगे निकल पाती तब तक डम्फर चालक वाहन लेकर फरार हो गया था

## जनपद स्तरीय आधार अनुश्रवण समिति की समीक्षा बैठक 23 को

उरई (जालौन)। मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में 23 अप्रैल को अपराह्न 4.30 बजे से विकास भवन सभागार में जनपद स्तरीय आधार अनुश्रवण समिति की बैठक आहूत की गयी है। उक्त समीक्षा बैठक के लिये एजेण्डा विन्दु निम्नवत हैं। केन्द्र एवं राज्य सरकार के माध्यम से संचालित डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) से आच्छादित योजनाओं का अनुश्रवण, नवीन योजनाओं को डी0बी0टी0 के अन्तर्गत लाने एवं जनपद के अध्यासित परिवारों हेतु संचालित की जा रही योजना- ष्फैमिली आई0डी0 एक परिवार एक पहचानष् के अन्तर्गत विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं के लाभार्थियों का आधार प्रमाणीकरण कर योजनाओं से वंचित परिवारों को योजनाओं का लाभ तथा रोजगार के अवसर प्रदान किये जाने आदि के सम्बन्ध में चर्चा, जनपद- जालौन में आयु वर्ग 05-15 एवं आयु वर्ग 15 वर्ष से अधिक के लिये बायोमेट्रिक अद्यतन (डठन्) हेतु कुल लम्बित संख्या, आयु वर्ग 0-5 वर्ष की जनपद में जनसंख्या के सापेक्ष नामाकंन की स्थिति, राज्य पोर्टल में जनपद के लम्बित सत्यापनों की संख्या, भाविपप्रा क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ में आधार नामाकंन ध् अद्यतनीकरण के लिये रजिस्ट्रार के रूप में पंजीकृत बेसिक शिक्षा परिषद, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग को आवांटित किट्स के सापेक्ष अधिकतम क्रियाशील किट्स की संख्या। इस बैठक में अशुतोष सिंह सहायक प्रबंधक, भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण, क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ द्वारा प्रतिभाग कर इस सम्बन्ध में उचित मार्गदर्शन भी प्रदान किया जायेगा। अतः इस सम्बन्ध में निर्देशित किया जाता है कि डीबीटी के माध्यम से आच्छादित विभागीय योजनाओं की अद्यतन प्रगति एवं विभाग के अन्तर्गत संचालित अन्य योजनाओं को डीबीटी से आच्छादित किये जाने की सम्भावना के सम्बन्ध में सारगर्भित, तथ्यपरक टिप्पणी, विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं के लाभार्थियों का आधार प्रमाणीकरण की अद्यतन स्थिति एवं आधार सीडिंग, डीबीटी से वंचित परिवारों की योजनावार अद्यतन स्थिति व एजेण्डा विन्दुओं की प्रगति 05-05 प्रतियों (लैण्डस्केप) में अर्थ एवं संख्याधिकारी कार्यालय में 22 अप्रैल 2025 को पूर्वान्ह 11 बजे तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराते हुए उक्त समीक्षा बैठक में समय से स्वयं प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

## पुलिस ने दोनों पक्षों के दस-दस लोगों के विरुद्ध दर्ज की एफआईआर

**0 तहबाजारी ठेकेदार व खदान संचालक के कारिंदों के बीच हुआ था विवाद**

**कालपी (जालौन)।** जिला परिषद के तहबाजारी ठेकेदार और खदान संचालक के सिपहसालारों के बीच विवाद हो गया। मामले का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों के 10-10 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। विदित हो कि यमुना स्थित तरीबुल्दा क्षेत्र में खनन का पटटा शमा इन्टरप्राईजेज के नाम 5 वर्ष के लिए गत वर्ष हुआ था जिसका संचालन भी हुआ था लेकिन इस वर्ष यह खदान खनन शुरू होने से पहले विवाद हो गया था जिसके बाद जिलाधिकारी ने पटटा निरस्त कर दिया था हालाकि हाईकोर्ट ने उसे फिर से बहाल कर दिया है और तभी से सँचालक यह खनन शुरू करने की प्रक्रिया मे लगे है और इसका उदघाटन 18 अप्रैल को हुआ था लेकिन 19 अप्रैल को जिला परिषद का ठेकेदार खनिज का तहबाजारी शुल्क वसूलने के लिए अपने दल बल के साथ आ गया था लेकिन किसी वात पर तहबाजारी ठेकेदार व पटटा धारक के सिपहसालारों के मध्य मारपीट हो गई थी हालाकि मामला पुलिस तक नहीं पहुंचा था और न ही किसी ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया था लेकिन मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था जिसको संज्ञान मे लेकर पुलिस ने रविवार को मामले में दोनों पक्षों के एक एक नामजदों सहित बीस लोगों के खिलाफ बलवा का मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक परमहँस तिवारी के अनुसार मामला दर्ज कर वीडियो के आज पर जांच शुरू कर दी गई है शीघ्र ही मामले में कडी कार्यवाही भी की जाएगी।

## रुपयों के लेन-देन के विवाद में चाची का हत्यारा भतीजा गिरफ्तार

उरई (जालौन)। बलकट जमीन के रुपयो के लेन-देन को लेकर चाची की हत्या करने वाले भतीजे को गिरफ्तार करने में रेंढ़र थाना पुलिस ने सफलता हासिल की है।

प्राप्त विवरण के अनुसार 18 अप्रैल को रवीशंकर पुत्र स्व. ग्यादीन कुशवाहा निवासी ग्राम धौरपुर थाना कैलिया जनपद जालौन के द्वारा रेंढ़र थाने में फौती सूचना दी गयी कि मेरी भतीजी श्रीमती संगीता देवी पत्नी स्व. हरीसिंह निवासह ग्राम जुगराजपुरा थाना रेंढर जिला जालौन की संदिग्धावस्था में मृत्यु हो गई है जिस पर थाना पुलिस द्वारा मृतका के शव का पंचायतनामा कर पोस्टमार्टम कराया गया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद घटना की सत्यता की जानकारी हुयी। जिसके आधार पर 20 अप्रैल को मृतका संगीता देवी उपरोक्त के पिता भगवान सिंह पुत्र स्वर्गीय ग्यादीन कुशवाहा निवासी ग्राम धौरपुर थाना कैलिया जनपद जालौन ने थाना रेंढर में तहरीर दी कि छोटू उर्फ आनन्द पुत्र राजकुमार उम्र करीब 23 वर्ष निवासी ग्राम जुगराजपुरा थाना रेंढर जनपद जालौन द्वारा वादी की पुत्री श्रीमती संगीता देवी पत्नी स्व. हरीसिंह को गला दबाकर मार दिया गया है। जिसके सम्बन्ध में थाना रेंढर में मुकदमा अपराध संख्या 32/25 धारा 103 (2) बीएनएस बनाम छोटू उर्फ आनन्द पुत्र राजकुमार निवासी ग्राम जुगराजपुरा थाना रेंढर जनपद जालौन पंजीकृत किया गया। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद रेंढ़र थाना पुलिस तत्काल सक्रिय हुई और 21 अप्रैल को थानाध्यक्ष व पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में रोकथाम अपराध, चौकिंग संदिग्ध व्यक्ति, लुटेरे, वाहन चोर, वांछित अपराधी एवं पतारसी सुरागरसी एवं चौकिंग के दौरान मुखबिर की सटीक सूचना पर नहर के किनारे कन्हरी ग्राम को जाने वाले रोड पर बहद ग्राम भगवन्तपुरा से उपरोक्त मुकदमा में वांछित अभियुक्त छोटू उर्फ आनन्द पुत्र राजकुमार उम्र करीब 23 वर्ष निवासी ग्राम जुगराजपुरा थाना रेंढर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पूंछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि दिनांक 18 अप्रैल को बलकट के खेत के दो लाख रूपये के लेन देने तथा गाड़ी की किस्त इत्यादि भरने को लेकर मेरा व मेरी चाची संगीता का झगड़ा हो गया था जिस पर आवेश में आकर मैंने अपनी चाची श्रीमती संगीता की हत्या गला दबाकर की थी।

### बकरी चराने को लेकर हुये विवाद में किशारी के साथ की जातिसूचक गालियां

जालौन (उरई)। बकरी चराने को लेकर हुए विवाद में खेत स्वामी ने किशोरी के साथ जाति सूचक गालियां देकर मारपीट कर दी। शिकायत करने पर जानसे मारने की धमकी दे डाली। पीड़िता की मां ने कोतवाली में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुदरा करौंदी निवासी लवली देवी ने पुलिस को बताया कि रविवार की शाम उनकी 17 वर्षीय बेटी प्रकृति गांव के बाहर बकरियां चराने जा रही थी। रास्ते मे एक खेत के पास उनकी बेटी को बकरियां ले जाते हुए रोक लिया और उसे बकरियां ले जाने से मना करने लगे। जब बेटी ने कहा कि वह बकरियों के साथ है। वह खेतों में कोई नुकसान नहीं होने देगी। जहां चारा होगा वहीं वह अपनी बकरियों को चरायेगी। इस बात से नाराज होकर वहां मौजूद दो तीन लोगों ने बेटी को जातिसूचक गालियां देकर उसके साथ मारपीट कर दी। इतना ही नहीं शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी है। रोती हुई घर आई बेटी ने उन्हें घटना की जानकारी दी। पीड़िता की मां ने पुलिस से मामले में कार्रवाई की गुहार लगाई है। वहीं तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## नगर के दुकानदार हवा में उड़ा रहे बाजारबंदी का आदेश

जालौन (उरई)। नगर में साप्ताहिक बंदी का असर बेअसर साबित हो रहा है। अधिकारियों के निर्देश के बाद भी बाजार बंदी पूरी तरह सफल नहीं हो पा रही है।शिकायतों के बाद श्रम प्रवर्तन अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे। जिससे साप्ताहिक बंदी के दिन दुकानें खुलने से नियमों का पालन करने वाले दुकानदार मायूस हैं।

नगर में सोमवार का दिन साप्ताहिक बंदी के लिए निर्धारित है। पूर्व में अधिकारियों के आकस्मिक भ्रमण के चलते नगर में स्थित सभी दुकानें साप्ताहिक बंदी के दिन बंद ही रहने लगी थीं। कभी कभार अधिकारियों का भ्रमण होता है तो दुकानें बंद हो जाती हैं। लेकिन नियमित भ्रमण न होने से दुकानदार अपनी अपनी दुकानें खोलने लगते हैं इससे उन दुकानदारों को नुकसान होता है तो नियम का पालन करते हुए अपनी दुकानों को बंद रखते हैं। शुरूआत एक दो दुकानों के खुलने से होती है। धीरे धीरे आधा बाजार खुलने लगता है। इनमें शराब ठेका गली, पुरानी नझाई गली के आसपास के अलावा सब्जी मंडी और तहसील रोड पर व कांजी हाउस चौराहे के आसपास, चुर्खी रोड, डां साहनी वाली गली आदि स्थानों के दुकानदार अपनी अपनी दुकानें खोले रहते हैं। ऐसे में नगर के मनोज रिछारिया, दीपक कुमार, अखिलेश लाक्षाकार, रहीस नाना, मोनू शुक्ला आदि कहते हैं कि श्रम प्रवर्तन अधिकारी महीनों नगर में भ्रमण नहीं करते हैं। जब भी उनसे नगर में साप्ताहिक बंदी के दौरान निरीक्षण के लिए कहा जाता है तो वह काम की अधिकता बताकर असमर्थता जताते हैं। उनके नगर में न आने के कारण साप्ताहिक बंदी बेअसर हो गयी है। समाजसेवियों ने जिलाधिकारी से साप्ताहिक बंदी सुनिश्चित कराने की मांग की है।

### जालौन-दिल्ली रोडवेज बस सेवा बंद होने से यात्री प्राइवेट बसों में यात्रा करने को होते विवश

जालौन (उरई)। तहसील मुख्यालय जालौन से दिल्ली तक सीधी बस सेवा बंद होने के कारण आमजन को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पहले परिवहन विभाग द्वारा संचालित इस सेवा से यात्रियों को सीधा लाभ मिलता था, लेकिन अब मजबूरी में उन्हें प्राइवेट बसों और दूसरे साधनों का सहारा लेना पड़ रहा है। नगरवासियों ने परिवहन विभाग से उक्त बस सेवा को पुनः शुरू कराने की मांग की है।

# मुख्यमंत्री युवा उद्यम योजना को दें बढ़ावा-रीभा

- बैठक में डीएम ने बैंक प्रतिनिधियों को दिए निर्देश
- ऋण से संबंधित आवेदनों को निस्तारित किए जाने के लिए किया निर्देशित

**बाँदा।** जिलाधिकारी जे0 रीभा की अध्यक्षता में कलेक्टेऊट सभागार में बैंक प्रतिनिधियों की बैठक सम्पन्न हुई। जहां डीएम ने मुख्यमंत्री युवा उद्यम योजना को बढ़ावा दिए जाने पर विशेष जोर दिया। साथ ही कहा कि जितने भी ऋण से संबंधित आवेदन है, उनका तत्काल प्रभाव में निस्तारण करें। इस कार्य में लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नही की जाएगी।

बैठक में जिलाधिकारी जे0 रीभा ने बैंक के शाखा प्रबन्धकों एवं प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यम योजना, अन्य ऋण सम्बन्धी योजनाओं एवं एनआरएलएम समूहों के बैंको से क्रेडिट लिंकेज किये जाने के सम्बन्ध में लम्बित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण करें। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत बैंको में लम्बित आवेदनों की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित बैंक के प्रबन्धकों एवं प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदन पत्रों का गहनता से परीक्षण करते हुए आवश्यक प्रपत्रों को पूर्ण कराने में सहयोग करते हुए शीघ्र निस्तारण करने की कार्यवाही करें। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के खातों को प्राथमिकता पर खोले जाने तथा समूहों को सीसीएल के आवेदनों का तेजी से निस्तारण किये जाने के निर्देश सम्बन्धित बैंक शाखा के प्रबन्धकों को दिये। उन्होंने पीएमएफएमई योजना के अन्तर्गत लम्बित आवेदनों का एक सप्ताह में निस्तारण करने के निर्देश बैंक प्रतिनिधियों को दिये। उन्होंने बैंक प्रतिनिधियों को सीएसआर फण्ड से शिक्षा व स्वास्थ्य के लिए बच्चों के हितों में कार्य किये जाने हेतु सहयोग प्रदान किये जाने के निर्देश दिये। बैठक में सामान्य प्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र, लीड बैंक मैनेजर एवं सम्बन्धित योजनाओं के अधिकारीगण तथा बैंकर्स उपस्थित रहे।



बांदा : बैठक के दौरान निर्देशित करतीं जिलाधिकारी ।

## नेत्र चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए डॉ बीके जैन को मिली डी.लिट्. की उपाधि



**चित्रकूट ब्यूरोः** श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ डॉ बीके जैन को नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में पाँच दशकों से किए गए अभूतपूर्व सेवाकार्यों और योगदान के लिए गुजरात आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जामनगर के 29वें दीक्षांत समारोह में ''डॉक्टर ऑफ लिटरेचर (डी. लिट्.)'' की मानद उपाधि से अलंकृत किया गया।

डॉ बीके जैन को यह विशिष्ट सम्मान गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने प्रदान किया गया। डॉ. जैन द्वारा नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में ग्रामीण व पिछड़े क्षेत्रों में अत्याधुनिक सेवाएं पहुँचाने, शोध व नवाचार को बढ़ावा देने एवं लाखों लोगों की दृष्टि लौटाने के लिए किए गए कार्यों की सराहना इस उपाधि के माध्यम से की गई। डॉ. जैन ने सम्मान प्राप्ति पर कहा कि यह सम्मान देश में नेत्र चिकित्सा एवं समाजसेवा के क्षेत्र में कार्य कर रहे संस्थानों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इस दौरान गुजरात आयुर्वेद विश्वविद्यालय एवं श्री सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय के बीच नेत्र चिकित्सा में संयुक्त अनुसंधान एवं विकास के लिए महत्वपूर्ण अनुबंध पत्र पर भी हस्ताक्षर किए गए। विश्वविद्यालय के कुलपति वैद्य नरेश कुमार जैन एवं कुलसचिव डॉ. अशोक चावड़ा ने यह अनुबंध पत्र अनुमोदित कर डॉ. जैन को सौंपा। डॉ जैन ने कहा कि इस सहयोग से नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में शोध, प्रशिक्षण एवं सेवाओं को नई दिशा मिलने की आशा है।

## एबीएसए कर रहे कमीशन की मांग



बांदा : बैठक लेते जिलाध्यक्ष पंकज सिंह ।

- बैठक में शिक्षकों ने लगाया आरोप

**बांदा।** मदों से प्राप्त होने वाली धनराशि में एबीएसए कमीशन की मांग कर रहे है। जिसका शिक्षकों ने कड़ा विरोध जताया है। बैठक के दौरान दिवंगत शिक्षकों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन भी रखा गया।

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की मासिक बैठक नटराज म्यूजिक महाविद्यालय में हुई। जिसमें समस्त जिला एवं ब्लॉक पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के उपरांत कानपुर में दुर्घटना के दौरान दिवंगत शिक्षकों की आत्मा की शांति के लिए शैक्षिक महासंघ ने 2 मिनट का मौन रखा। जिलाध्यक्ष पंकज सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बांदा की मासिक बैठक में पूरे माह की समस्त ब्लॉकों से प्राप्त समस्याओं को एकत्रित करते हुए संबंधित अधिकारियों के माध्यम से निस्तारित कराने हेतु एकत्रित किया गया। विगत वर्ष 2024-25 की सदस्यता अभियान की समीक्षा की गई और यह पाया गया कि राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने अपनी सदस्य संख्या में वृद्धि की है। बैठक के दौरान उपस्थित पदाधिकारियो द्वारा अवगत कराया गया कि कई खंड शिक्षा अधिकारियों द्वारा विभिन्न मदों में प्राप्त धनराशि में कमीशन की मांग की जा रही है। बर्तन क्रय हेतु प्राप्त धनराशि में से अनधिकृत धनराशि की मांग की जा रही है जिसको उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाने का निर्णय लिया गया। जिला महामंत्री भरत यादव ने कहा कि शिक्षकों का ऐसा शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में समस्त ब्लॉक अध्यक्ष, महामंत्री सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। संचालन संयुक्त महामंत्री विनोद कुमार शिवहरे ने किया।

## खबर एक नज़र

### जिलाधिकारी ने सुनी फरियादियों की समस्याएं



**चित्रकूट ब्यूरोः** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने सोमवार को कलेक्टरेट स्थित अपने चैंबर में जनसुनवाई के तहत फरियादियों की समस्याएं सुनी। साथ ही निस्तारण के लिए सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलाधिकारी ने उपस्थित फरियादियों की शिकायतों को एक-एक कर सुना। साथ ही प्राप्त प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध में अधिकारियों को शासन की मंशानुरुप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जमीन से सम्बन्धित प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निस्तारण कराएं। उन्होंने कहा कि जन सुनवाई के दौरान जो भी समस्याएं आ रही है, उसका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण ससमय सुनिश्चित कराएं। साथ ही समस्या निस्तारण से सम्बन्धित शिकायतकर्ता को निस्तारण से संतुष्टि भी मिलनी चाहिए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद, बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी मनोहर लाल धर्मन आदि मौजूद रहे।

### सुलह के आधार पर वादों को कराएं निस्तारित

- राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर आयोजित हुई बैठक
- बैठक में न्यायिक अधिकारियों ने किया विचार-विमर्श

**बांदा।** राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह के आधार पर वादों का निस्तारण कराएं। जिससे वादकारियों को लोक अदालत का लाभ मिल सके। साथ ही वह लाभान्वित हो सके।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार आगामी 10 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को दृष्टिगत रखते हुए मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण से सम्बन्धित वादों के अधिक से अधिक निस्तारण कराये जाने हेतु सोमवार को दोपहर 02 बजे से प्रारम्भिक वार्ता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता संजीव कुमार सिंह-पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटनाओं दावा अधिकरण द्वारा की गयी। इस बैठक में राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण हेतु चिन्हित किये गये 25 वादों की पत्रावलियों पर विचार करते हुए अधिवक्ताओं व पक्षकारों के साथ सुलह के आधार पर वादों के निस्तारण के सम्बंध में चर्चा की गयी। बैठक में श्रीपाल सिंह-अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा अधिवक्ताओं में यासमीन खॉन, राजीव चौधरी, कामता निगम, मनोज कुमार त्रिपाठी, रामेन्द्र तिवारी, राजीव चतुर्वेदी व अतुल कुमार शुक्ला, ए0डी0जी0सी0 के साथ राशिद अहमद डी.ई.ओ. अशोक कुमार शुक्ला-पेशकार व लवकुश उपस्थित रहें।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय भवन में पेंशनरों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



**महोबा।** शासन के निर्देश पर वरिष्ठ नागरिकोंपेंशनरोंध्वृद्धजनों के स्वास्थ्य की देखभाल हेतु पंडित दीनदयाल उपाध्याय पेंशनर भवन कचहरी कंपाउंड में सोमवार को जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों की टीम द्वारा पेंशनरों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में नेत्र विशेषज्ञ डाण् डीण्केण् रायए हड्डी रोग विशेषज्ञ देवप्रकाशए फिजियोथेरेपिस्ट डाण् सुरेन्द्र सिंह राजपूत सहित नेत्र रोग परीक्षण अधिकारी रोहित कुमार व फार्मासिस्ट अमर सिंह की टीम द्वारा वृद्ध पेंशनरों की आंखों एवं हड्डी के दर्द की जांच कर दवाइयां वितरित की गयीं। स्वास्थ्य टीम में कोई फिजिशियनए चिकित्सक एवं लैब टेक्नीशियन के न आने से पेंशनरों में निराशा का भाव देखा गया। स्वास्थ्य शिविर में जांच हेतु जुटे लगभग 80 पेंशनरों ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराया। वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स सेवा संस्थान उ0प्र0 के महामंत्री बी0के0 तिवारी ने बताया कि मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डाण् पीण्केण् अग्रवाल जिला चिकित्सालय द्वारा स्वास्थ्य शिविर को गंभीरता से न लिए जाने पर पेंशनरोंध्वृद्धजनों द्वारा असंतुष्ट हो स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों को कोसते रहे

## चोरी के माल के साथ पकड़े गए चार चोर




बांदा : पुलिस हिरासत में पकड़े गए चोर ।

- 24 घंटे के भीतर पुलिस ने किया चोरी की घटना का खुलासा
- घटना में प्रयुक्त पीकप को भी पुलिस ने किया बरामद

**बांदा।** खलिहान में रखे भूसे को चोर भर कर ले गए। जब किसान ने देखा तब शिकायत पुलिस से की। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने सुरागरसी करते हुए भूसा सहित चार चोरों को पकड़ा है। वहीं घटना में प्रयुक्त पीकप को भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में अपराध एवं वांछित अपराधियो व वारण्टियों के विरुद्द चलाये जा रहे धर पकड़ अभियान के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात के नेतृत्व में मुकदमा अपराध संख्या 79/25 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्तगणों रामनरेश पुत्र राजू वर्मा, गोविन्द पुत्र बउवा वर्मा, दिनेश पुत्र रामकृपाल, सुशील कुमार पुत्र राजकुमार निवासी गण गुरेह थाना कोतवाली देहात को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार दुबे ने बताया कि गुरेह गांव निवासी लवलेश कुमार का खलिहान में कतराई के बाद भूसा रखा हुआ था। रविवार को अज्ञात चोर भूसा चोरी कर फरार हो गए। जब वह खलिहान पहुंचा तो उसे भूसा गायब मिला। तत्काल सूचना पुलिस को दी। मुकदमा दर्ज करने के बाद खुलासे को लेकर एक टीम गठित की गई। 24 घंटे के भीतर रामनरेश, गोविंद, सुशील तथा दिनेश को गिरफ्तार किया गया। जिनकी निशानदेही पर चोरी का भूसा तथा प्रयुक्त पीकप को बरामद कर लिया गया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि चोर पीकप में भूसा लादकर ले गए थे। गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने अभियुक्तों को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक अरबिन्द कुमार, आरक्षी अभिषेक मिश्रा, अरविन्द कुमार, दीपक पटेल शामिल रहे।

## विश्वविद्यालय के शिक्षक पर हमला करने वाले पांच आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट ब्यूरोः** कार और बाइक के बीच हल्की भिड़ंत को लेकर हुए विवाद के दौरान जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय के शिक्षक को आधा दर्जन युवकों ने पीट दिया। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के साथ हमलावर युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय के शिक्षक सुशील कुमार त्रिपाठी पुत्र शिवाकर राम त्रिपाठी बीते रविवार की शाम सीतापुर की तरफ जा रहे थे। इस दौरान मंदाकिनी पुल के बाद स्पीड ब्रेकर पर पीछे से आ रही दो बाइकों के ओवरटेक करने के दौरान उनकी कार से टच कर गई। जिसके बाद दोनों बाइको पर सवार अम्बुज पाण्डेय, सूर्या उर्फ कुलदीप पाण्डेय, आयुष पाण्डेय, निखिल उर्फ गौरव तिवारी, राजेश कुमार पाण्डेय निवासीगण पिपरौंध थाना मऊ जनपद ने उनकी गाड़ी रोककर उन्हें बाहर बुलाया। इसके बाद तीन दर्जन अज्ञात लोगो को बुलाकर उनके साथ मारपीट की। मारपीट के बाद घटना की सूचना उन्होंने कर्वी कोतवाली प्रभारी उपेन्द्र प्रताप सिंह को दी। जिसके बाद सम्बन्धितों के विरुद्ध मामला दर्ज करते हुए। चौकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग खोही रमेश सिंह मामले के आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए। जिसकी विवेचना के क्रम सोमवार को चौकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग खोही व उनकी टीम ने पांचों आरोपियों को एक चार पहिया वाहन के साथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की गिरफ्तारी करने वाली टीम में चौकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग खोही के साथ आरक्षी अभिषेक सिंह, अनुज यादव व नागेश शामिल रहे।

## डंडे से पीटकर युवक की नृशंस हत्या

- एसपी, एएसपी, सीओ ने मौके पर पहुंच की पड़ताल
- आरोपियों को पकड़ने के लिए लगाई गई तीन टीमें

**बबेरू/बांदा।** छत में सो रहे युवक की डंडे से पीटकर नृशंस हत्या कर दी गई। घर वालों ने जब शव पड़ा देखा तब सूचना पुलिस को दी। सूचना के मिलते ही एसपी, एडीशनल एसपी, सीओ तत्काल मौके पर पहुंचे। जहां उन्होंने घटना का जायजा लिया। इधर खुलासे को लेकर अलग-अलग तीन टीमें गठित की गई है।

बबेरू कोतवाली क्षेत्र के मुरवल गांव निवासी मुकेश तिवारी 40 पुत्र शशि पाल तिवारी रविवार की रात छत पर सो रहा था ।तभी अज्ञात लोगों ने उसकी बाए कनपटी में डंडा से पीट कर हत्या कर दी। वारदात का अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गया। सुबह उसकी मां सावित्री भूसा धोने के लिए जगाने गई तो देखा उसका शव खून से लतपत पड़ा हुआ था। शव देखते ही वह चीख पड़ी शोर गुल सुन कर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का मोयना किया। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। घर से कुछ दूर स्थित कुएं के पास से आला कत्ल डंडा बरामद कर लिया। मृतक के पिता ने बताया कि मुकेश तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। वह रात को शराब पीकर घर आया और छोटे भाई कृष्णकांत से गेहूं की फसल धोने को कहा इसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया। मुकेश छत के ऊपर सोने चला गया। कृष्णकांत नीचे कमरे में सो गया। रात में मुकेश की हत्या कर दी गई। पिता ने बेटे पर हत्या करने की आशंका जताई है। पिता का कहना है कि कृष्णकांत का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था। मृतक के एक बेटा रौनक है। पत्नी अंकिता से 9 साल से विवाद चल रहा था। वह अपने मायके से भरण पोषण का मुकदमा भी न्यायालय में चल रही है। सीओ बबेरू का कहना है। कि मामले की जान पड़ताल की जा रही है। घटना का खुलासा करने के लिए तीन टीमों का गठन किया गया है। जल्दी इसका खुलासा किया जाएगा।

## बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के लिए खुला नया अस्पताल



- भाजपा जिलाध्यक्ष और पूर्व विधायक ने फीता काटकर किया शुभारम्भ

**चित्रकूट ब्यूरोः** जिले में आम जनमानस को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के लिए कर्वी-राजापुर मार्ग पर गल्लामंडी तिराहा स्थित इलिशा हेल्थ केयर मल्टीस्पेशियल्टी हॉस्पिटल का रविवार को भाजपा के निवर्तमान मानिकपुर विधायक आनंद शुक्ला व भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य ने फीता काटकर उद्घाटन किया।

उद्घाटन अवसर पर पूर्व विधायक ने कहा कि शहर में अस्पताल खुलने से जिले के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को योग्य व प्रशिक्षित डॉक्टरों द्वारा बेहतर इलाज मिलेगा। जिसमें इलाज के अभाव में लोगों के साथ अनहोनी घटना नहीं घटेगी। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि आधुनिक सुविधा से लैस यह अस्पताल बीमार लोगों को स्वस्थ्य होने के लिए कारगर साबित होगा।

हॉस्पिटल के डायरेक्टर भास्कर पांडेय ने बताया कि अस्पताल खुलने से ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोगों को सुलभ, सस्ता एवं बेहतर इलाज उपलब्ध कराना हॉस्पिटल की प्राथमिकता होगी। उन्होंने बताया कि इस हॉस्पिटल में सभी प्रकार के ऑपरेशन डिग्रीधारी योग्य डॉक्टरों द्वारा किए जाएंगे। ओपीडी व इमरजेंसी सेवा 24 घंटे सुविधा मुहैया रहेगी। साथ ही मरीजों के लिए 24 घंटे निःशुल्क एंबुलेंस मुहैया कराई जाएगी। बताया कि नवजात शिशुओ व गर्भवती महिलाओं को टीकाकरण की सुविधा मिलेगी। समय-समय पर ग्रामीण क्षेत्र में योग्य डॉक्टरों द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाकर आम जनमानस को स्वास्थ्य लाभ दिया जाएगा। जिसमें आम जनमानस में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। अस्पताल में सभी रोग का संपूर्ण इलाज होगा। भविष्य में गरीब मरीजों के लिए आयुष्मान योजना के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य लाभ भी दिया जाएगा।

इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री मनोज तिवारी, अमित मिश्रा, संजय पाण्डेय, पत्रकार अरविन्द रघुवंशी, धीरेन्द्र शुक्ला, रणदीप पाण्डेय, स्टॉफ ओम शंकर पाण्डेय, गुड्डू शुक्ला, स्टॉफ नर्स रूपाली चौरसिया सहित गंगा देवी, प्रिया पाण्डेय, ऐश्वर्या अग्रहरि, अक्षय कुमार यादव, दिलीप कुमार आदि मौजूद रहे।

## कार्यकर्ता की पिटाई की खबर सुनकर आधी रात को थाने पहुंचे पूर्व विधायक



**मऊ, चित्रकूटः** पुलिस कर्मियों द्वारा भाजपा नेता के बेटे की बेरहमी से पिटाई करने की सूचना मिलने पर मानिकपुर के पूर्व विधायक आनंद शुक्ला रात्रि में ही मऊ पहुंच गए। उन्होंने इस मामले में पुलिस अधीक्षक से वार्ता कर घटनाक्रम की जानकारी देते हुए त्वरित कार्यवाही की मांग की। जिस पर एसपी ने एक उपनिरीक्षक और एक सिपाही को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया। इसके बाद पूर्व विधायक आनंद शुक्ला ने कहा कि जिले में कुछ अधिकारी और कर्मचारी ऐसे कृत्यों से भाजपा सरकार की छवि खराब करने का प्रयास कर रहे है। जिससे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भाजपा नेता संदीप त्रिपाठी के पुत्र आदित्य का बीती रात में थाने के पुलिस कर्मियों से विवाद हो गया। जिसके बाद पुलिस कर्मी उसे मऊ थाने ले गए। इसकी सूचना मिलने पर भाजपा नेता संदीप त्रिपाठी भी वहां पहुंच गए। उन्होंने आरोप लगाया कि शराब के नशे में उनके बेटे को पुलिस कर्मियों ने डंडे से पीटा है। भाजपा कार्यकर्ताओं की सूचना पर पूर्व विधायक आनंद शुक्ला भी वहां पहुंच गए। उन्होंने पूरे मामले की जानकारी एसपी अरुण कुमार सिंह को दी। जिसके बाद वहां पहुंचे मऊ क्षेत्राधिकारी और थाना प्रभारी ने उप निरीक्षक और आरक्षी का मेडिकल कराया। साथ ही पुलिस द्वारा पीटे गए आदित्य त्रिपाठी का चिकित्सीय परीक्षण भी कराया गया। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि भाजपा नेता का पुत्र व उसका मित्र भीड़भाड़ के बीच बाइक से बाजार में घूम रहे और हॉर्न बजा रहे थे। इसे लेकर वहां कुछ पुलिसकर्मियों ने उन्हें रोका। इसके बाद उनके बीच विवाद हो गया। इस मामले में उन्होंने उपनिरीक्षक और आरक्षी को लाइन भेज दिया है। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज एकत्रित कराकर मामले की जांच की जा रही है। शुरुआती जांच में ऐसा बताया जा रहा है कि विवाद के दौरान आरक्षी को भी थप्पड़ मारे गए थे। अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी इस मामले की जांच कर रहे हैं।

## जिलाधिकारी ने फरियादियों की शिकायते सुन किया निस्तारण

**हमीरपुर।** आज जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में लगभग 85 शिकायते प्राप्त हुई। जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम, खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल/जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम, बीडीओ व अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

**हमीरपुर।** आज स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण समिति जनपद हमीरपुर की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें समस्त नामित सदस्य उपस्थित रहे। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत कराए जा रहे ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के कार्यों के सापेक्ष प्रगति बढ़ाए जाने, आरआरसी संचालन में ग्रामों में घरों से व दुकानों से कूड़ा उठाने जाने हेतु शुल्क लेते हुए वेत खाते में जमा करने की कार्रवाई किए जाने हेतु कहा गया।

मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया। यदि अगली बैठक में यह ओएसआर जमा करने की प्रगति कम पाई जाती है। तो संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। साथ ही ग्रामों में व्यक्तिगत शौचालय में रिट्रोफिटिंग करते हुए एक माह के अंदर वित्त के टाइड फंड से पूर्ण कराना सुनिश्चित करे। यदि किसी विकास खंड में रिट्रोफिटिंग के कार्य नहीं किए जाते है। तो संबंधित सहायक विकास अधिकारी पंचायत का वेतन अवरुद्ध किया जाएगा। जहां भी कूड़ा संग्रह हेतु ई-रिक्शा नही क्रय किए गए है। ले लिए जाएं संचालन यथा शीघ्र सुनिश्चित करते हुए कार्यवाही की जाए। गोवर्धन प्लांट एवं प्लास्टिक मैनेजनेट यूनिट में विशेष ध्यान देते हुए राजस्व संग्रह किया जाए।

# मध्यांचल समाचार

इटावा/फर्रूखाबाद/औरैया/मैनपुरी/एटा/कन्नौज/फिरोजाबाद/आगरा/मथुरा/अलीगढ़

**गैस लीक होने से घर में लगी आग**

**इटावा।** बसरेहर कस्बे में सोमवार सुबह एक मकान में गैस सिलेंडर में आग लगने से अफरा.तफरी मच गई। कमाल उद्दीन के घर में सुबह करीब 8 बजे खाना बनाते समय गैस सिलेंडर से रिसाव शुरू हो गया। इससे अचानक सिलेंडर में आग लग गई। परिवार के सदस्यों ने शुरुआत में खुद आग बुझाने की कोशिश की। लेकिन जब आग की लपटें तेज होने लगींए तो स्थिति उनके नियंत्रण से बाहर हो गई। तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी गई।

## 34 सड़क दुर्घटना में 2 की मौत 5 गंभीर रूप से घायल

**छिबरामऊ कन्नौज।** सराय प्रयाग चौकी क्षेत्र केछभ्.34 पर त्रिपाठी ढाबा के सामने अज्ञात वाहन ने गाड़ी संख्या न्च्30ू7270 वेगनार कार को रविवार 4रू30 बजे जोरदार टक्कर मार दी। बताया जा रहा है की कार सवार परिवार हरदोई के बिलग्राम से नगला अनूप थाना मोहम्मदाबाद जिला फर्रुखाबाद शादी समारोह में शामिल होकर अपने घर वापस जा रहे थे तभी अचानक कार छभ्.34 त्रिपाठी ढाबा के सामने दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

जिससे कार में सात लोग सवार थे जिसमें दो महिलाएं चार बच्चे व एक पुरुष सवार थे जोरदार टक्कर लगने से कार क्षतिग्रस्त हो गई घटना की सूचना राहगीरों द्वारा पुलिस व एंबुलेंस को सूचना दी घटनास्थल पर पहुंची सराय प्रयाग पुलिस व डायल 112 वैभ्व् गुरसहायगंज पुलिस फोर्स के साथ मौके पर घटनास्थल पहुंच कर देखा जिसमें दो महिलाओं की मौत हो गई वहीं पांच की हालत गंभीर होने पर ग्रामीणों व पुलिस की मदद से घायलों को एंबुलेंस द्वारा छिबरामऊ के सौ सैया अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया और क्षतिग्रस्त कार को क्रेन द्वारा कोतवाली में खड़ी कराई गई।म्रतक नेहा पत्नी सुशील कुमार 25 उम्र नगला अनूप थाना मोहमदाबाद । म्रतक रानी देवी पत्नी यश पाल सिंह 35 उम्र नगला अनूप सुशील कुमार पुत्र खुशीराम 30 गाडी चालक घायल नगला अनूप गुडिया पुत्री सुशील 5 उम्र सिया पुत्री महावीर 8 उम्र सुशील के भाई की बेटी श्रया पुत्री महावीर 6 उम्र सनी पुत्र यशपाल सिंह 6 उम्र सुशील के भाई का बेटा फर्रुखाबाद भर्ती ।

करमुल्लापुर के पास सुबह करीब 4रू00 की घटना तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से कार में सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल 2 की मौके पर हुई मौत बताया जा रहा है कि बिलग्राम शरीफसे शादी करके अपने घर वापस आ रहे थे तभी हुआ हादसा4 घायलो को तिर्वा मेडिकल कॉलेज से कानपुर के लिए रेफर किया गया । रानी देवी पत्नी यश पाल 35 उम्र म्रतक महिला के 3 बच्चे । सचिन 15ए शिवानी 18, सनी 10, नेहा पत्नी सुसील 25 उम्र म्रतक महिला के गुडिया 6 उम्र एक बच्ची थी ।

## अनियंत्रित कर पलटी पांच घायल जा रहे थे भोगांव चौथी चलने





**छिबरामऊ कन्नौज।** 18 अप्रैल को बहन की शादी होने के बाद आज चौथी चलाने जा रहे परिजनों की कर ट्रक को ओवरटेक करने के चक्कर में कोई अनियंत्रित पलटी जिसमें कर में बैठे लोग हुए घायल। परिवार के सदस्य चौथी चलाने के लिए कर से जा रहे थे निगम मंडी के पास ट्रक ओवर टेक करने के चक्कर में कार्य नियंत्रित हो गई खंड में जाकर पलटी जिससे कर में बैठे कैफ पुत्री आकिल 13 उम्र मोहल्ला जेरकिला अनस पुत्र अकिल 13 उम्र फैजान पुत्र राशिद 18 उम्र फरीन पत्नी सलीमं 20 उम्र फरान पुत्र राशिद 22 उम्र मोहल्ला जेर किला निवासी जो की भोगावँ चौथी चलाने के लिए जा रहे थे तभी निगम मंडी के पास ट्रक को ओवरटेक करने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई जिसमें पांच लोग घायल हो गए एंबुलेंस के द्वारा घायलो को सौ सैयां अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## हिंदू संस्कृति और परंपरा में गाय के महत्व को दर्शाता है



**छिबरामऊ कन्नौज ।** गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा देने की मांग एक महत्वपूर्ण मुद्दा है जो हिंदू संस्कृति और परंपरा में गाय के महत्व को दर्शाता है। गाय को हिंदू धर्म में एक पवित्र और पूजनीय प्राणी माना जाता हैए और इसे संरक्षित और सम्मानित करने के प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए कई संगठन और आंदोलन काम कर रहे हैं।

अंतर्राष्ट्रीय हिंदू शक्ति सेना गौ रक्षा प्रकाल्प जैसे संगठन गौ रक्षा और गौ संरक्षण के लिए काम कर रहे हैं और गाय को राष्ट्र माता का दर्जा देने की मांग कर रहे हैं। यह मुद्दा हिंदू समुदाय के लिए महत्वपूर्ण है और इसके समर्थन में कई तर्क दिए जा सकते हैं।हालांकिए यह भी महत्वपूर्ण है कि इस मुद्दे पर विभिन्न दृष्टिकोण और विचार हो सकते हैंए और इसे एक व्यापक और समावेशी तरीके से विचार करने की आवश्यकता है।रास्ट्रीय सयोंजक रंजीत पाण्डेय।

## इकदिल क्षेत्र मे भूसे के ढेर में लगी आग

**-6 बीघा रखा भूसा जलकर हुआ खाक**

**इकदिलए इटावा।** के गांव पिलखर के सामने स्थित माता भट्ठा के पास सोमवार दोपहर करीब साढ़े बारह बजे एक खेत में 6 बीघा भूसे के ढेर में अचानक आग लग गई।

यह घटना इतनी भयंकर थी कि आग तेजी से फैलने लगी और किसानों में अफरातफरी मच गई। आग ने आस.पास के खेतों को भी अपनी चपेट में लेने की कोशिश कीए लेकिन समय रहते फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया।

किसान शिवपाल यादव के पुत्र कौशल यादव ने बताया कि वह गेहूं की फसल को पहले ही सुरक्षित उठा चुके थे केवल भूसा ही खेत से उठाना बाकी था। लेकिन जैसे ही दोपहर में आग लगीए वह घबरा गए। खेत में पानी की कोई व्यवस्था नहीं थीए जिससे आग पर काबू पाना मुश्किल हो गया। आग इतनी तेज़ी से भड़की कि जब तक फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची तब तक करीब 15 हजार रुपये के मूल्य का भूसा जलकर खाक हो चुका था। अन्य किसानों का भीआस.पास के खेतों में भूसा और अनाज के ढेर रखे हुए थे। आग की लपटें इतनी तेज़ थीं कि किसानों को डर था कि अगर आग उनके खेतों तक पहुंच गई तो उनके अनाज और भूसे के ढेर भी जल सकते थेए जिससे भारी नुकसान हो सकता था। किसानों की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने तुरंत ही आग पर काबू पा लिया जिससे एक बड़ी अनहोनी होने से बच गई।

# बर्षा से पहले नालियों व नालों की सफाई पूरी कर ली जाए

स्वतंत्र भारत संवाददाता

**फर्रूखाबाद।** संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाने के लिए जिला टास्क फोर्स की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित की गई



फोटो परिचय - कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक को संबोधित करते मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा साथ में अन्य जिला स्तरीय अधिकारी

मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा ने शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया जनपद के तालाबों को पानी से भरने हेतु निर्देशित किया ताकि पशु पक्षी प्यास ना रहे सभी को साफसफाई यह सचेत करते हुए कहा कि जिले के नाले व नालियां साफ कर लें सफाई वर्ष से पूर्व सुनिश्चित की जाए न्यायालय की सीट को सड़क पर पड़ी ना रहने दे उन्होंने कहा कि अभियान तभी सफल होगा जब हम प्रतिदिन कार्य करेंगे निवास व कार्य स्थल के आसपास की झाड़ियां साफ कारण गंदा जल इकट्ठा न होने दे ताकि मच्छर नापन पर उन्होंने जिला पंचायत राज्य अधिकारी से सभी नव निर्माण कार्य में आधुनिक मापदंड अपनाए जाएं उन्होंने कहा कि यदि स्वच्छ रहेंगे तो स्वस्थ रहेंगे वह अपना 70 फ़ीसदी धन बचा पाएंगे जो इस बीमारी पर खर्च कर देते हैं बैठक में अपर जिलाधिकारी सुभाष चंद्र प्रजापति पीडी डीआरडीए कपिल कुमार जिला मलेरिया अधिकारी जिला उद्यान अधिकारी राघवेंद्र सिंह जिला कृषि अधिकारी डॉ बी के सिंह जिला पंचायत राज अधिकारी राजेश चौरसिया मौजूद रहे

# पुलिस ने चेन लुटेरे मामा-भांजे को किया गिरफ्तार



फोटो परिचय -घटना की जानकारी देते एसपी आलोक कुमार प्रियदर्शी तथा मुंह बांधे पीछे खड़े लुटेरे

पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी के निर्देश पर मऊदरवाजा थाना प्रभारी बलराज भाटी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने घटनास्थल और आसपास के इलाकों की सीसीटीवी फुटेज खंगाली संदिग्धों से पूछताछ की और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद ली। मात्र 10 घंटे में लुटेरे मऊदरवाजा निवासी अमनदीप और उसके नाबालिग भांजे यश को गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस लाइन की सभागार में पत्रकारों से बातचीत हुए एसपी आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि

स्वतंत्र भारत संवाददाता

**फर्रूखाबाद।** मऊदरवाजा थाना क्षेत्र में महिला से दिनदहाड़े हुई चेन लूट की घटना का पुलिस ने महज 14 घंटे में खुलासा कर दिया है। वारदात को अंजाम देने वाले मामा.भांजे को गिरफ्तार कर पुलिस ने लूटी गई सोने की चेन और घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की है।

बीते रविवार को मऊदरवाजा क्षेत्र में एक महिला अपनी जरूरत का सामान लेने बाजार जा रही थीए तभी बाइक सवार दो बदमाशों ने उसकी सोने की चेन झपट ली और भाग निकले। पीड़िता की तहरीर पर थाना मऊदरवाजा में मुकदमा दर्ज किया गया और त्वरित कार्रवाई शुरू की गई।

पुलिस की तेज़ी और सफलतारू

घटना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल थाना पुलिस और सर्विलांस टीम को लगाया गया। पुलिस टीम ने बेहतर समन्वय के साथ काम किया और सिर्फ 14 घंटे में घटना का सफल अनावरण कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से लूटी गई चेन और बाइक बरामद की गई है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि अमनदीप ने शादी में लिया गया कर्ज चुकाने के लिए यह लूट की थी। हम दोनों के आपराधिक इतिहास की भी जांच करवा रहे हैं।एसपी ने थाना मऊदरवाजा की टीम की सराहना करते हुए प्रभारी बलराज भाटी को 2000 रुपये का नकद पुरस्कार और प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि फर्रुखाबाद पुलिस अपराध नियंत्रण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और आमजन की सुरक्षा सर्वोपरि है।

## स्कूलों में खुली लूट पर प्रशासन कार्रवाई करें-अध्यक्ष

इटावा। जिला कांग्रेस कार्यालय पर जनपद के विभिन्न विषयों के बाबत प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई। जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित ने कहा कि 11 अप्रैल को राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन दिया गया था अन्य जनपदों पर कार्यवाही की जा चुकी है जबकि जनपद में स्कूलों की खुली लूट जारी है स्कूलों की फीस ड्रेस पाठ्य पुस्तकों मैं बेतहाशा वृद्धि की जा रही है जब सब विद्यालयों मैं एडमिशन हो चुके होंगे फिर प्रशाशन कोई कार्यवाही करें क्या फायदा तब तक सभी अभिभावक लुट चुके होंगे।

इसी प्रकार मानिकपुर सुनवर्षा मुसावली आदि अनेक गांवों जो को यमुना के बीहड़ों में बसे हैं पर दिन रात प्रशाशन के संरक्षण मैं उत्खनन वा पेड़ों का कटान जारी है कुछ जमीन धारकों की जमीन पर 2021 से बिना उनकी अनुमति के उत्खनन जारी है उत्खनन विभाग द्वारा जमीन धारकों को धमकाया जा रहा है खनन लगातार जारी है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि रजबहों मैं पानी छोड़ा जाए जिससे आवारा पशु पानी पी सकें। सांसद निशिकांत दुबे ने जिस प्रकार सीजीआई संजीव खन्ना पर गृहयुद्ध कराने का जो आरोप लगाया है कांग्रेस पार्टी उसकी घोर भर्त्सना करती है व मांग करती है सीजीआई स्वतः संज्ञान लेकर कठोरतम कार्यवाही करनी चाहिए।

## पूर्व राज्य मंत्री ने ऊर्जा मंत्री से सिंचाई के लिए विद्युत सप्लाई बढ़ाने के लिए लिखा पत्र



**छिबरामऊ कन्नौज ।** पूर्व राज्य मंत्री विधायक श्रीमती अर्चना पांडे के जनता दरबार में क्षेत्र के किसानों ने पहुंच कर बिजली आपूर्ति कम आने की शिकायत की जिस पर पूर्व राज्य मंत्री ने विद्युत मंत्री के लिए लिखा पत्र।

पूर्व राज्य मंत्री विधायक श्रीमती अर्चना पांडे के आवास पर क्षेत्र के किसानों ने पहुंच कर बिजली की समस्या से अवगत कराया और बताया कि पूर्व में 10 घंटे विद्युत आपूर्ति ग्रामीण क्षेत्रों को दी जा रही थी अचानक से 2 घंटे कटौती कर जब इस समय मक्का की भारी के लिए बिजली की बड़ी आवश्यकता होने के कारण 2 घंटे की कटौती प्रारंभ कर दी गई जिससे कि भारी दिक्कतों का सामना किसानों को करना पड़ रहा है पूर्व राज्य मंत्री ने ऊर्जा मंत्री से दूरभाष से संपर्क कर वार्ता की और सिंचाई के लिए 10 घंटे विद्युत आपूर्ति करने की मांग की लिखित पत्र लिखकर ऊर्जा मंत्री को भेजा ।

## खबर एक नज़र

### एएसपी ने सुनीं व्यापारियों की समस्याएं समाधान का आश्वासन



**फर्रूखाबाद** ।पुलिस लाइन सभागार फतेहगढ़ में अपर पुलिस अधीक्षक संजय सिंह के साथ व्यापारी बंधु की मासिक बैठक हुई । बैठक में व्यापारियों की समस्याओं और अराजक तत्वों से व्यापारियों की सुरक्षा के बारे में विचार विमर्श किया गया।

भारतीय उद्योग व्यापार मंडल युवा जिला अध्यक्ष संदेश अग्रवाल और मंत्री अर्पण अग्रवाल नगर अध्यक्ष फतेहगढ़ संदीप कुमार सक्सेना मीडिया प्रभारी राहुल श्रीवास्तव और जिला भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष फतेहगढ़ रविकांत गुप्ता मीडिया प्रभारी आकाश गुप्ता मंत्री गोपाल गुप्ताएनितिन गुप्ताने बैठक में भाग लिया।

बैठक में जिला अध्यक्ष संदेश अग्रवाल ने एक बार फिर से नगर पालिका की ओर से फतेहगढ़ में चौराहे कोतवाली के बाहर मेन बाजार में सीसीटीवी कैमरे लगवाने की मांग उठाई ताकि समाज में रहकर अपराध कर रहे अपराधियों पर नजर बनाई जा सके और व्यापारी भी अपने आप को सुरक्षित महसूस करे ।

बैठक में व्यापार मंडल के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी ने भागीदारी करके व्यापारी हित में चर्चा की। अपर पुलिस अधीक्षक ने व्यापारियों की समस्याओं को ध्यान से सुना और उनके समाधान का आश्वासन दिया। बैठक में व्यापार मंडल मिश्रा गुट के जिला अध्यक्ष सदानंद शुक्ला वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू गौतम भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारी व्यापार मंडल कंछल गुट व्यापार संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे इसके साथ ही भारतीय व्यापार मंडल के कानपुर मंडल के संगठन मंत्री मुकेश गुप्ता ने मौजूद रहकर व्यापारिक समस्याओं को जोरदारी के साथ उठाया।

### मुंडन करवा लौट रहे बाइक सवारों को डंपर ने कुचला पिता पुत्री की दर्दनाक मौत

स्वतंत्र भारत संवाददाता फर्रूखाबाद। उत्तराखंड के पूर्णागिरी माता मंदिर से मुंडन संस्कार कर लौट रहे बाइक को एक तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी जिससे किशोरी और उसके मामा की मौत हो गई जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल है। घटना सोमवार सुबह थाना राजेपुर क्षेत्र के जैनापुर के पास हुई।पुलिस के अनुसार फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के सेंट्रल जेल चौराहा निवासी सर्राफा व्यापारी राजेश सोनी का परिवार पूर्णागिरी माता मंदिर दर्शन व मुंडन संस्कार के लिए गयाथा। उनके पुत्र पारस की पुत्री दुर्गा का मुंडन संस्कार पूर्णागिरी में संपन्न हुआ। परिवार तीन बाइक और एक कार से यात्रा पर गया था और सोमवार सुबह वापस लौट रहा था।

राजेपुर थाना क्षेत्र के जैनापुर गांव के पास तेज रफ्तार डंपर ने उनकी एक बाइक को टक्कर मार दी। बाइक पर सवार राजेश सोनी के साले रामकुमार ;45द्ध निवासी शमसाबादए उनकी पुत्री अक्षरा ;17द्ध और राजेश का पुत्र शिवम सोनी ;20द्ध। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए।घायलों को आनन.फानन में डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल ले जाया गया यहाँ डॉक्टरों ने अक्षरा को मृतघोषित कर दिया। रामकुमार और शिवम की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया। परिजनों ने दोनों को आवास विकास स्थित एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया वहाँ कुछ देर बाद रामकुमार की भी मौत हो गई।पुलिस ने घटनास्थल से डंपर को कब्जे में ले लिया है लेकिन चालक मौके से फरार हो गया। उपनिरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया थानाध्यक्ष योगेंद्र सिंह सोलंकी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। इस हादसे के बाद परिवार में मातम छा गया है। घर में एक साथ दो जनों की मौत से परिजनों का रो.रोकर बुरा हाल है। मुंडन संस्कार की खुशी एक पल में मातम में बदल

### आम आदमी पार्टी का विरोधए राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

इटावा। महात्मा ज्योतिबा फूले और माता सावित्री बाई फुले के महान जीवन और संघर्षों पर आधारित एक महत्वपूर्ण फिल्म पर केंद्र सरकार के अधीन कार्यरत सेंसर बोर्ड द्वारा रोक लगाई गई हैए इस फिल्म को रिलीज किए जाने की माँग को लेकर आम आदमी पार्टी ने प्रदेश आह्वान पर प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय के माध्यम से प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा।

आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष संजीव शाक्य ने कहा कि हमारे देश के महान समाज सुधारकों की विचारधारा को दबाने का प्रयास किया जा रहा है महात्मा फुले और माता सावित्रीबाई फुले ने सदियों से चली आ रही सामाजिक कुरीतियों के खिलाफसंघर्ष किया और शिक्षाएनारी सशक्तिकरण तथा समतामूलक समाज की स्थापना के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित किया उनके जीवन यात्रा को जनमानस तक पहुंचाना आज के समय की आवश्यकता है ताकि देश की युवाओं को उनके विचारों से प्रेरणा दे सकें। जिला महासचिव इकरार अहमद ने राष्ट्रपति को भेजे ज्ञापन में मांग की सेंसर बोर्ड द्वारा फिल्म पर लगाई गई रोक को तुरंत हटाने का निर्देश दिए जाएं। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और इतिहास के सही चित्रण को सुनिश्चित किया जाए। ऐसे महापुरुषों के विचारों को जन.जन तक पहुंचने में सरकार सकारात्मक भूमिका निभाये। ज्ञापन के समय उपाध्यक्ष अंकुर कुमारए मनोज यादवए रामदत्तए दिनेश कुमारए स्वतंत्र यादवए शिवम कश्यप आदि मौजूद रहे।

# फतेहपुर तेहरे हत्याकांड कांड के पीड़ितों को रुपए 50 लाख देने की मांग

स्वतंत्र भारत संवाददाता

फर्रुखाबाद। भारतीय किसान यूनियन ने कलेक्ट्रेट में धरना दे देकर फतेहपुर के तेहरे हत्याकांड के पीड़ितों को 50.50 लाख रुपए मुआवजे की मांग करते हुए सुरक्षा की मांग की है

बताते चलें कि भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के जिला उपाध्यक्ष सहित उनके भाई एवं भतीजे की गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी गई है इस तिहरे हत्याकांड को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत भी वहां पर पहुंचे थे और उन्होंने उत्तर प्रदेश में मौजूदा सरकार की कार्य शैली पर प्रश्न चिन्ह लगाया था तब कही जाकर हत्याकांड को लेकर कारवाही हुई थी

इस अवसर पर बोलते हुए कानपुर बुंदेलखंड जोन के उपाध्यक्ष प्रभाकांत मिश्रा ने हत्याकांड की निंदा करते हुए सरकार पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है

जिला अध्यक्ष अजय कटियार ने कहा कि आज राष्ट्रीय आवाहन पर धरना दिया जा रहा है उन्होंने मुख्यमंत्री से पीड़ित परिजनों को उचित मुआवजा तथा परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है इससे संबंधित एक ज्ञापन भी जिलाधिकारी को सौंपा गया के साथ ही फर्रुखाबाद के सीएमओ को लेकर के ज्ञापन दिया जिसमें कहा है कि जनपद में स्वास्थ्य सेवाएं चरमराई हुई है जिसमें विशेष रूप से राजेपुर सीएचसी में बिना रुपए दिए कोई कार्य नहीं होता है यदि इन सब की शिकायत सीएमओ से की जाए तो उनकी भाषा शैली अत्यंत निंदनीय है

इसी के साथ सिनोडापृथ्वी एवं बराकेशव की चकबंदी को लेकर के जिला अध्यक्ष ने कहा कि यहां दोनों ग्रामों में वोटिंग के आधार पर चकबंदी निरस्त की जाये यहां पर तत्काल प्रभाव से 6;कद्ध की कारवाही सुनिश्चित की जाए यदि ऐसा नहीं होता है तो 15 मई को बाबा महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि पर कलेक्ट्रेट में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा द्यइस अवसर पर कृष्ण गोपाल मिश्रा अभय यादव सुशील दीक्षित बाबा पुजारी कटियार मुकेश शर्मा अनीस सिंह संजय यादव प्रदीप यादव शिवराम शाक्य बबलू खटीक सतीश कठेरिया राजेश बिमलेश शाक्य अजीत सोमवंशी अभिषेक कटियार सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे द्य



# अब ईडी का गुस्सा चुनाव आयोग पर निकाल रहे हैं राहुल!

## भाजपा का आरोप : 'ईडी द्वारा भ्रष्टाचार के मास्टर प्लान का खुलासा कर दिए जाने से बौखला गए हैं राहुल'

**नई दिल्ली, ब्यूरो।** दो दिवसीय अमेरिका दौरे पर गए लोकसभा में विपक्ष के नेता व पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने बोस्टन में ब्राउन यूनिवर्सिटी के छात्रों के साथ बातचीत में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के मसले पर अपनी बात रखते हुए निर्वाचन आयोग की भूमिका और मंशा पर उंगली उठाकर देश की आंतरिक राजनीति में खलबली मचा दी है। हालांकि अपने विदेश दौरे में राहुल भारतीय राजनीति को लेकर अक्सर विवादास्पद बयान देते रहे हैं जिसकी राजनीतिक लाभ के लिए विदेशी धरती पर जाकर भारत को नीचा दिखाने और भारत सरकार को शर्मसार करने का नाम देकर विरोधियों द्वारा तीखी आलोचना भी की जाती रही है। उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए एक बार फिर राहुल ने भारत की चुनाव प्रक्रिया को लेकर अमेरिका की धरती से विवादास्पद बातें करते हुए चुनाव आयोग को निशाने पर लिया है जिसको लेकर इस बार भी उनकी रणनीति, मंशा और मानसिकता को लेकर तीखी बातें कही जा रही हैं। खास तौर से सत्तारूढ़ भाजपा का कहना है कि ऐसी बातें करके वह नेशनल हेराल्ड घोटाले में अदालत में दायर किए गए आरोप पत्र को लेकर प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी के प्रति पनपे आक्रोश का नजला चुनाव आयोग पर गिरा रहे हैं। भाजपा की मानें तो नेशनल हेराल्ड का पूरा मामला 'ओपन एंड शट' केस है जिसकी सजा से बचने का कोई विकल्प ही नहीं है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और सांसद डॉ. संबित पात्रा ने चुनाव आयोग पर भाजपा के पक्ष में 'कॉम्प्रोमाइज' करने के राहुल गांधी के आरोपों पर तीखा हमला करते हुए कहा है कि राहुल ईडी के गुस्से को चुनाव आयोग पर निकाल रहे हैं जिससे कुछ नहीं होने वाला है। ईडी इनको छोड़ेगी नहीं क्योंकि एजेंसियां तथ्य के आधार पर काम करती हैं। संबित की मानें तो नेशनल हेराल्ड का पूरा मामला एक ओपन एंड शट केस है जिसमें मां-बेटे ने लूट मचाई है जिसमें ये दोनों पकड़े जाएंगे और दोनों जेल जाएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के फंड से 50 लाख रुपये देकर नेशनल हेराल्ड की 5,000 करोड़ रुपये की संपत्ति पर कब्जा करने का 'भ्रष्टाचार का मास्टप्लान' बनाया गया था जिसका ईडी ने खुलासा कर दिया है और अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर राहुल और उनकी मां को मुख्य आरोपी के तौर पर नामित कर दिया है जिससे ना सिर्फ राहुल बल्कि पूरी कांग्रेस बौखला गई है। अमेरिका में राहुल द्वारा चुनाव आयोग को कॉम्प्रोमाइज्ड बताए जाने को संबित ने भारत के महान लोकतंत्र का अपमान करार देते हुए कहा है कि अगर उनसे हिंदुस्तान में राजनीति नहीं हो रही तो उन्हें किसी और देश से चुनाव लड़ना चाहिए। संबित ने ऐसे समय में राहुल द्वारा भारत की संवैधानिक संस्था के खिलाफ अनर्गल टिप्पणी किए जाने को निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण बताया है जब अमेरिका के उपराष्ट्रपति भारत दौरे पर आए हुए हैं।

# आगजनी से तीन घर जले, गृहस्थी का सामान जलकर राख

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के भटवारी मुसहर बस्ती में सोमवार कि दोपहर तीन घरों में आग लग गई। जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक आगजनी कि घटना से तीनों घरों में रखा खाद्य सामग्री व गृहस्थी का सामान व दस हजार रूपये जलकर राख हो गया। मौके पर पहुँचे ग्राम प्रधान ने पीड़ितों को आर्थिक मदद दिलाने का आश्वासन दिया है भटवारी गांव के मुसहर बस्ती निवासी नंद गोपल के कच्चे मकान में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक आग बगल के उनके भाई रामगोपाल व तिवारी के मकान तक पहुँच गई आग विकराल रूप धारण कर लिया। शोर मचाने पर मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन तक आग से तीनों भाइयो के घरों में रखा खाद्यान सामग्री व गृहस्थी का सामान व दस हजार रूपये नगद जलकर खाक हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुँचे ग्राम प्रधान भटवारी राजेश कुमार ने आगजनी कि घटना से हुई क्षति के क्षतिपूर्ति दिलाने का आश्वासन दिया है। आगजनी कि घटना से तीनों लोगो के घर जल जाने से खुले आसमान के नीचे रहने के लिए विवश हो गए है। इस संबंध में ग्राम प्रधान भटवारी राजेश कुमार ने बताया की आगजनी कि घटना से तीन भाइयों का मकान जल गया है। आगजनी कि घटना से खाद्यान सामग्री व गृहस्थी व दस हजार रूपये जलकर राख हो गया है। मौके पर पहुंचकर आर्थिक आश्वासन दिलाने का आश्वासन दिया गया है।



# ट्रेन की चपेट में आने से सिपाही समेत तीन की मौत, अलग-अलग स्थान पर हुये हादसा

**मिर्जापुर।** जिले के विंध्याचल और चुनार थाना क्षेत्र में अलग- अलग स्थानों पर हादसा हुआ और तीन की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार विंध्याचल के सगरा डाउन लाइन पर महानगरी से उतरते समय चपेट में सिपाही आया और चुनार के डगमगपुर के पास यात्री और मिर्जापुर स्टेशन पर 38 वर्षीय अज्ञात की मौत हो गई। वीआईपी ड्यूटी के लिए ट्रेन से विंध्याचल आ रहा सिपाही सगरा डाउन लाइन के पास सोमवार की दोपहर महानगरी ट्रेन से गिरकर चपेट में आने से कट गया। इससे उसकी मौत हो गई। पुलिस परिजनों को सूचना देकर जांच पड़ताल में जुटी है। इसके अलावा रविवार की देर रात डगमगपुर के पास संघमित्रा ट्रेन से गिरकर कटने से मौत हा गई। सोमवार की सुबह रेलवे स्टेशन मिर्जापुर के प्लेटफार्म नंबर दो पर डाउन लाइन पर सियालदह सुपरफास्ट एक्सप्रेस के सामने कूदने से अज्ञात की कटकर मौत हो गई। गाजीपुर के सिहावल थाना क्षेत्र के जोरजपुर गांव निवास दीपक कुमार सिंह (39) नरायनपुर पुलिस चौकी पर हेड कांस्टेबल के पद पर तैनात थे। असम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य के विंध्याचल आगमन पर दीपक की वीआईपी ड्यूट अमरावती चौराहे पर लगाई गई थी। वह महानगरी ट्रेन से विंध्याचल आ रहे थे। दोपहर 11 बजे के करीब विंध्याचल के पश्चिमी छोर डाउन लाइन पर सगरा गांव के पास ट्रेन से नीचे गिरकर चपेट में आ गए। हादसे में सिपाही की मौके पर ही मौत हो गई। स्टेशन अधीक्षक इरफान सिद्दीकी की सूचना पर जीआरपी प्रभारी सुनील गौड़ मौके पर पहुंचे।

जीआरपी सीमा से बाहर होने पर विंध्याचल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने सूचना परिजनों को दी। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि विंध्याचल ड्यूटी पर आ रहे सिपाही की पैर फिसलने पर ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

# महिला से मारपीट करने वाले चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के झगरहा गांव निवासी सरोज पत्नी फूलचंद धरकार ने सोमवार को थाने में तहरीर देकर गांव निवासी चार लोगो के विरुद्ध गाली गलौज मारपीट जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भेज दिया है। दिए गए तहरीर में बताया है की सरजू, नघू, छोटक, लल्लू निवासी झगरहा रविवार को 8 बजे रात तेरही में कहासूनी करने लगे मना करने पर मुझे व बहु निशा व बेटी रंजना को लाठी डंडे से मारने लगे जिससे हम सभी को चोटे आई है। गाली गलौज व जान से मारने की धमकी दिए है। जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भेज दिया।जहां पर चिकित्सक द्वारा उपचार किया गया है इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया की महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

# लालगंज सीएचसी में शुरू हुई डिजिटल एक्सरे सेवा

**हलिया (मिर्जापुर)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, लालगंज में रविवार को डिजिटल एक्सरे सेवा शुरू हो गई। अब क्षेत्र के मरीजों को मिर्जापुर और प्रयागराज नहीं जाना पड़ेगा।लालगंज सीएचसी में रोज ढाई सौ से तीन सौ मरीज ओपीडी में आते हैं। लालगंज इलाके के साथ प्रयागराज के कोरांव और मध्य प्रदेश के हनुमना तक से मरीज यहां इलाज कराने के लिए पहुंचते हैं। पिछले दिनों यहां निरीक्षण करने आई केंद्र सरकार की टीम ने डिजिटल एक्सरे की सुविधा की जरूरत बताई थी। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की ओर से अस्पताल को डिजिटल एक्सरे मशीन उपलब्ध कराई गई। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संजय सिंह ने बताया कि डिजिटल एक्सरे की सुविधा शुरू कर दी गई है।

# गैस चूल्हे के पाइप में लगी आग, रसोइया झुलसी

**चुनार(मिर्जापुर)।** कोतवाली क्षेत्र के लरछुट ग्रामसभा स्थित प्राथमिक विद्यालय पर सोमवार सुबह एमडीएम बनाते समय गैस चूल्हे से निकली पाइप से लगी आग गई। मध्यान्ह भोजन बना रही रसोईयां झुलस गई। स्कूल के पास में मौजूद संविदा विद्युत कर्मी कमल किशोर पांडेय ने अपनी जान की परवाह न करतेहुए बगल में रखा भस्सी बाल्टी में लेकर जलते हुए गैस के आग पर फेंक कर आग को बुझाया। झूलसी रसोइया का प्राथमिक स्वस्थ्य केंद्र मगरहा में उपचार कराया गया। रोज की तरह रसोइया कृष्णावती गैस चूल्हे पर साढ़े दस बजे एमडीएम बना रहीं थी। इसी बीच चूल्हे से लगी पाइप में किसी तरह आग लग गई। जब तकरसोइया संभलती तब उसके हाथ, पैर झूलस गया। किचन में आग लगनेकी जानकारी होते ही फौरन बिजली आपूर्ति कटवाया गया। सूचना मिलतेही घटना स्थल पर पहुंचेसंविदा लाइनमैन नेबगल में रखे भस्सी डाल कर रसोइया की जान बचाई।

# बारात देखने जा रहा वृद्ध अंधेरे में कुएं में गिरा, गंभीर

**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** थाना क्षेत्र के रामपुर बरहो गांव में रविवार की रात लगभग 10 बजे सूखे कुएं में गिरने से वृद्ध गम्भीर रूप से घायल हो गया। मौके पर इकट्ठा हुए ग्रामीणों ने घायल वृद्ध को कुएं से निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर देख चिकित्सक जिला अस्पताल सोनभद्र रेफर कर दिए। रामपुर बरहो गांव निवासी 70 वर्षीय घमंडी पाल के घर सेकुछ दूर सुभाष के लड़की की शादी थी। रविवार की रात बारात आई थी। रात लगभग दस बजे अपने घर से घमंडी पाल बारात देखने के लिए खेत के रास्ते सुभाष के घर जा रहेथे। रात के अंधेरे में खेत में स्थित कुआ दिखाई नहीं पाए और कुए मेंगिर गए। सूखे कुंए में गिरने से गंभीर रूप से जख्मी हो गए। कुंए के अंदर से शोर मचाना शुरू किया। वृद्ध की करुण पुकार कुएं केपास सेगुजर रही कुछ महिलाओं को कुएं के अंदर आवाज सुनी। आवाज सुनते ही महिलाओं नेकुएं के अंदर टॉर्च जलाकर देखा तो कुएं के अंदर घायल अवस्था में पड़ा वृद्ध सहायता के लिए पुकार रहा था। महिलाओं ने कुएं मेंकिसी के गिरनेकी खबर ग्रामीणों को दी। कुएं में किसी के गिरनेकी खबर लगते ही ग्रामीण घटना स्थल की ओर दौड़ पड़े और रस्सी के सहारे कुंए में उतरकर किसी तरह घमंडी को कुएं से बाहर निकाल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख डॉ. महेंद्र चौधरी ने घायल वृद्ध को जिला अस्पताल सोनभद्र रेफर कर दिया।

# अधिवक्ताओं ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी कर किया प्रदर्शन

**मड़ियाहूं जौनपुर।** सोमवार को तहसील परिसर में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सूर्यमणि यादव व महामंत्री देवेंद्र कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन कर न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया ।अधिवक्ताओं का आरोप था कि सुरेरी थाना क्षेत्र के नोनरा गांव निवासी अधिवक्ता संदीप दुबे पुत्र विंध्यवासिनी दुबे को रविवार रात 10-00 बजे के लगभग एक वैवाहिक समारोह में उन्हें गोली मार दी गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए ।अधिवक्ताओं का आरोप था कि सुरेरी पुलिस मुकदमा पंजीकृत नहीं कर रही है। अधिवक्ताओं ने सबसे पहले उप जिला अधिकारी व सी ओ कार्यालय पहुंचे जहां पर दोनों अधिकारी नहीं थे। इसके बाद अधिवक्ता तहसीलदार कार्यालय पहुंचकर नारेबाजी करने लगे ।तहसीलदार ने थाना अध्यक्ष सुरेरी को फोन कर मुकदमा पंजीकृत करने का निर्देश दिया।

# युवाओं के लिए हर ग्राम पंचायत में खेल मैदान का अधूरा सपना

**हलिया (मिर्जापुर)।** जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायतों में युवाओं के लिए खेल का मैदान बनाने की योजना पूरी नहीं हो पा रही है। सभी 12 विकास खंडों में पांच-पांच खेल मैदान बनाने की योजना बनाई गई थी। इसके तहत जिले की 85 ग्राम पंचायतों को खेल मैदान के लिए चिह्नित किया गया था। इसमें से अभी तक सिर्फ19 गांवों में खेल मैदान बन पाए हैं। मझवां ब्लॉक के आही गांव में 30 लाख रुपये से बने खेल मैदान में सफाई नहीं है। शौचालय, पेयजल, बैठने के लिए बेंच, आदि की व्यवस्था नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि इससे युवाओं को वर्जिश करते समय अथवा खेलते समय समस्या होती है।हलिया विकास खंड में मनरेगा योजना के तहत मटिहरा, नदौली पटेहरा, बेलाही, गौरवा व हथेड़ा सहित पांच ग्राम पंचायतों में खेल का मैदान बना है लेकिन खेल मैदान का कार्य पूरा नहीं है। आधा अधूरा कार्य कराने के बाद धन का बंदर बाट कर लिया गया है। 22 लाख से मटिहरा, नदौली पटेहरा, बेलाही और गौरवा में 10 लाख के बजट से खेल का मैदान बनवाया गया है।

# शव को सड़क पर रखकर किन्नरों ने किया चक्का जाम

**मुंगराबादशाहपुर जौनपुर।** सोमवार की सुबह दुर्घटना में हुई किन्नर के शव को थाने के सामने सड़क पर रखकर किन्नरों ने चक्का जाम कर दिया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। किन्नरों का उग्र रूप देखकर पुलिस के हाथ-पांव फूल गए। शनिवार की शाम को थाना क्षेत्र के सरायरूस्तम गांव निवासी अंजली किन्नर (30) आर्टिका गाड़ी से ड्राइवर कोदहूं निवासी अंबुज मौर्या के साथ प्रयागराज गई थी रविवार की सुबह लौटते समय पांडेयपुर गांव के पास आर्टिका गाड़ी खाई में चली गई।हादसे में किन्नर अंजली की मौत हो गई जबकि ड्राइवर अंबुज को गम्भीर हालत में वाराणसी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।मौत को लेकर रविवार की शाम हत्या करने का मुकदमा दर्ज किए जाने हेतु किन्नरों ने मुंगराबादशाहपुर थाना मे जमकर हंगामा किया था। सोमवार की सुबह पोस्टमार्टम के बाद अंजली का शव घर पहुंचते ही किन्नरों में आक्रोश फैल गया और शव को लेकर थाने पहुंच गए और शव को सड़क पर रखकर किन्नरों ने चक्का जाम कर दिया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। किन्नरों के आक्रोश को देखकर पुलिस के पसीने छूट गए।किन्नरों के चक्का जाम के कारण के दोनों ओर वाहनों की लम्बी कतारें लग गई। किन्नरों को समझाने के लिए पुलिस प्रशासन को पसीने बहाने पड़े। किन्नरों की बढ़ती संख्या एवं विरोध को देखते हुए पुलिस की सांस अटक गई । किन्नरों का आरोप है कि गाड़ी के ड्राइवर व उसके चार पांच साथियों द्वारा किन्नर अंजली का गैंग रेप किया गया फिर हत्या कर दी गई है।इस बाबत थानाध्यक्ष विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि तहरीर के आधार पर चालक अंबुज मौर्या व उसके पांच अज्ञात साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। आरोपी ड्राइवर अंबुज मौर्या को वाराणसी के अस्पताल में पुलिस ने अपनी कस्टडी में ले लिया है।




**अदालती सूचना**

फार्म नं0–158
साइटेशन आर्डनेरी फार्म
चैप्टर 18 रूल 486
न्यायालय जिला न्यायाधीश कानपुर नगर।
प्रकीर्ण वाद सं०–319 सन् 2025
1–हर्ष उम्र 10 वर्ष अवयस्क दत्तक पुत्र सावित्री सिंह पुत्री स्वर्गीय बाबू सिंह निवासी पहाड़पुर पोस्ट कसिगयाँ तहसील व जनपद कानपुर नगर द्वारा संरक्षिका श्रीमती आशू सिंह उम्र लगभग 37 वर्ष पत्नी श्री अमित सिंह निवासिनी पहाड़पुर पोस्ट कसिगयाँ तहसील व जिला–कानपुर नगर 2. श्रीमती आशू सिंह उम्र लगभग 37 वर्ष पत्नी श्री अमित सिंह निवातनी पहाड़पुर पोस्ट कसिगयों तहसील व जिला–कानपुर नगर 1026
.....प्रार्थीगण / याचीगण
बनाम– 1. ज्ञानेन्द सिंह उम्र लगभग 29 वर्ष पुत्र लल्लन सिंह मूल निवासी ग्रान कंसपुर गुगौली पोस्ट बिन्दकी जनपद–फतेहपुर व वर्तमान निवासी डूडा कालोनी पहाड़पुर पोस्ट कसिगवां कानपुर नगर 2.उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा श्रीमान जिलाधिकारी कानपुर नगर
.....विपक्षीगण / उत्तरदातागण
जन सामान्य को सूचना –सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त न्यायालय में हर्ष उम्र 10 वर्ष अवयस्क दत्तक पुत्र स्वर्गीय सावित्री सिंह पुत्री स्वर्गीय बाबू सिंह जो कि सम्भागीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण प्रशिक्षण केन्द्र इन्द्रा नगर लखनऊ उ० प्र० में पी० एच० एन० के पद पर कार्यरत थी तथा वर्ष 2012 में उक्त पद से सेवा निवृतत हो गयी थी। सावित्री सिंह पुत्री स्वर्गीय बाबू सिंह की पेंशन पंजाब नेशनल बैंक स्थित ठाकुरगंज लखनऊ खाता संख्या–1153000102058798 IFSC Code-PUNB0115300 MICR CODE-226024024 में रू0 52,451 / प्रतिमाह आ रही थी। उपरोक्त पेंशन को प्राप्त करने का एकमात्र विधिक वारिस अवयस्क / प्रार्थी सं0–1 हर्ष है। चूँकि दत्तक माँ सावित्री सिंह का स्वर्गवास दिनांक 10.10.2024 को हो गया है। इसलिए प्रार्थिनी सं0–2 श्रीमती आशू सिंह पत्नी अमित सिंह निवासिनी पहाड़पुर पोस्ट करबिगवा कानपुर नगर द्वारा प्रार्थी सं0–1 हर्ष पुत्र स्व० सावित्री सिंह का संरक्षक नियुक्त किये जाने हेतु याचिका अन्तर्गत धारा 8 व 29 गार्जियन एण्ड वाईस एक्ट 1890 के अन्तर्गत दाखिल किया है। आपको सूचित किया जाता है कि न्यायालय द्वारा नियत दिनांक 13–5–25 को उपरोक्त न्यायालय में अपनी आपत्तियाँ आदि कोई हो तो प्रस्तुत करे। यदि हाजिर नही होते है तो वाद की कार्यवाही आपकी अनुपस्थिति में की जायेगी। आज दिनांक 21 / 04 / 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, सदर मुंसरिम जनपद न्यायालय कानपुर नगर

सी.आर.–136/K-CN

# असंतुलित बाइक सवार गिरकर घायल

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सोठिया कला अदवा नदी पर सोमवार को दो बजे दिन थाना क्षेत्र के कोटार गाँव निवासी एक युवक बाइक से सोठिया गाँव की तरफ किसी कार्य से जा रहे थे कि रास्ते में असंतुलित हो कर सडक पर गिर कर घायल हो गये। ग्रामीणों की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहाँ चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया। हलिया थाना क्षेत्र के कोटार गाँव निवासी 28 वर्षीय आलोक सिंह किसी कार्य से सोठिया गाँव की तरफ जा रहे थे कि सोठिया कला अदवा नदी के पास रास्ते में असंतुलित हो कर बाइक से सडक पर गिर कर गम्भीर रूप से घायल हो गये। मौके पर पहुचे कोटार गाँव निवासी वीरेंद्र सिंह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद पैर में गम्भीर चोट देखते हुए मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया है।सूचना मिलने पर मौके पर पहुँचे ग्राम प्रधान कोटार विनोद सिंह व अंकित सिंह व सोठिया कला गांव निवासी सोनल सिंह ने सरस्वती हॉस्पिटल में लाकर एक्सरे कराया पैर फैक्चर हो गया है।

# दस हजार से अधिक भक्तों ने किया मां शीतला के दर्शन

**मीरजापुर।** हलिया विकास खंड के सुप्रसिद्ध स्थल गड़बड़ा धाम में सोमवार को वैशाख कृष्ण पक्ष अष्टमी के पर्व पर लगभग दस हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने मां शीतला का दर्शन-पूजन किए। गड़बड़ा धाम मेला क्षेत्र की गलियां श्रद्धालुओं से पटी रहीं। जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा। सेवटी नदी घाटों पर स्नान के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। गड़बड़ा धाम क्षेत्र में सेवटी नदी में पुण्य की डुबकी लगाने के बाद श्रद्धालु माला फूल नारियल चुनरी प्रसाद लेकर मंदिर की तरफ जाने वाली कतार में खड़े हो गए। मां के जय-जयकार से देवी धाम की सभी गलियां गुंजायमान रहीं। भोर में मां की भव्य मंगला आरती के पूर्व से ही धाम की गलियों में नर, नारी और बच्चों की लंबी लाइन लग गई थीं। मंदिर पहुंचने के बाद श्रद्धालु मां के दिव्य स्वरूप की झलक पाने के लिए उत्साहित नजर आए। देवी धाम पहुंचने के बाद श्रद्धालुओं ने मां के भव्य स्वरूप के दर्शन किए। घर परिवार में सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। देवी धाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन की लापरवाही दिखी। मंदिर पुजारी रामाश्रय मिश्रा व मंगलधारी मिश्रा ने बताया कि भोर मंगला आरती की पश्चात से ही मंदिर का पट खोल दिया गया था तब से अनवरत श्रद्धालुओं का ताता मंदिर परिसर में लगा रहा।

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

# सरकारी लाभ पाने के लिए टीकाकरण कार्ड सर्टिफिकेट होगा आवश्यक : जिलाधिकारी

**स्वतंत्र भारत मऊ।** जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र ने समस्त जनपद वासियों से अपील किया है कि आपके बच्चे शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ्य रहे इसके लिए यह जरूरी है कि उनको समय समय पर 0 से 5 वर्ष के बीच लगने वाले सभी टीके समय से लगे। भारत सरकार द्वारा संचालित नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के तहत 12 अतिगंभीर और जानलेवा बीमारियों से बचाव के लिए 11 प्रकार के टीके लगाये जाते हैं। ये टीके पुरे जनपद में स्वास्थ्य विभाग द्वारा बुधवार और शनिवार को अलग.अलग क्षेत्रो में एक कार्ययोजना के तहत लगाया जाता हैं। शहरी क्षेत्र मऊ में जिला महिला चिकित्सालय में प्रतिदिन टीकाकरण किया जाता हैं। इसी प्रकार से जिला चिकित्सालय पुरूष, अर्बन पी0एच0सी0 डोमनपुरा हनुमान नगर भरहु का पुरा भदेसरा और छोटी महरनिया में भी मंगलवार से रविवार तक प्रतिदिन सोमवार को छोड़ कर लगाया जाता हैं। एक बच्चे को 5 साल की उम्र तक सात बार (जन्म के समय 1.5 माह पर, 2.5 माह पर, 3.5 माह पर, 9-12 माह पर, 16 से 24 माह पर और आखिरी बार पांचवे साल पर) टीकाकरण कराने हेतु स्वास्थ्य केन्द्र या ए.एन.एम. बहन जी के पास जाना पड़ता हैं। ये टीके पूरी तरह सुरक्षित और असरदार हैं। ये सभी टीके पूर्ण रूप से निशुल्क लगाये जाते हैं। मऊ जनपद में कुछ परिवारों में विभिन्न भ्रांतियो के कारण अपने बच्चो का टीकाकरण नही कराया जा रहा है जो काफी खेद का विषय है। टीकाकरण के कारण ही पूरा भारत पोलियो और टिटनेस जैसी खतरनाक बीमारी से आज मुक्त है। पिछले कुछ महीनों से जनपद में खसरा और डिप्थीरिया (गला घोटू) के मरीज मिल रहे है और कुछ बच्चो की इसके कारण आकाल मृत्यु भी हो चुकी हैं। अधिकतर डिप्थीरिया;गला घोटूद्ध से मरने वाले अथवा संक्रमित होने वाले बच्चे 5 साल से 10 साल की उम्र के बीच के है जिनका बचपन में या तो टीकाकरण हुआ ही नही था या आधा अधुरा हुआ था। इन बीमारियों से बचाव हेतु टीकाकरण ही एक मात्र उपाय हैं। इसलिए यह जरुरी है की सभी बच्चो का पूरा टीकाकरण कराया जाये । भविष्य में बच्चो की पढाई और नौकरी पाने में या अन्य सरकारी लाभ पाने के लिए उसका टीकाकरण कार्ड/ सर्टिफिकेट उसके पास होना आवश्यक होगा। इसलिए सभी जनपदवाशियों से अपील है कि अपने बच्चो के उज्जवल भविष्य को ध्यान में रखते हुये अपनी जिम्मेदारी निभाते हुये उनका सम्पूर्ण टीकाकरण करवाये।

# उसिया यूनियन बैंक की सेवाएं तीन दिन से बाधित, लेनदेन ठप




**स्वतंत्र भारत।** दिलदारनगर क्षेत्र स्थित उसिया महना मोड़ पर यूनियन बैंक की सेवाएं तीन दिनों से बाधित हैं। यूपीएस खराब होने के कारण बैंक में कोई भी लेनदेन नहीं हो पा रहा है। शनिवार शाम को यूपीएस खराब हुआ। रविवार को अवकाश था। सोमवार को भी मैकेनिक नहीं पहुंचा। शाखा प्रबंधक सुनील कुमार ने बताया कि उच्च अधिकारियों को समस्या से अवगत करा दिया गया है। यूपीएस की मरम्मत होते ही बैंकिंग सेवाएं शुरू कर दी जाएंगी। खाताधारक पिछले तीन दिनों से बैंक के चक्कर काट रहे हैं। बैंककर्मी ग्राहकों का कोई भी काम करने में असमर्थ हैं। इस गर्मी में पेयजल की समस्या ने ग्राहकों की परेशानी और बढ़ा दी है। बैंक परिसर में मौजूद हैंडपंप से दूषित पानी निकलता है। ग्राहकों को बाहर की दुकानों से महंगे दामों पर पानी की बोतलें खरीदनी पड़ रही हैं।

# थाना प्रभारी ने दो गुम हुए मोबाइल मालिकों को सौंपे

**स्वतंत्र भारत मधुबन।** मधुबन थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार त्रिपाठी ने 2 गुम हुए मोबाइल को जब्त कर उनके असली मालिकों को सोमवार को सौंप दिया है। इससे मोबाइल धारक के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। मोबाइल पाकर धारकों ने पुलिस को धन्यवाद दिया। मोबाइल पाकर धारकों के चेहरों पर मुस्कान लौट आई। पुलिस के अनुसार बरामद किए गए दोनों मोबाइलों की कुल कीमत करीब 20000 रूपये है। मोबाइल पाने के बाद धारकों ने बताया कि वे मोबाइल मिलने की आस छोड़ चुके थे। लेकिन पुलिस की मदद से उन्हें दोबारा उनका मोबाइल मिला है। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि अपराध की रोकथाम के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। आए दिन मोबाइल फोन गुम होने, छिनतई व मोबाइल चोरी की घटनाएं सामने आती है।

स्वतंत्र भारत वर्गीकृत

**सूचना**

I, ANUJ Narayan K s/o Satya Narayan R/0 43, Shahqamar Etawah have changed my name to Anuj Narayan s/o Satya Narayan vide Affidavit sworn before notary as mentioned in my Aadhar card No. 598418326920(28)

सी.आर.–136/K-28

स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं 78, कैनाल रोड, कैन्ट, कानपुर से प्रकाशित।
सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**
फोन : 0512-2332212
0512-2330533
E-mail : swatantrabharat77@gmail.com
**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर होगा।**

# रहस्यमयी है पोप की नियुक्ति प्रक्रिया



12 वर्षों तक दुनिया के 1.4 अरब रोमन कैथोलिकों के आध्यात्मिक नेता रहे पोप फ्रांसिस का 88 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनके निधन से रोमन कैथोलिक चर्च में नए पोप की नियुक्ति की परंपरागत और रहस्यमयी प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इस प्रक्रिया को कॉन्क्लेव कहा जाता है। पोप कैथोलिक चर्च के सर्वोच्च प्रमुख माने जाते हैं। उन्हें संत पीटर का उत्तराधिकारी माना जाता है, जो मसीह के शिष्यों में प्रमुख थे। इस कारण से पोप को चर्च के सिद्धांतों और आस्थाओं पर पूर्ण अधिकार प्राप्त होता है।पोप चुनने की प्रक्रिया भी दिलचस्प होती है। पोप के निधन के बाद कॉलेज ऑफ कॉर्डिनल्स नए पोप के चुनाव की प्रक्रिया को शुरू करता है। कॉलेज ऑफ कॉर्डिनल्स में 252 वरिष्ठ कैथोलिक अधिकारी होते हैं, इनमें से केवल 138 कॉर्डिनल 80 वर्ष से कम उम्र के हैं, जो मतदान करने के योग्य होते हैं। बाकी सदस्य बहस में शामिल हो सकते हैं।

**सफेद धुएं के बाद होता है नाम का ऐलान**

वोटिंग वेटिकन की सिस्टीन चैपल में होती है, जहां माइकल एंजेलो की प्रसिद्ध पेंटिंग्स हैं। जब तक नया पोप नहीं चुन लिया जाता, तब तक चर्च का संचालन कार्डिनल्स करते हैं। सिस्टीन चैपल से जब काले धुएं के बजाय सफेद धुआं उठता है, तब दुनिया को संकेत मिलता है कि नया पोप चुन लिया गया है। सफेद धुएं के बाद एक वरिष्ठ कॉर्डिनल बालकनी पर आकर 'हबेमुस पापम' की घोषणा करते हैं, इसका अर्थ है- हमें एक पोप मिल गया है। इसके बाद नए पोप अपने चुने हुए नाम के साथ लोगों के सामने आते हैं।

### कौन होगा अगला पोप?

हालांकि, सिद्धांत के अनुसार कोई भी बपतिस्मा (बैप्टिज्म) हासिल कर चुका रोमन कैथोलिक पुरुष पोप बन सकता है, लेकिन अब तक परंपरा यही रही है कि कॉर्डिनल्स में से ही किसी को चुना जाता है। 2013 में चुने गए पोप फ्रांसिस पहले दक्षिण अमेरिकी पोप थे लेकिन 266 पोपों में से अब तक 217 इटली से रहे हैं, जिससे यह संकेत मिलता है कि अगला पोप भी यूरोपीय, और संभवतः इटली से हो सकता है।

### बेहद सादगी भरा था पोप का जीवन

पोप ने अपना जीवन बेहद सादगी से जिया था। इस कारण ही वो सुर्खियों में आए थे। ये उनके पोपत्व के अनुरूप था। बता दें कि उनके पोपत्व का सबसे सनसनीखेज पहलू यह था कि उन्होंने वेतन लेने से इंकार कर दिया, जिसे लेने का वे हकदार थे। पोप को मासिक भत्ता लगभग 32,000 डॉलर प्रति माह दिया जाता है। मगर पोप फ्रांसिस जैसे ही पद के लिए निर्वाचित हुए थे उन्होंने इस राशि को लेने से इंकार कर दिया था। वेटिकन के सूत्रों ने मीडिया को बताया कि ये राशि हो सकता है कि अलग अलग धर्मार्थ संस्थाओं को भेजी गई होगी। अगर ऐसा नहीं हुआ होगा तो इस राशि को भविष्य में उपयोग करने के लिए ट्रस्ट में रखा गया होगा या चर्च में उपयोग के लिए दिया गया होगा। पोप फ्रांसिस ने जिस समय वेतन लेने से इंकार किया था उस समय उनकी कुल संपत्ति लगभग 16 मिलियन डॉलर थी। ये राशि अधिकतर पोप की भूमिक से जुड़ी थी। उनके पास पांच आधिकारिक कारें थी, जो पोप को वेटिकन द्वारा दी गई थी। उन्हें रहने का स्थान भी दिया गया था व कुछ निश्चित लाभ भी उन्हें पद के साथ मिले थे। उन्होंने कोई व्यक्तिगत संपत्ति अर्जित नहीं की थी। वर्ष 2001 में वेटिकन ने पुष्टि की थी कि कार्डिनल रहने के दौरान भी पोप फ्रांसिस ने चर्च से धन प्राप्त नहीं किया था। इस फैसले से जीवन के प्रति सादगी को लेकर उनका दृष्टिकोण जाहिर होता था। उनके कार्यकाल के दौरान वेटिकन की वित्तीय स्थिति में भी सुधार देखने को मिला था। पादरी वर्ग के दुर्व्यवहार से निपटा गया था। अंतर-धार्मिक संवाद को बढ़ावा देने के प्रयास भी उनके कार्यकाल में हुए थे।

**इस समय जो नाम लिए जा रहे हैं उनमें प्रमुख ये हैं**

कार्डिनल पिएत्रो पारोलिन, इटली : 70 वर्षीय इतालवी कार्डिनल पिएत्रो पारोलिन पोप फ्रांसिस के विदेश मंत्री हैं और वर्तमान में उनके उत्तराधिकारी बनने के लिए सबसे मजबूत दावेदार हैं। उन्हें 10 साल पहले अमेरिका-क्यूबा के बीच संबंधों में आई दरार और 2018 के वेटिकन-चीन समझौते में मध्यस्थता के लिए जाना जाता है। कार्डिनल लुइस एंटोनियो टैगले, फिलीपींस : 67 वर्षीय फिलिपिनो कार्डिनल लुइस एंटोनियो टैगले लंबे समय से वेटिकन पर नज़र रखने वालों एक प्रमुख पापबिली रहे हैं। अमेरिकी कैथोलिक ने कहा कि वह मीडिया-प्रेमी, करिश्माई और खुशमिजाज़ हैं।

**कैसे होता है पोप का अंतिम संस्कार**

पोप फ्रांसिस अब हमारे बीच नहीं रहे. उनका निधन 21 अप्रैल, 2025 को 88 वर्ष की आयु में हुआ. उन्होंने वेटिकन के कासा सांता मार्टा में अपने निवास पर अंतिम सांस ली. अब यह जानने योग्य तथ्य है कि पोप का अंतिम संस्कार कैसे होता है। पोप के निधन के पश्चात उनके शव को लंबे समय तक खुले में रखने की परंपरा समाप्त हो गई है. नए नियमों के अनुसार, मृत्यु के तुरंत बाद उनके शरीर को ताबूत में रखना आवश्यक है. पहले तीन ताबूतों का उपयोग किया जाता था, लेकिन अब इस प्रथा को समाप्त कर दिया गया है. पोप के शव को ताबूत में रखने के बाद ही आम जनता को दर्शन की अनुमति दी जाएगी। पोप के निधन पर 9 दिनों का शोक मनाया जाएगा।

**इस कब्र में दफनाने की प्रक्रिया होगी पूरी**

पोप के निधन के बाद उन्हें आमतौर पर सेंट पीटर के कब्र में दफनाया जाता रहा है, लेकिन पोप फ्रांसिस ने अपने जीवनकाल में इस परंपरा को बदलने का निर्णय लिया था. अब पोप का अंतिम संस्कार किसी भी कब्र में किया जा सकता है। न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, मैक्सिकन प्रसारक ने बताया है कि पोप फ्रांसिस अपने अंतिम संस्कार को रोम के सांता मारिया मैगीगोर बेसिलिका कब्र में कराना चाहते हैं. यह संभावना जताई जा रही है कि उनके अंतिम संस्कार के समय उनकी इस इच्छा का सम्मान किया जाएगा। दफन के समय कब्र में सिक्के रखे जाते हैं, हालांकि यह अनिवार्य नहीं है. दफन के समय एक 1000 शब्दों का दस्तावेज तैयार किया जाता है, जिसमें उनके कार्यकाल का विवरण होता है. यह प्रक्रिया इतिहास को संरक्षित करने के उद्देश्य से की जाती है।

**पोप फ्रांसिस की अंतिम विदाई भी रहेगी अलग**

पोप फ्रांसिस ने जीवनकाल में ही परंपराओं को सरल करने की कोशिश की थी, और अब उनकी अंतिम संस्कार भी उसी दिशा में होगी। वे वेटिकन में नहीं, बल्कि रोम के सैंटा मरिया मैगीओरे बेसिलिका में दफन किए जाएंगे। तीन परंपरागत ताबूतों की बजाय वे जिंक की परत वाली एक साधारण लकड़ी के ताबूत में के साथ दफन होंगे। उनका पार्थिव शरीर सार्वजनिक दर्शन के लिए काटाफलक पर नहीं रखा जाएगा, बल्कि ताबूत में ही श्रद्धांजलि दी जाएगी।

**जब पोप के छूने से बच्चे की कैंसर रिपोर्ट आई निगेटिव**

पोप फ्रांसिस के निधन के बाद एक पुरानी घटना सुर्खियों में है, जिसे कई लोग ईश्वर का चमत्कार मानते हैं। 10 वर्षीय बच्चे की मां ने दावा किया कि डॉक्टर मेरे बेटे को ब्रेन ट्यूमर या मल्टीपल स्क्लेरोसिस जैसी गंभीर बीमारी से ग्रसित मान रहे थे, पोप फ्रांसिस के आशीर्वाद से उसकी कैंसर रिपोर्ट नेगेटिव आई। घटना अक्टूबर 2021 की है। सीबीएस न्यूज में छपी रिपोर्ट के अनुसार, इटली के 10 वर्षीय बालक पाओलो बोनाविटा ऑटिज़्म और मिर्गी से जूझ रहा था। वह अपनी मां के साथ वेटिकन में पोप फ्रांसिस से मिलने पहुंचा। आमतौर पर चलने में असमर्थ पाओलो ने उस दिन बिना किसी सहारे के मंच की सीढ़ियां चढ़ीं। इस घटना ने उसकी मां एल्सा मोरा को पूरी तरह से चौंका दिया। पाओलो को पोप की सफेद टोपी भा गई थी। पोप न केवल उससे मिले, बल्कि उसे अपने बगल में बैठाया और अपने सिर की टोपी तक उसे दे दी। पाओलो की मां ने बताया कि पोप ने उनका हाथ पकड़कर कहा, तुम्हारे लिए असंभव जैसा कुछ नहीं।

**ब्यूनस आयर्स में हुआ था पोप फ्रांसिस का जन्म**

वेटिकन। पोप फ्रांसिस का जन्म 17 दिसंबर 1936 में अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में हुआ था। उनका नाम जोर्गे मारियो बर्गोलियो था। पोप की उपाधि पाने वाले पोप फ्रांसिस पहले जेसुइट थे। धर्म की राह पर आने से पहले जोर्गे मारियो बर्गोलियो ने बतौर केमिकल टेक्निशियन अपने करियर का शुरुआत की और फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री में लंबे समय तक काम किया। इसी दौरान उनका धर्म की तरफ झुकाव बढ़ा और वे चर्च से जुड़ गए। जब पोप 21 साल के थे, तो वे न्यूमोनिया से पीड़ित हो गए, इसके चलते उनके फेफड़े का एक हिस्सा भी निकालना पड़ा। साल 1958 में वे ईसाई धर्म की एक परंपरा जेसुइट से जुड़ गए और धार्मिक शिक्षा देना शुरू कर दिया। साल 1969 में वे पादरी बने।

**वेटिकन के प्रशासन में पारदर्शिता लाए**

पोप फ्रांसिस 1992 में वे ब्यूनस आयर्स में ऑक्सीलरी बिशप नियुक्त हुए। साल 1998 में वे आर्कबिशप बने और साल 2001 में कार्डिनल की उपाधि से नवाजे गए। साल 2013 में जब बेनेडिक्ट 16वें पोप पद से हटे तो पोप फ्रांसिस को उनकी जगह पोप बनाया गया। साल 2013 में जब पोप फ्रांसिस ईसाईयों के सबसे बड़े धर्मगुरु बने तो उन्होंने अपने कार्यकाल में वेटिकन की नौकरशाही में बड़े बदलाव किए और उसे पुनर्गठित किया। साथ ही वेटिकन के प्रशासन में पार्दर्शिता लेकर आए। पोप फ्रांसिस ने बतौर पोप चार बड़े धार्मिक दस्तावेज लिखे, 65 देशों का दौरा किया और 900 से ज्यादा संत बनाए। पोप फ्रांसिस ने वेटिकन में महिलाओं की अहम पदों पर नियुक्ति की। पोप फ्रांसिस ने आध्यात्मिक नवीनीकरण और गरीबों के कल्याण पर जोर दिया। उन्होंने चर्च की नीति में मदद के लिए आठ कार्डिनल्स की एक परिषद बनाने का अभूतपूर्व कदम उठाया।

**एक दिन पहले ही ईस्टर पर लोगों से की थी मुलाकात**

पोप फ्रांसिस ने अपने निधन से एक दिन पहले ही ईस्टर के मौके पर वेटिकन में श्रद्धालुओं से मुलाकात की थी। अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद पहली बार पोप फ्रांसिस लोगों से मिले थे। इस दौरान पोप फ्रांसिस ने लोगों को ईस्टर की शुभकामनाएं भी दी थीं। पोप फ्रांसिस ने ईस्टर के मौके पर अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से भी मुलाकात की थी।

### पोप ने की थी भारतीय संत श्री नारायण गुरु की प्रशंसा

दुनिया के सबसे बड़े ईसाई धर्मगुरु अपनी दयालु स्वभाव और मानव सेवा के लिए जाने जाते रहे हैं। उन्होंने पिछले साल के आखिर में यानी दिसंबर 2024 में एक भारतीय संत की भी जमकर तारीफ की थी। उस संत का नाम है श्री नारायण गुरु। पोप फ्रांसिस ने तब कहा था कि संत नारायण गुरु का सार्वभौमिक मानव एकता का संदेश आज बहुत प्रासंगिक है क्योंकि दुनिया में हर तरफ और हर जगह नफरत बढ़ रही है। पोप ने ये बातें तब कहीं थीं, जब केरल के एर्नाकुलम जिले के अलुवा में श्री नारायण गुरु के सर्व-धर्म सम्मेलन के शताब्दी समारोह के मौके पर धर्मगुरुओं का भारी जुटान हुआ था। पोप ने तब वेटिकन में भी जुटे धर्मगुरुओं और प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए ये बातें कही थीं।

## अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने पीएम से मुलाकात की, मोदी बच्चों को प्यार से दुलारा



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और अमेरिका की दूसरी महिला उषा वेंस का अपने आधिकारिक निवास पर स्वागत किया है। इस दौरान जेडी वेंस और उषा वेंस के साथ उनके तीनों बच्चे भी प्रधानमंत्री आवास पर पहुंचे थे। जिन्हें भी पीएम मोदी प्यार से दुलारते दिखे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने सबसे पहले अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस का औपचारिक स्वागत किया। बता दें कि, जेडी वेंस सरपरिवार चार दिन के लिए भारत दौरे पर आएं हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका की द्वितीय महिला और जेडी वेंस की पत्नी उषा वेंस का भी अपने आधिकारिक निवास पर स्वागत किया।

### अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस पत्नी-बच्चों संग पहुंचे अक्षरधाम

**नई दिल्ली।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और पत्नी उषा अपने तीन बच्चों के साथ सोमवार को दिल्ली में अक्षरधाम मंदिर गए। सुबह दिल्ली पहुंचे वेंस का हवाई अड्डे पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गर्मजोशी से स्वागत किया। वेंस, उनकी भारतीय मूल की पत्नी उषा चिलुकुरी और उनके बच्चे इवान, विवेक और मीराबेल, तीनों भारतीय परिधान पहने हुए दिखाई दिए। मंदिर के बाहर उन्होंने तस्वीरें भी खिंचवाईं। अमेरिकी उपराष्ट्रपति के साथ भारत की अपनी चार दिवसीय यात्रा पर वरिष्ठ अमेरिकी सरकारी अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल भी है। वेंस की पहली भारत यात्रा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारत सहित लगभग 60 देशों के खिलाफ व्यापक टैरिफ व्यवस्था लागू करने और फिर उसे स्थगित करने के हफ्तों बाद हुई है।

## अमेरिका में राहुल गांधी ने उठाए भारतीय चुनाव प्रक्रिया पर सवाल

**बोस्टन।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी दो दिन के अमेरिका दौरे पर हैं। जैसा सोचा जा रहा था कि राहुल एक बार फिर विदेशी जमीन से देश की मोदी सरकार और देश के आतंरिक मुद्दों पर बोलेंगे, वैसा ही हुआ। उन्होंने बोस्टन में ब्राउन यूनिवर्सिटी के छात्रों के साथ एक सत्र में हिस्सा लिया। यहां उन्होंने पिछले साल हुए महाराष्ट्र चुनाव का मुद्दा उठाया। उन्होंने देश की चुनाव प्रणाली और निर्वाचन का आयोग की मंशा को कटघरे में खड़ा किया। कांग्रेस नेता ने छात्रों से कहा, महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में युवा मतदाताओं की संख्या से ज्यादा मतदान हुआ। यह एक तथ्य है। चुनाव आयोग ने हमें शाम 5.30 बजे तक के मतदान के आंकड़े दिए। शाम 5.30 से 7.30 बजे के बीच जब वोटिंग बंद हो जानी चाहिए थी, 65 लाख मतदाताओं ने मतदान किया। अब ऐसा होना संभव नहीं है। दरअसल, एक मतदाता को अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने में लगभग 3 मिनट लगते हैं। अगर आप हिसाब लगाएंगे तो इसका मतलब यह होगा कि रात 2 बजे तक मतदाताओं की कतारें लगी रहीं। वे पूरी रात मतदान करते रहे, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। राहुल ने कहा कि चुनाव आयोग से हमने वीडियो मांगे, क्योंकि आयोग वीडियोग्राफी कराता है। हमारे मांगने के बाद उन्होंने सिर्फ हमारी अपील खारिज ही नहीं की बल्कि नियमों को ही बदल दिया। ऐसे में साफ पता चलता है कि चुनाव आयोग में सबकुछ ठीक है। कामकाज में समझौता किया जा रहा है। हमने सार्वजनिक मंचों से कई बार महाराष्ट्र चुनाव को लेकर सवाल उठाए हैं।

## कनाडा में खालिस्तानियों ने फिर मंदिर में की तोड़फोड़

**ब्रिटिश कोलंबिया (कनाडा)।** कनाडाई पत्रकार डेनियल बोर्डमैन ने दावा किया है कि खालिस्तानियों ने तीसरी बार हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ की है। उन्होंने बताया कि ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में एक मंदिर में रविवार रात को तीसरी बार तोड़फोड़ की गई। सोमवार को एक्स पर एक पोस्ट में बोर्डमैन ने मंदिर के बाहर से एक वीडियो साझा किया, जिसमें घटना का विवरण दिया गया है। उन्होंने दावा किया कि दो संदिग्ध लोगों ने मंदिर की दीवारों पर आपत्तिजनक तस्वीरें बनाईं। घटना सुबह 3 बजे के आसपास की है। उन्होंने एक सुरक्षा कैमरा भी चुरा लिया। बोर्डमैन ने अपनी पोस्ट में लिखा, मैं सरे में लक्ष्मी मंदिर गया था, जहां कल रात खालिस्तानियों ने तोड़फोड़ की थी।

## ट्रंप से डील की तो अंजाम बुरा होगा : चीन

**टैरिफ वार के बीच ड्रैगन की बाकी देशों को खुली धमकी**

**बीजिंग।** अमेरिका और चीन के बीच चल रहे टैरिफ वॉर ने नया मोड़ ले लिया है। चीन ने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि कोई भी देश अगर अमेरिका के साथ ऐसा व्यापार समझौता करता है, जो चीन के हितों के खिलाफ हो, तो वह उसे कभी स्वीकार नहीं करेगा और कड़े जवाबी कदम उठाएगा। चीन की यह चेतावनी ऐसे समय में आई है जब खबरें हैं कि ट्रंप प्रशासन कई देशों पर दबाव बना रहा है कि अगर वे अमेरिका से टैरिफ छूट चाहते हैं तो उन्हें चीन के साथ व्यापार सीमित करना होगा।



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया भर पर 10 प्रतिशत तक का समान टैरिफ लगाया है, लेकिन चीन के लिए यह दर 245 प्रतिशत तक जा पहुंची है। जवाब में बीजिंग ने भी अमेरिका से आने वाले उत्पादों पर 125 प्रतिशत तक शुल्क लगा दिया है। अमेरिका की यह नीति अब वैश्विक व्यापार को संकट में डाल रही है और मंदी की आशंका भी गहराई है। इसी के बीच चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने सोमवार को बयान जारी कर कहा, कोई भी देश अगर चीन के हितों की अनदेखी कर अमेरिका से बड़ा सौदा करता है, तो ऐसा रवैया अंततः दोनों पक्षों को नुकसान ही पहुंचाएगा। बीजिंग ने अमेरिका पर सभी व्यापारिक साझेदारों पर टैरिफ थोपने और प्रतिशोधी शुल्क की बातचीत के नाम पर उन्हें धमकाने का आरोप लगाया। मंत्रालय ने दो टूक कहा कि चीन अपने अधिकारों की रक्षा करने में सक्षम है और इस लड़ाई को अंत तक लड़ेगा।

### ट्रंप ने भी दुनियाभर के देशों को दी चेतावनी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अब नया बम फोड़ा है। उन्होंने एक आठ सूत्रीय गैर टैरिफ धोखाधड़ी की सूची जारी की है। इस सूची में ट्रंप ने दुनियाभर के देशों को चेतावनी दी है कि अगर उन्होंने कोई गैर टैरिफ धोखाधड़ी लागू की तो उनके अमेरिका के साथ संबंध खराब हो सकते हैं। ट्रंप की ताजा धमकी से कई देशों की परेशानी बढ़ सकती है और व्यापार युद्ध का जो खतरा दुनिया पर मंडरा रहा है, उसकी आशंका और मजबूत हो गई है। ट्रंप की आठ सूत्रीय गैर टैरिफ धोखाधड़ी की सूची में मुद्रा अवमूल्यन शामिल है। ट्रंप ने आरोप लगाया कि कुछ देश जानबूझकर अपनी मुद्रा का अवमूल्यन करते हैं ताकि उनके निर्यात अमेरिका में प्रतिस्पर्धी बने रहें और अमेरिका के उत्पाद उनके बाजार में महंगे हो जाएं। अन्य गैर टैरिफ धोखाधड़ी में ट्रंप ने वैट का जिक्र किया है और कहा कि किस तरह से कुछ देश आयात पर वैट लगाते हैं और निर्यात पर उसे वापस कर देते हैं। ट्रंप ने कम कीमत पर दूसरे देशों में सामान डंप करने की भी आलोचना की। साथ ही निर्यात पर सरकारों द्वारा दी जाने वाली सब्सिडी और अन्य सरकारी सब्सिडी को भी गलत बताया।

## ऑन-स्क्रीन दुश्मन, ऑफ-स्क्रीन ज़बर्दस्त यार!



'जागृति - एक नई सुबह' में जहां कालीकांत (आर्य बब्बर) और आकाश (सागर पारेख) का रिश्ता बाप-बेटे के तनाव और टकराव से भरा हुआ है, वहीं कैमरे के पीछे दोनों की बॉन्डिंग कुछ और ही कहती है। सेट पर ये जोड़ी हंसी-मजाक, मज़ेदार मस्ती और बेफिक्र पलों से दिन को खुशनुमा बना देती है।

सागर और आर्य के बीच कैमरे के पीछे गहरी दोस्ती हो गई है, जिसमें लगातार मस्ती, अचानक शुरू होने वाले धमाल और ऐसे पल शामिल हैं जो सेट पर काम को मज़ेदार बना देते हैं। जहां उनके किरदार स्क्रीन पर एक-दूसरे से टकराते रहते हैं, वहीं पर्दे के पीछे उनकी दोस्ती हंसी और मज़ेदार लम्हों से जुड़ी है। यही आपसी समझ शूटिंग के लंबे घंटों को भी अच्छा बना देती है। सागर ने अपने सोशल मीडिया पर इस रिश्ते को बिल्कुल सहज और ज़िंदादिल बताया। वो कहते हैं कि उन्हें अक्सर आर्य की जोश भरी एनर्जी से खुद भी उत्साह मिल जाता है। फिर अचानक होते हैं डांस ब्रेक्स और चुटीले हंसी-मज़ाक, जो पूरे सेट का माहौल खुशनुमा बना देते हैं।

छोटा पर्दा

सागर पारेख ने कहा, ''ऑनस्क्रीन आर्य सर और मैं बाप-बेटे के रूप में हमेशा एक-दूसरे से भिड़ते रहते हैं, लेकिन कैमरे के पीछे की कहानी बिल्कुल अलग है। उनके साथ काम करना हमेशा खुशी की बात होती है - उनकी एनर्जी कमाल की है और जब वो सेट पर होते हैं तो कभी भी माहौल बोरिंग नहीं होता। कभी अचानक कोई मज़ाक, तो कभी बिना प्लान के डांस मूव्स ... वो सेट पर एक अलग ही रौनक ले आते हैं। हम दोनों एक-दूसरे की टांग खींचते रहते हैं, टेक्स के बीच हंसते हैं और ऐसे मज़ेदार पलों में काम भी खेल जैसा लगने लगता है। बहुत कम लोग होते हैं जो गंभीर सीन से सीधा मस्ती में उतर जाएं, और आर्य सर ये बखूबी कर लेते हैं।'' मालूम हो कि 'जागृति - एक नई सुबह' शो रोज रात साढ़े आठ बजे ज़ी टीवी पर प्रसारित है।

## हूतियों पर नए अमेरिकी हमलों में 12 की मौत

**दुबई।** यमन में अमेरिका द्वारा किए जा रहे लगातार हवाई हमलों ने एक बार फिर राजधानी सना को दहला दिया। सोमवार को हूती विद्रोहियों ने दावा किया कि अमेरिकी हवाई हमलों में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई है और 30 से अधिक लोग घायल हुए हैं। यह हमला सना के शूब ज़िले के व्यस्त फरवा बाज़ार को निशाना बनाकर किया गया है। हूती विद्रोहियों ने बताया कि रविवार को भी यमन के कई अन्य इलाकों पर बमबारी की गई थी, लेकिन सबसे बड़ा हमला सना के बाज़ार क्षेत्र में हुआ, जिसे अमेरिका पहले भी निशाना बना चुका है। हालांकि, अमेरिकी सेना की 'सेंट्रल कमांड' ने इन ताजा हमलों पर कोई आधिकारिक बयान नहीं जारी किया है। इससे पहले किए गए हमलों की ज़िम्मेदारी अमेरिका ने ली थी, लेकिन इस बार चुप्पी बनी हुई है।

बाजार दर्पण

AWPL
परिवार का हिस्सा बने और बने निरोग खुद भी जिये औरो को भी जीना सिखायें
सुख और समृद्धि दोनो पायें
आयुर्वेद अपनाये जीवन और पैसा दोनो बचायें
जय किशन यादव

फ्रेंचाइजी विनायक एसोसिएट
पता– 6/2 कटरा माधोकुँज प्रयागराज
मो. 9935657889


उत्सव लॉन्स
गोरखपुर में
शादी-विवाह एवं अन्य शुभ आयोजनो हेतु।
अलहदादपुर, गोरखपुर
फोनः- 0551-2338099
+918400085593

विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर

डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
विराम खण्ड, राम भवन के सामने
गोमती नगर लखनऊ
मोबाइलः 9415016089